kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-04 ❒ शनिवार, 31 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार, एक दर्शन और भारत की आत्मा थे। सत्य, अहिंसा, त्याग और सेवा के जिन मूल्यों पर उन्होंने अपने जीवन का निर्माण किया, वही मूल्य आज भी हमारे राष्ट्र के पथप्रदर्शक हैं।

केशव प्रसाद मौर्य

कुवैत-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग 11

विजेंद्र गुप्ता ने गांधीजी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की 11

### तीसरी बार भाजपा सरकार बनी तो असम से एक-एक घुसपैठिया बाहर जाएगा

# डिब्रूगढ़ बनेगा असम का दूसरा प्रशासनिक केंद्र : शाह

एजेंसी

डिब्रूगढ़ (असम)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अपने असम दौरे के दौरान डिब्रूगढ़ में 1,715 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। ये परियोजनाएं असम सरकार की प्रशासन को विकेंद्रीकृत करने, बाढ़ प्रबंधन को सशक्त बनाने और राज्य के समग्र बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही हैं। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने 284 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले दूसरे विधानसभा परिसर और विधायक हॉस्टल की आधारशिला रखी। इस परियोजना का उद्देश्य डिब्रूगढ़ को असम की दूसरी प्रशासनिक राजधानी के रूप में विकसित करना है, जिससे राजधानी दिसपुर पर प्रशासनिक दबाव कम होगा और ऊपरी असम क्षेत्र में शासन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रस्तावित विधानसभा परिसर में तीन मंजिला विधानसभा भवन, विधायकों के लिए नौ मंजिला हॉस्टल, 800 सीटों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम तथा सुरक्षा कर्मियों के लिए विशेष आवासीय सुविधाएं शामिल होंगी। इसके निर्माण से क्षेत्र में प्रशासनिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है।



**शाह बोले**

- ❒ अमित शाह ने 1,715 करोड़ की योजनाओं का किया शुभारंभ
- ❒ राहुल गांधी ने किया पूर्वोत्तर का अपमान', असमिया गमोछा न पहनने पर कांग्रेस पर बरसे अमित शाह

इसके अलावा अमित शाह ने 238 करोड़ रुपये की लागत से बने मल्टी-डिसिप्लिनरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पहले चरण का उद्घाटन किया और इसके दूसरे चरण की आधारशिला रखी, जिसकी अनुमानित लागत 209 करोड़ रुपये है। परियोजना के पूर्ण होने पर इस खेल परिसर में 30 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता, एक केंद्रीय खेल मैदान और आधुनिक एथलेटिक ट्रैक की सुविधा होगी। पहले चरण में इंडोर स्टेडियम, स्विमिंग पूल, फुटबॉल मैदान, विभिन्न खेल कोर्ट और खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण परियोजना के तहत केंद्रीय गृह मंत्री ने 292 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले वन्यजीव स्वास्थ्य एवं अनुसंधान केंद्र की भी घोषणा की। इस केंद्र का उद्देश्य जंगली जानवरों के इलाज की सुविधाओं को सुदृढ़ करना और वन अधिकारियों, पशु चिकित्सकों तथा शोधकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। इस अत्याधुनिक केंद्र में उन्नत प्रयोगशालाएं, प्रशिक्षण इकाइयां, क्लिनिकल ब्लॉक, संग्रहालय और ऑडिटोरियम की सुविधा

### ईयू-भारत व्यापार समझौता से असम की चाय पहुंचेगी यूरोप: अमित शाह

डिब्रूगढ़ (असम)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित ईयू-भारत मुक्त व्यापार समझौता यह सुनिश्चित करेगा कि असम की चाय बिना किसी टैरिफ के यूरोपीय देशों तक पहुंचे, जिससे राज्य के चाय उद्योग और निर्यात को काफी बढ़ावा मिलेगा। डिब्रूगढ़ के खानिकर परेड ग्राउंड में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने इस समझौते को असम की बागान अर्थव्यवस्था और उसके श्रमिकों के लिए एक बड़ा अवसर बताया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले ही प्रमुख यूरोपीय देशों के साथ बातचीत करने के लिए पेरिस और बर्लिन का दौरा कर चुके हैं और व्यापार संबंधों को मजबूत करने के लिए यूरोपीय ब्लॉक के अन्य देशों के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने जोर

# आरसीएस उड़ान में यूपी बना 'मोस्ट प्रोएक्टिव स्टेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ योगी सरकार की विमानन नीति को मिला राष्ट्रीय सम्मान
- ❒ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हवाई कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक विस्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-उड़ान) के तहत 'मोस्ट प्रोएक्टिव स्टेट' का राष्ट्रीय अवॉर्ड प्रदान किया गया है। यह सम्मान नॉन-प्रायोरिटी एरिया श्रेणी में दिया गया है, जिसमें देश के वे राज्य शामिल हैं, जो न तो पर्वतीय हैं और न ही उत्तर-पूर्व क्षेत्र में आते हैं। इस उपलब्धि ने उत्तर प्रदेश को देश के विमानन मानचित्र पर एक सशक्त और अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया है। योगी सरकार की नीति से बदला प्रदेश



का विमानन परिदृश्य योगी सरकार ने सत्ता में आने के बाद प्रदेश में कनेक्टिविटी को विकास का आधार बनाया। हवाई अड्डों के आधुनिकीकरण, नए रनवे, नाइट लैंडिंग सुविधाएं व क्षेत्रीय उड़ानों को प्रोत्साहन देकर प्रदेश के छोटे शहरों को देश के प्रमुख महानगरों से जोड़ा गया। आरसीएस-उड़ान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने गैर-प्राथमिक राज्यों की श्रेणी में सबसे तेज प्रगति दर्ज की। यात्री यातायात में 2.6 गुना वृद्धि उत्तर प्रदेश

## अजीत पवार की विमान हादसे में हुई मौत की जांच सीआईडी को सौंपी गई

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की विमान हादसे में हुई मौत की जांच शुक्रवार को सीआईडी को सौप दी। यह जानकारी गृह विभाग के सूत्रों ने दी। 28 जनवरी को बारामती में हुए विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी। महाराष्ट्र सरकार ने आज इस मामले की सीआईडी जांच का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद पुणे ग्रामीण पुलिस ने हादसा ग्रस्त स्थल को प्रतिबंधित घोषित कर दिया है और सीआईडी टीम मौके पर पहुंच कर जांच शुरु कर दी है। सीआईडी की टीम बारामती हवाई अड्डे पर सुरक्षा खामियों



और बुनियादी ढांचे के मुद्दों की जांच करेगी। इस मामले को शुरू में पुणे ग्रामीण पुलिस संभाल रही थी। सरकार ने पुणे ग्रामीण पुलिस को मामला और अब तक जुटाई गई जानकारी राज्य सीआईडी को सौंपने के लिए कहा है। पुणे ग्रामीण पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया था। इस बीच, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो

### मनरेगा की बहाली तक जारी रहेगा आंदोलन: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की पुनर्बहाली की मांग को लेकर शुक्रवार को यहां अकबर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय से गांधी स्मृति तक विरोध मार्च निकाला। पार्टी नेताओं ने ऐलान किया कि जब तक सरकार मनरेगा को बहाल नहीं करती, तब तक उनका यह आंदोलन जारी रहेगा।कांग्रेस के ''मनरेगा बचाओ संग्राम'' आंदोलन के तहत आयोजित इस प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्टी महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार ने उस मनरेगा को खत्म किया है जो पंचायतों को सशक्त करने और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के जरिए सीधे पैसा पहुंचाने का जरिया था।उन्होंने कहा कि मनरेगा ऐतिहासिक और क्रांतिकारी अधिनियम था जो सितंबर

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के आनंदपुर अग्निकांड पर जताया शोक, आर्थिक मदद की घोषणा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के आनंदपुर में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस हादसे को अत्यंत दुखद और हृदयविदारक बताते हुए प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं, इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वे उन सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस त्रासदी में अपने प्रियजनों को खोया है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की।

### महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि: राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने श्रद्धांजलि अर्पित कर सर्वधर्म प्रार्थना में लिया भाग

नई दिल्ली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और राजघाट स्थित महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर सर्वधर्म प्रार्थना में भाग लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित की। साथ ही उन्होंने सर्वधर्म प्रार्थना में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके शाश्वत आदर्श को राष्ट्र की यात्रा का मार्गदर्शक बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके सिद्धांतों और न्याय, सद्भाव और मानवता की सेवा पर आधारित भारत के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके समाधि स्थल राजघाट पर श्रद्धासुमन अर्पित किया और यहां आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सम्मिलित होकर उनके सत्यनिष्ठ जीवन, अदम्य त्याग, नैतिक साहस और अहिंसा के चरम आदर्शों का स्मरण किया।

## अजीत पवार के बाद कौन संभालेगा डिप्टी सीएम का पद

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी (राकांपा एपी) के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने शुक्रवार को कहा कि शनिवार को पार्टी के विधायकों की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में विधानसभा और विधान परिषद् के सदस्य विधिमंडल दल के नेता का चुनाव करेंगे। उनका कहना है कि सबकुछ ठीक रहा तो कल ही सुनेत्रा पवार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकती हैं।

छगन भुजबल ने शुक्रवार को मुंबई में राकांपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के आकस्मिक निधन के बाद पैदा हुई राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए आज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला था और इस संबंध में चर्चा की गई। अजीत पवार की धर्मपत्नी सुनेत्रा पवार को राकांपा विधिमंडल का नेता बनाए जाने और उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की जोरदार मांग की जा रही है। इसीलिए पार्टी की ओर से पार्टी के विधानसभा और विधान परिषद



- ❒ पार्टी विधायकों की बैठक कल
- ❒ सुनेत्रा पवार कल ले सकती हैं उपमुख्यमंत्री पद की शपथ: भुजबल

सदस्यों को कल पार्टी कार्यालय में उपस्थित रहने का संदेश दिया गया है। इस बैठक में विधिमंडल नेता का चुनाव होगा। भुजबल ने कहा कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो कल ही उपमुख्यमंत्री पद की भी शपथविधि हो जाएगी। मौके पर राकांपा एपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे उपस्थित थे। सुनील तटकरे ने कहा कि वे अभी कुछ कहने की स्थिति में नहीं है लेकिन काम करना जरुरी

### भारतीय वैज्ञानिकों ने सूर्य की रोशनी से चलने वाला सेल्फ-चार्जिंग एनर्जी स्टोरेज डिवाइस विकसित किया

नई दिल्ली। भारतीय वैज्ञानिकों ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए सूर्य की रोशनी से चलने वाला सेल्फ-चार्जिंग एनर्जी स्टोरेज डिवाइस विकसित किया है। यह अत्याधुनिक तकनीक एक ही उपकरण में सौर ऊर्जा को संग्रहित करने और उसे स्टोर करने की क्षमता रखती है। इस डिवाइस को फोटो-कैपेसिटर नाम दिया गया है। यह शोध बेंगलुरु स्थित सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज़ के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया है, जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान है। अब तक सौर ऊर्जा प्रणालियों में बिजली उत्पादन और भंडारण के लिए अलग-अलग यूनिट्स का उपयोग किया जाता था, जिससे सिस्टम जटिल, महंगा और ऊर्जा हानि वाला हो जाता था। नई तकनीक इन सभी चुनौतियों को काफी हद तक दूर करती है। यह शोध रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री की प्रतिष्ठित पत्रिका सस्टेनेबल एनर्जी एवं फियूलस में प्रकाशित हुआ है और इसे भारत की क्लीन एनर्जी महत्वाकांक्षाओं की

## भारत में निपाह वायरस के संक्रमण का जोखिम बहुत कम: डब्ल्यूएचओ

नई दिल्ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत-बांग्लादेश के जंगलों में चमगादड़ों की मौजूदगी के बावजूद पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के संक्रमण के जोखिम को मध्यम दर्जे का बताया है। अलबत्ता, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक जोखिम का स्तर निम्न है। इस समय इस संक्रमण के इंसानों से इंसानों में फैलने के अब तक कोई तथ्य सामने नहीं आए हैं।

डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा कि भारत सरकार ने पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के संक्रमण के दो मामलों की पुष्टि की है। संक्रमित दोनों व्यक्ति 25 वर्ष की आयु के हैं, जिनमें एक महिला और एक पुरुष है। ये दोनों व्यक्ति उत्तरी 24 परगना ज़िले के एक निजी अस्पताल में कार्यरत हैं। इन दोनों व्यक्तियों में विगत दिसंबर के अंतिम दिनों में संक्रमण के आरम्भिक लक्षण विकसित हुए थे जो बहुत तेज़ी से तंत्रिका संबंधी जटिलताओं में तब्दील हो गए थे। इन दोनों संक्रमित व्यक्तियों को जनवरी के आरम्भिक दिनों में




चिकित्सकीय एकांतवास में रखा गया था।

संक्रमण के मामलों का पता चलने के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित एक व्यापक कार्रवाई शुरू की गई। इन दो संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में आए कुल 196 व्यक्तियों की पहचान निर्धारित की गई। उनका पता लगाया गया और उन्हें स्वास्थ्य निगरानी में रखा गया और उनके परीक्षण किए गए। इन सभी लोगों में संक्रमण के कोई लक्षण नहीं देखे गए और इन सभी लोगों के परीक्षण में निपाह वायरसका कोई संक्रमण नहीं पाया गया।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार निपाह वायरस के संक्रमण मामले सिर्फ उत्तरी 24 परगना ज़िले तक ही सीमित हैं और लोगों की यात्रा के ज़रिए इनके किसी अन्य स्थान पर फैलने की कोई जानकारी नहीं है। भारत के किसी अन्य प्रदेश में या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस संक्रमण के फैलने की सम्भावना बहुत कम है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक निपाह वायरस पशुओं से इंसानों में फैलने वाली एक बीमारी है जो मुख्य रूप से चमगादड़ों से इंसानो में संक्रमित भोजन खाने या निकट सम्पर्क में आने से फैलती है। इस बीमारी का फ़िलहाल कोई उपचार नहीं है और न ही इसकी रोकथाम के लिए अभी कोई वैक्सीन उपलब्ध है। अलबत्ता, कुछ वैक्सीन पर प्रयोग जारी हैं। इससे बचने के लिए बहुत आरम्भिक स्तर पर पता लगाना, संक्रमण की पुष्टि होने पर उपयुक्त देखभाल और संक्रमण को दीगर फैलने से रोकने के ठोस उपाय अपनाया जाना बहुत अनिवार्य है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि भारत अतीत में भी निपाह वायरस के संक्रमण से निपटने की क्षमता का प्रदर्शन

# उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री ने मंत्रियों के वित्तीय अधिकार बढ़ाने पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को तेज, सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया है। इसके साथ उन्होंने परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए मंत्रियों के वित्तीय अधिकारबढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने मंत्री स्तर पर 50 करोड़, इससे ऊपर वित्त मंत्री 150 करोड़ रुपये तक की परियोजना स्वीकृत करने के अधिकार देने की बात कही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर वित्त विभाग की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने राज्य की राजकोषीय स्थिति, बजट प्रबंधन, पूंजीगत व्यय, निर्माण कार्यों की व्यवस्था, एकमुश्त प्रावधान, डिजिटल वित्तीय सुधार, कोषागार प्रक्रियाएं, पेंशन व्यवस्था और विभागीय नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि विभागीय



- ❒ मंत्री 50 और वित्त मंत्री 150 करोड़ तक की परियोजनाएं कर सकेंगे मंजूर
- ❒ 150 करोड़ के ऊपर के प्रोजेक्ट की वित्तीय स्वीकृति को मुख्यमंत्री की मंजूरी जरूरी

मंत्री स्तर से मिलने वाली स्वीकृति की सीमा, जो अभी 10 करोड़ रुपये तक है, उसे बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये किया जाए। इसके बाद 50 से 150 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं की मंजूरी वित्त मंत्री स्तर से और 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की स्वीकृति मुख्यमंत्री स्तर से दी जाए, जिससे परियोजनाओं को समय पर वित्तीय मंजूरी मिले और काम तेजी से आगे बढ़े। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना 15 अप्रैल तक हर हाल में स्वीकृत करा लें। समय सीमा का पालन न करने वाले विभागों की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी परियोजना की लागत में 15% से ज्यादा बढ़ोतरी होने पर विभाग कारण सहित पुनः

### मुख्यमंत्री योगी ने जीपीओ पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को हजरतगंज जीपीओ पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया। इस अवसर पर उनके साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद डॉक्टर महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, जया देवी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भी गांधी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने महात्मा गांधी तथा देश की आजादी से जुड़े तराने भी गाए। मुख्यमंत्री ने गांधी प्रतिमा के समक्ष कुछ देर बैठकर पाठ भी किया और बच्चों के तरानों को सुना। इस दौरान महानगर महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, अभिषेक खरे, सीता नेगी, अनुराग साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और गांधी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## चिट फंड घोटाला: सीबीआई ने फरार आरोपित तन्मय मिर्धा को किया गिरफ्तार

एजेंसी

कोलकाता। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने चिट फंड घोटाले से जुड़े एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपित तन्मय मिर्धा को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने गुरुवार को गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि यह मामला 23 जून 2020 को उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल और ओडिशा में चिट फंड से संबंधित मामलों की जांच के लिए दर्ज किया गया था। सीबीआई के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित एक्सप्रेस कल्टीवेशन लिमिटेड, कोलकाता का निदेशक है। उस पर आरोप है कि उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर निवेश पर अधिक मुनाफ़े का लालच देकर आम लोगों से लगभग 2.10 करोड़ रुपये एकत्र किए और बाद में इस धन का दुरुपयोग किया।

जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 4 फरवरी 2022 को इस मामले में आरोप पत्र दाखिल किया था। हालांकि, आरोपित जांच में शामिल नहीं हुआ और लगातार फरार बना रहा, जिसके बाद उसे भगोड़ा घोषित किया गया। इसके पश्चात कोलकाता के अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट की अदालत ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सीबीआई ने बताया कि लगातार निगरानी, तकनीकी इनपुट और खुफिया सूचनाओं के आधार पर 29 जनवरी को आरोपित को पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के ब्रह्मनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपित को आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत संबंधित अदालत में पेश किया गया है। सीबीआई अब उससे पूछताछ कर उसके अन्य सहयोगियों और चिट फंड नेटवर्क से जुड़े पहलुओं की जानकारी जुटाने में लगी है।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

❐ जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब करने तथा स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाए जाने की स्थिति में एक दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को प्रातः लगभग 10 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट के अलग-अलग अनुभागों में तैनात 38 पटल सहायक व कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई।

जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब करने तथा स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाए जाने की स्थिति में एक दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालयी अनुशासन से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर के सभी कक्षों का भ्रमण कर उपस्थिति पंजिका, प्रशासनिक कार्यों, अभिलेखों के रख-रखाव, जनसुनवाई व्यवस्था और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की गहन जांच की। उन्होंने सभी अपर जिलाधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट को नियमित रूप से अपने-अपने पटलों का निरीक्षण करने और कार्मिकों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आम जनता से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर एवं कार्यालय कक्षों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था तथा पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश भी दिए गए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर अभिलेख आसानी से उपलब्ध कराए जा सकें।उपस्थिति पंजिका के औचक निरीक्षण में ईआरके, आरए, जेआरके, जेए, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, नगर, नजूल, प्रशासन, अपर नगर मजिस्ट्रेट, शिकायत सेल, भूलेख, शस्त्र अनुभाग सहित विभिन्न अनुभागों के कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्यालयी अनुशासन और कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है, और भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कौशाम्बी में पुलिस पर गंभीर सवालः दलित महिला की रिपोर्ट 3 माह से दबाए बैठा थाना करारी थानेदार, उल्टा पीड़िता पर ही कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ आईजी व एडीजी से कार्रवाई की गुहारः थाना करारी पर दलित महिला की रिपोर्ट दबाने का आरोप

प्रयागराज। कौशाम्बी जनपद में कानून व्यवस्था और नारी सम्मान के दावों पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। थाना करारी पर आरोप है कि उसने एक दलित महिला और उसकी पुत्री के साथ हुई मारपीट, जातिसूचक गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट तीन महीने से दर्ज नहीं की।

पीड़िता क्रान्ति देवी, निवासी ग्राम सैदनपुर, थाना मंझनपुर, का कहना है कि 28 अक्टूबर 2025 को गांव के ही अफतार अली और उसके परिजनों ने उसकी पुत्री के साथ बर्बरता की, बाल पकड़कर पीटा, जमीन पर पटक दिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। बीच-बचाव करने पर पीड़िता को भी मारा गया और सोने की लॉकेट छीनी गई।पीड़िता का आरोप है कि घटना के दिन चौकी दीवर कोतारी से पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मामला थाना करारी का बताकर टाल दिया गया। जब वह थाना करारी पहुंची तो रिपोर्ट लिखने के बजाय अगले दिन बुलाया गया। अगले दिन थाने पहुंचने पर पीड़िता और उसकी पुत्री को बैठाकर उल्टा धारा 151 में चालान कर दिया गया, जबकि वे खुद पीड़ित थीं। इसके बाद भी कई बार थाने के चक्कर काटे गए, मगर आज तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई।तीन माह से न्याय की आस में भटक रही दलित महिला अब अधिकारियों के दरवाजे खटखटा रही है। सवाल यह है कि क्या थाना करारी में दलितों की रिपोर्ट लिखना अपराध बन गया है? क्या पीड़ित को ही आरोपी बनाना पुलिस की नई कार्यशैली है? नारी सम्मान और नारी शक्ति के बड़े-बड़े दावों के बीच एक महिला का यूं न्याय से वंचित रहना पुलिस की कार्यप्रणाली पर करारा तमाचा है।पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कराने, आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और थाना करारी की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मामले में कब तक आंख मूंदे रहते हैं।

### करछना में दर्दनाक हादसाः मोटरसाइकिल की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर गंभीर घायल

प्रयागराज । जिले के यमुनानगर करछना थाना क्षेत्र के सहलोलवा गांव के पास सड़क हादसे में साइकिल सवार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि भोला पटेल (50) पुत्र किशोरी लाल, निवासी सालोलवा सोनाई, दोपहर घर से खाना खाकर रामरती महाविद्यालय में काम करने जा रहे थे।इसी दौरान अकोढ़ा की ओर से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनकी साइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क के बीचो-बीच गिर पड़े। टक्कर के बाद मोटरसाइकिल सवार कुछ दूरी पर वाहन खड़ा कर मौके पर पहुंचा।स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख उन्हें स्वरूप रानी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस को हादसे की सूचना दे दी गई।

### समस्याओं को लेकर किसान यूनियन का धरना स्थगित



**दुबग्गा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बालागंज वार्ड की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर आज भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान द्वारा जोन-6 नगर निगम कार्यालय पर धरना प्रस्तावित था। धरने से पहले ही संबंधित अधिकारियों ने किसान यूनियन के पदाधिकारियों से वार्ता कर क्षेत्र में साफ-सफाई का कार्य तत्काल शुरू करा दिया, जिसके चलते नगर निगम कार्यालय पर धरना नहीं दिया गया।इसके पश्चात भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किसान कार्यालय दुबग्गा मछली मंडी पर थाना दुबग्गा के एसआई संतोष सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वार्ड बालागंज की साफ-सफाई, जनसुविधाओं और अन्य स्थानीय समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।इस कार्यक्रम में संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी शामिल रहे, जिनमें राष्ट्रीय महासचिव अजय यादव, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अकरम पठान, युवा राष्ट्रीय सचिव नईम भाई, प्रदेश प्रभारी युवा जिला अध्यक्ष सैफ पठान तथा नगर अध्यक्ष वसी साहब प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इनके साथ सैकड़ों की संख्या में किसान यूनियन के साथी भी उपस्थित रहे।किसान यूनियन के नेताओं ने कहा कि यदि आगे भी जनसमस्याओं की अनदेखी की गई तो संगठन आंदोलन के लिए मजबूर होगा। जबकि प्रशासन से जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की अपील की गई।

### बलकरनपुर के कुएं में महिला का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**प्रयागराज , कैनविज टाइम्स संवाददाता** । जिले के थाना फूलपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बलकरनपुर स्थित एक कुएं में शुक्रवार को एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। इस संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर विवेक कुमार यादव ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी प्रकार के स्पष्ट बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारतीय द्वारा की गई शिकायत

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के हलोर बाजार स्थित कृषि मंडी परिसर में वर्षा के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारतीय द्वारा की गई शिकायत का असर अब दिखाई देने लगा है। विधायक श्यामसुंदर भारतीय ने 24 दिसंबर 2025 को कृषि उत्पादन मंडी समिति बछरावां को लिखित पत्र भेजकर मंडी परिसर में जगह-जगह पानी भर जाने की समस्या से अवगत कराया था और शीघ्र समाधान की मांग की थी। आपको बता दें कि, विधायक की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद ने मामले की जांच कराई और हलोर बाजार स्थित मंडी स्थल की वास्तविक स्थिति से संबंधित रिपोर्ट कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार अनुभाग, उत्तर प्रदेश को अपने पत्र के माध्यम से प्रेषित की। रिपोर्ट में मंडी परिसर की मौजूदा स्थिति, जलनिकासी की समस्या और संरचनात्मक कमियों का उल्लेख किया गया है। उक्त प्रकरण के क्रम में 7 जनवरी 2026 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश सिंह ने भी शिकायत का संज्ञान लिया। उपनिदेशक निर्माण, मंडी परिषद के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर उन्होंने कृषि उत्पादन मंडी समिति बछरावां से मंडी स्थल के सुधार एवं मरम्मत का विस्तृत प्रस्ताव तलब किया है। इसके साथ ही मंडी परिसर की मरम्मत कर उसे ऊंचा कराए जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए पत्र भी प्रेषित किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सपा विधायक श्याम सुंदर भारती ने हलोर मंडी में बारिश के समय होने वाले जलभराव की समस्या को प्रमुखता से उठाया था। इसके अलावा उन्होंने मंडी परिषद की बैठकों में भी लगातार जलभराव की समस्या को लेकर अपनी बात रखी थी। अब यह उम्मीद जताई जा रही है कि, जैसे ही सुधार एवं मरम्मत का प्रस्ताव स्वीकृत होगा, हलोर बाजार स्थित मंडी स्थल की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा तथा उसकी ऊंचाई बढ़ाई जाएगी। इससे बरसात के मौसम में होने वाले जलभराव से राहत मिलेगी और किसानों व व्यापारियों को सुचारु रूप से आवागमन एवं व्यापार करने में सुविधा होगी।

### हत्या की घटना में दो अभियुक्तों को सरेनी पुलिस ने भेजा जेल

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्राप्त सूचना के बाद पासिन का पुरवा मजरे बंडई में खेत में गांव के ही रहने वाले संजय कुमार का शो मिला है प्राप्त सूचना पर जनपद के उच्च अधिकारी गढ़ द्वारा सरेनी पुलिस व फील्ड यूनिट के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर 100 को कब्जे में लेकर पंचायत नमक की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। अमृता की पुत्री वादिनी सोनाक्षी की लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 16 /2026 धारा 103 ए बीएस बनाम मृदा के भतीजे अजीत उर्फ गद्दार निवासी पासिंग का पुरवा अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा टीम में गठित कर घटना के खुला से हेतु प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में पुलिस दीक्षा के के निर्देशन में वह अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में क्षेत्राधिकार लालगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एसओजी पुलिस टीम की संयुक्त मुख्य खास की सूचना पर सरेनी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। जिसमें अजीत उर्फ गद्दार पुत्र रामकुमार निवासी पासिंग का पूर्व मजीरे सरेनी थाना सरेनी रायबरेली सूरजपुर टुन्नू पुत्र रामचंद्र उर्फ मैंगो निवासी पासिंग का पुरवा मजरे वनडे थाना सरेनी जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र के नहर पुलिया बंदे के पास से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ का विवरण पुलिस द्वारा पकड़े गए अभियुक्त अजीतपुर गदर से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया गया कि उसे पर अपनी बहन की शादी करने व अन्य कर्म से काफी कर्ज़ा हो गया था। उसने एक ब्रेजा कर अपने चाचा संजय के नाम से फाइनेंस कराई जिसकी किस्ते वह जमा नहीं कर पा रहा था। जिस कारण चाचा संजय से उसका विवाद रहता था वाहन बीमा वह अन्य धनराशि पाने के लालच में अजीत ने संजय की हत्या की योजना बनाई और सूरज और फोटो को रुपए देने का लालच देकर अपने साथ मिल लिया 13 जनवरी को रात्रि में दोनों ने संजय को शराब पिलाकर नशे में कर दिया था। आलू खोदने के बहाने नहर किनारे खेत में ले गए। वहां पूर्व योजना के तहत सूरज ने संजय को पीछे से पकड़ लिया और अजीत ने पहले राशि से उसका गला दबाकर हत्या कर दी साथ छिपाने हेतु अमृता के चेहरे हुआ कपड़ों पर मिट्टी लगा दी गई तथा राशि पास के खेत में फेंक दी गई। गिरकर करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र यादव उप निरीक्षक सत्येंद्र कुमार मुखिया राशि विनीत कुमार आरक्षित जितेंद्र कुशवाहा आरक्षित सत्येंद्र कुमार आरक्षित सौरभ यादव सहित लोग मौजूद रहे।

# डीपीएस गोमती नगर एक्सटेंशन के छात्रों ने किया मेट्रो स्टेशन का शैक्षिक भ्रमण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । डीपीएस गोमती नगर एक्सटेंशन जूनियर ब्रांच के प्रेप कक्षा के विद्यार्थियों ने मेट्रो स्टेशन का एक शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था से परिचित कराना, यात्रा के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा नियमों की जानकारी देना तथा वास्तविक जीवन के अनुभवों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान नन्हे विद्यार्थियों ने मेट्रो स्टेशन की कार्यप्रणाली को ध्यानपूर्वक देखा और मेट्रो में यात्रा से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त कीं। बच्चों को अनुशासन, स्वच्छता, कतार में चलने और नागरिक जिम्मेदारियों के महत्व के बारे में भी बताया गया। यह शैक्षिक भ्रमण उप-प्रधानाचार्या वरिंदर कौर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# प्रयागराज को पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिये जल्द ही मुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री से करेंग भेंट : रविकांत गर्ग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, महानगर प्रयागराज के प्रतिनिधि मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक सिविल लाइंस स्थित होटल यश पद्म कॉन्टिनेंटल में हुई, जिसमे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये

प्रयागराज। प्रयागराज को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, महानगर प्रयागराज के प्रतिनिधि मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक सिविल लाइंस स्थित होटल यश पद्म कॉन्टिनेंटल में महानगर अध्यक्ष योगेश गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग, उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के संरक्षक बाबूराम अग्रवाल (बब्बू भैया) तथा आगरा महानगर के उपाध्यक्ष शिवशंकर अग्रवाल का शाल पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज को पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री को दिए जाने वाले ज्ञापन पर चर्चा की गई।महानगर अध्यक्ष योगेश गोयल ने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद वहां पर्यटन में जबरदस्त वृद्धि हुई है, जबकि धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रयागराज में अपेक्षित संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक नहीं रुक रहे हैं।बैठक में बताया गया कि माघ मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु संगम स्नान के लिए प्रयागराज आते हैं, लेकिन अधिकांश स्नान के बाद तुरंत लौट जाते हैं या अयोध्या व वाराणसी चले जाते हैं। इससे स्थानीय होटल, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता।व्यापार मंडल ने सुझाव दिया कि संगम के अलावा प्रयागराज के अन्य धार्मिक, ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों की सशक्त ब्रांडिंग और प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, ताकि पर्यटक कम से कम दो दिन शहर में रुकें। इसके लिए प्रमुख चौराहों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और एयरपोर्ट पर पर्यटन आधारित होर्डिंग्स लगाने तथा डिजिटल और सोशल मीडिया प्रचार अभियान चलाने की मांग रखी गई।बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि प्रयागराज के लिए ट्रेनें अक्सर फुल रहती हैं, जबकि एयरपोर्ट की क्षमता के अनुरूप फ्लाइट सेवाएं सीमित हैं और किराया भी अधिक है। फ्लाइट कनेक्टिविटी बढ़ने से पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी।राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही इस विषय पर मुख्यमंत्री से बातचीत करेंगे और पर्यटन मंत्री राजवीर सिंह से मुलाकात कर प्रयागराज पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष मांग रखेंगे।बैठक में वरिष्ठ महामंत्री नवीन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष राजकुमार केसरीवानी, महामंत्री अभिषेक केसरीवानी, पियूष पांडेय, रजनीश राजपूत, महिला जिला अध्यक्ष रोशनी अग्रवाल, महिला महानगर अध्यक्ष मनोरमा गोस्वामी, अधिवक्ता मनोज गोस्वामी, हर्ष जयसवाल, नवीन सिंह, विकास वैश्य और रानू अग्रवाल उपस्थित रहे।

# कुंभ कार्यों में टेंडर और भुगतान प्रक्रिया पर उठे सवाल, कई फर्मों को लेकर जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ जल निगम के कुंभ प्रोजेक्ट में टेंडर प्रक्रिया और निजी स्टॉकिंग व्यवस्था की पारदर्शिता पर संदेह

❐ कुंभ कार्यों में चुनिंदा फर्मों को बार-बार ठेका, भुगतान और स्टॉकिंग खर्च पर उठे सवाल

प्रयागराज । कुंभ मेला से जुड़े निर्माण और जल आपूर्ति कार्यों में टेंडर आवंटन, भुगतान प्रक्रिया और सामग्री स्टॉकिंग को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान जल निगम एवं निर्माण खंड द्वारा कराए गए कार्यों में कुछ चुनिंदा फर्मों को लगातार काम दिए जाने और भुगतान की प्रक्रिया को लेकर अंदरखाने चर्चा तेज़ है।

सूत्रों के अनुसार, कुंभ प्रयोजनार्थ खरीदी गई पाइपलाइन सामग्री का उपयोग तत्काल कार्यों के बजाय आगामी मेलों के लिए सुरक्षित रखने की बात कही गई थी। इस संबंध में विजय किरण आनंद द्वारा पूर्व में बयान दिया गया था कि पाइपों का उपयोग अगले मेला कार्यों में किया जाएगा, जबकि वर्तमान में केवल बेंच/अस्थायी व्यवस्थाएं ली जा रही हैं।इसी क्रम में यह भी सामने आया है कि निर्माण खंड एक-1 में कार्यरत अस्तोष यादव (एक्सियन) तथा एक-2 जल निगम में अमित राज यादव (एक्सियन) के चहेते से संबंधित फर्मों को कार्य आवंटन हुआ।इसके अतिरिक्त, लालजी फर्म के संबंध में यह तथ्य सामने आया है कि फर्म का प्रोपराइटर हाईस्कूल उत्तीर्ण बताया जा रहा है, जबकि व्यवहारिक रूप से ठेकेदारी कार्य किसी अन्य व्यक्ति द्वारा संचालित किए जाने की चर्चा है। संबंधित फर्म एक्सियन कार्यालय से जुड़े एक टाइपिस्ट जितेन्द्र के नाम पर होने की भी जानकारी सामने आई है।

इसी तरह, जितेंद्र नामक व्यक्ति के पिता लालाजी के नाम पर भी ठेका आवंटित होने की बात सामने आई है, हालांकि उक्त फर्म पर कार्य की मात्रा अपेक्षाकृत कम बताई जा रही है।वहीं अशफाक अहमद की फर्म अहमद एसोसिएट पर भी कुंभ से संबंधित कार्य कराए जाने की पुष्टि सूत्र कर रहे हैं।इसके अलावा आनंद मिश्रा से जुड़ी द्दष्ट कंस्ट्रक्शन तथा लकी श्रीवास्तव नाम से पंजीकृत फर्मों के माध्यम से भी कार्य आवंटन में अनियमितता की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों का दावा है कि अलग-अलग नामों से एक ही समूह द्वारा कार्य लिए जाने की स्थिति बन रही है।स्टॉकिंग के नाम पर अतिरिक्त व्यय का आरोप है।जानकारी के अनुसार, कुंभ कार्यों के लिए खरीदी गई पाइपों की स्टॉकिंग हेतु करेलीबाग, नैनी क्षेत्र तथा कैल्विन हॉस्पिटल के पास भंडारण स्थल बनाए गए।आरोप है कि जल निगम द्वारा निजी भूमि को किराए पर लेकर स्टॉकिंग की गई और ह्लस्टैकिंग/स्टॉकिंगङ्क के नाम पर अतिरिक्त भुगतान निकाला गया। इसके अंतर्गत लगाए गए कर्मियों की संख्या और किए गए व्यय को लेकर भी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं है।रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग- अब यह मांग तेज़ हो रही है कि कुंभ से संबंधित तीनों वित्तीय वर्षों मेंः किन-किन फर्मों को कितना कार्य दिया गया है और कितना भुगतान किया गया , भुगतान ऑनलाइन था या ऑफलाइन , टेंडर ई-टेंडर थे या ऑफलाइन । इन सभी बिंदुओं पर आधिकारिक रिकॉर्ड सार्वजनिक किया जाए। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते इन तथ्यों की जांच नहीं हुई, तो कुंभ जैसे महत्वपूर्ण आयोजन की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो सकते हैं।

# जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में सत्र 2025S26 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने रिबन काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।प्रतियोगिता के प्रथम दिन 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद का आयोजन हुआ। 100 मीटर दौड़ में सीनियर बालक वर्ग में अर्पित (11सी) प्रथम, शुभम (11बी) द्वितीय व विकास (10सी) तृतीय रहे। सीनियर बालिका वर्ग में अक्सा (9बी), किरांशि (12ए) और पिंकी (10बी) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में भी बालक-बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में सोनम, कुलदीप, नंदिनी और शुभम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रशासन के अनुसार अगले दिन ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक, रस्साकसी एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हिन्दू समाज के संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से न्याय पंचायत स्तर पर विशाल हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 1 जनवरी 2026 से पूरे देश में सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण और हिन्दू समाज के संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से न्यायपंचायत स्तर पर विशाल हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में रायबरेली जनपद के महराजगंज खण्ड अंतर्गत जसवंतरी देवी मंदिर प्रांगण में एक भव्य हिन्दू सम्मेलन एवं समरसता भोज का आयोजन किया जाना तय हुआ है। आपको बता दें कि, इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड कार्यवाहक धर्मेंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि, यह सम्मेलन 31 जनवरी, शनिवार को दोपहर लगभग 1 बजे प्रारम्भ होगा। सम्मेलन में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अमित मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे अपने संबोधन में संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व, हिन्दू समाज की भूमिका, राष्ट्र निर्माण में सामाजिक एकता तथा सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रकाश डालेंगे। वहीं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, महराजगंज की आरती विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सहभाग करेंगी और आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों पर अपने विचार साझा करेंगी। सम्मेलन के उपरांत समरसता भोज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी वर्गों के लोग एक साथ भोजन कर सामाजिक एकता और समभाव का संदेश देंगे।

# सीता स्वयंवर की सजीव झांकियों से भक्तिमय हुआ कथा पंडाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । नगराम क्षेत्र के शाह मोहम्मदपुर अपैया गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा स्थल भक्ति और श्रद्धा के माहौल से सराबोर रहा। इस दौरान सीता स्वयंवर का भावपूर्ण प्रसंग मनमोहक एवं सजीव झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। झांकियों के दर्शन के साथ ही पूरा कथा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।सीता स्वयंवर के उपरांत लवकुश ने अपनी धर्मपत्नी कविता वर्मा के साथ भगवान श्रीरामचंद्र, लक्ष्मण एवं माता सीता की विधिवत आरती उतारकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत भावुक और भक्तिपूर्ण रहा। कथा के दौरान निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा अपने दर्जनों सहयोगियों के साथ कथा पंडाल पहुंचे। उन्होंने श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण किया तथा कथावाचक श्री कृष्णानंद मृदुल जी महाराज को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही दक्षिणा अर्पित कर भंडारे में सहयोग किया।

# नगर आयुक्त का जोन-5 कार्यालय का औचक निरीक्षण, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

❐ निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कुछ कर्मचारियों की उपस्थिति समय पर नहीं पाई गई, जिस पर कार्रवाई के निर्देश दिये गये

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शुक्रवार सुबह नगर निगम के जोन-5 जोनल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कुछ कर्मचारियों की उपस्थिति समय पर नहीं पाई गई। सुबह 11 बजे तक कई कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित नहीं थे।

इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए नगर आयुक्त महोदय ने स्वयं अटेंडेंस रजिस्टर की जांच की और अनुपस्थित कर्मचारियों के नाम के सामने एब्सेंट अंकित करते हुए उन्हें अनुपस्थित घोषित किया और एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके पश्चात नगर आयुक्त गौरव कुमार ने पूरे जोनल कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय भवन की स्थिति कई जगहों पर संतोषजनक नहीं पाई गई। कई स्थानों पर दीवारें जर्जर अवस्था में थीं, प्लास्टर उखड़ा हुआ था और रख-रखाव की स्थिति कमजोर नजर आई।नगर आयुक्त ने इन सभी खामियों को गंभीरता से लेते हुए जोनल अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यालय परिसर में आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ कराए जाएं तथा जर्जर दीवारों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए, ताकि कर्मचारियों और आमजन को सुरक्षित व बेहतर वातावरण मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालय की स्वच्छता, रख-रखाव और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के बाद नगर आयुक्त ने जोन-5 की टैक्स वसूली व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में संपत्ति कर (हाउस टैक्स) वसूली की प्रगति, बकाया कर, तथा लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि की जानकारी ली गई। साथ ही म्यूटेशन (नामांतरण) से जुड़ी लंबित फाइलों की पेंडेंसी की भी समीक्षा की गई। नगर आयुक्त महोदय ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए और अनावश्यक देरी को समाप्त किया जाए। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने टैक्स वसूली को नगर निगम की आर्थिक मजबूती से जोड़ते हुए कहा कि राजस्व वृद्धि नगर विकास कार्यों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए सख्त रणनीति अपनाने, फील्ड स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और बकायेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही ही एक बेहतर प्रशासन की पहचान है और नगर निगम की कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# हिन्दी भाषा में स्वास्थ्य से जुड़ी सामग्री उपलब्ध करा रही एबॉट और सेसमी वर्कशॉप

❐ बचपन से ही संतुलित आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, सही दिनचर्या और सकारात्मक सोच जैसी आदतें अपनाने से स्वस्थ और सशक्त बनते है बच्चे: लीना जौहरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सेसमी स्ट्रीट के पीछे काम करने वाली वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था सेसमी वर्कशॉप ने स्वास्थ्य सेवा कंपनी एबॉट के सहयोग से भारत में बच्चों और परिवारों के लिए स्वस्थ आदतों से जुड़े नए संसाधनों की शुरुआत की है।

इस पहल का उद्देश्य बचपन से ही पोषण, शारीरिक गतिविधि और अच्छी नींद जैसी स्वस्थ दिनचर्या को बढ़ावा देना है, ताकि बच्चों के जीवनभर के स्वास्थ्य की मज़बूत नींव रखी जा सके और भविष्य में बीमारियों का खतरा कम हो। भारत में इस कार्यक्रम के तहत एबॉट और सेसमी वर्कशॉप की ओर से हिन्दी भाषा में स्वास्थ्य से जुड़ी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे परिवारों के लिए इन बातों को समझना और अपनाना आसान हो सके। यह कार्यक्रम भारत की स्थानीय संस्कृति, समुदाय और बच्चों व देखभाल करने वालों की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ लखनऊ में महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी ने किया है। इस अवसर पर सरकार, सेसमी वर्कशॉप इंडिया, एबॉट इंडिया और स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वस्थ आदतों से जुड़े विभिन्न संसाधन उपलब्ध कराए गए। शुभारंभ अवसर पर लीना जौहरी ने बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर समय रहते ध्यान देने की ज़रूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, सही दिनचर्या और सकारात्मक सोच जैसी आदतें बचपन से अपनाने पर बच्चे स्वस्थ और सशक्त बनते हैं। वहीं सेसमी वर्कशॉप इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर सोनाली खान ने कहा कि यदि स्वस्थ आदतें बचपन में विकसित की जाएँ, तो वे जीवनभर के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती हैं।

एबॉट इंडिया की डायरेक्टर, ग्लोबल सिटिज़नशिप एंड सस्टेनेबिलिटी पूनम शर्मा ने कहा कि भारत में बच्चों और किशोरों में मधुमेह और मोटापे जैसी बीमारियाँ तेज़ी से बढ़ रही हैं। स्वस्थ आदतों की शुरुआत बचपन से ही होती है। इस मौके पर सेसमी वर्कशॉप इंडिया के संजय कुमार, नूरुल हक़, डॉ. जयंती प्रकाश, भवनीत सिंह और निशांत बरुआह सहित कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# मोहनलालगंज तहसील में फर्जी बैनामा कांड का खुलासा, फरार महिला आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील के उपनिबंधक कार्यालय में जालसाजों द्वारा फर्जी कागजात तैयार कर पैतृक भूमि की रजिस्ट्री कराए जाने के गंभीर मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक फरार महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला बीते वर्ष अक्टूबर माह में दर्ज शिकायत के बाद से चर्चा में था।

लखनऊ के ऐशबाग निवासी सैय्यद फरहान हुसैन ने मोहनलालगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने पिता स्वर्गीय मोहम्मद उवैस पुत्र मोहम्मद इदरीस की मृत्यु बीते 12 जुलाई के बाद ग्राम घुसकर, परगना मोहनलालगंज स्थित पैतृक भूमि का वैध उत्तराधिकारी है। उनके अन्य चाचा–मोहम्मद सिद्दीक उस्मानी, मोहम्मद अनरू उस्मानी उर्फ अनस, मोहम्मद वासिद उस्मानी उर्फ मुब्बशिर तथा मोहम्मद इलियास उस्मानी का भी पूर्व में निधन हो चुका है।शिकायतकर्ता के अनुसार, वह नियमित रूप से भूमि की देखरेख कर रहा था। बीते वर्ष 20 अगस्त को जब वह तहसील मोहनलालगंज में वरासत दर्ज कराने पहुंचा, तब उसे पता चला कि शहाबुद्दीन निजामुद्दीन उस्मानी निवासी सूरत गुजरात भगवान देई चौहान निवासी मानक नगर लखनऊ तथा विमल गिरि निवासी महाराजगंज ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत मृत व्यक्तियों के स्थान पर अन्य लोगों को प्रस्तुत कर, कूटरचित दस्तावेजों व फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए पैतृक भूमि का बैनामा अपने पक्ष में करा लिया है। शिकायतकर्ता ने स्पष्ट किया कि उसके या उसके परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा किसी के पक्ष में कोई बैनामा नहीं किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए मोहनलालगंज पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान रमेश कुमार गिरि, अग्गन और खुशीराम के नाम सामने आए, जिन्होंने फर्जी विक्रेता बनकर रजिस्ट्री कराई थी। पुलिस ने बीते दिसंबर में तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था।इसी मामले में बैनामे की फर्जी गवाह बनी आरोपी महिला भगवान देई चौहान लगातार फरार चल रही थी। पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश और तलाश के दौरान शुक्रवार को सूचना मिली कि वह कैसरबाग बस स्टैंड पर मौजूद है। सूचना के आधार पर मोहनलालगंज पुलिस ने शाम करीब पांच बजे अभियुक्ता भगवान देई चौहान निवासी कनौसी, मानक नगर, थाना कृष्णानगर को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में अभियुक्ता ने स्वीकार किया कि वह पूर्व में कचहरी में मुंशी का कार्य करती थी और पैसों के लालच में उसने तहसील मोहनलालगंज में फर्जी गवाह बनकर गवाही दी। उसने यह भी बताया कि रजिस्ट्री के समय अभियुक्त रमेश कुमार गिरि, अग्गन और खुशीराम फर्जी मुस्लिम नामों से स्वयं को प्रस्तुत कर रहे थे और उसने भी उन्हें मुस्लिम नाम से पहचान कराया। अभियुक्ता ने बताया कि इस फर्जी गवाही के एवज में आरोपी चांद-बाबू ने उसे 1500 रुपये दिए थे।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। साथ ही इस फर्जी बैनामा कांड में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है।

## एक फरवरी से शुरू होगी भाकियू (भानू) की पद यात्रा



लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन (भानू) की ओर से एक फरवरी को पद यात्रा की शुरुआत गोसाईगंज से की जाएगी। यह जानकारी संगठन के जिला सचिव राम प्रकाश वर्मा ने गोसाईगंज स्थित अपने कार्यालय पर युवा जिला प्रभारी बबलू पटेल और ब्लॉक अध्यक्ष आयुष वर्मा, की मौजूदगी में दी। उन्होंने बताया कि पूरे लखनऊ जिले का भ्रमण करने के बाद उनके कार्यक्रम का समापन 10 फरवरी को बृंदावन कॉलोनी में होगा। जिला सचिव के अनुसार वर्तमान समय में किसान अनेकों समस्याओं से ग्रसित है।कही भी उनकी बात नहीं सुनी जा रही है।

## संत रविदास की जयंती पर समरसता मंच की ओर से होंगे कार्यक्रम



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक समरसता मंच की ओर से अवध प्रान्त के सभी जिलों में 01 फरवरी को संत रविदास की जयंती मनाई जायेगी। इस अवसर पर सेवा बस्तियों में सहभोज का भी आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारी स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं ने की है। प्रत्येक जिले में प्रान्तीय टोली के पदाधिकारियों का प्रवास तय किया गया है।सामाजिक समरसता गतिविधि के सह संयोजक राम नरेश ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि समता मूर्ति संत रविदास के जीवन चरित्र के बारे में बताया जायेगा। संत रविदास उच्च कोटि के संत थे। समाज के सभी वर्गों के लोग उनके शिष्य थे। राम नरेश ने बताया कि अवध प्रान्त के सभी जिलों में कार्यक्रम होंगे। वहीं, हरदोई मे एक बड़ी संगोष्ठी संत रविदास की जयंती पर रखी गयी है। इस अवसर पर सामाजिक समरसता गतिविधिक के क्षेत्र संयोजक नरेन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगे।

## महात्मा गांधी शहादत दिवस का श्रद्धापूर्वक आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने अपने सभी शाखाओं में महात्मा गांधी शहादत दिवस को अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सत्य, अहिंसा, शांति और नैतिक मूल्यों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया गया। इस अवसर पर एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह ने छात्रों एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए प्रेरणादायक संदेश दिया।

## एकेटीयू में हुआ एपिलेप्सी जागरूकता कार्यक्रम

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के मार्गदर्शन में फैकल्टी ऑफ फार्मेसी में एपिलेप्सी जागरूकता कार्यशाला का आयोजित किया गया। भारतीय एपिलेप्सी एसोसिएशन के सहयोग से संकाय के फार्मेसी छात्रों के लिए इस विशेष जागरूकता कार्यक्रम एपिलेप्सी के साथ स्वस्थ जीवन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन और केजीएमयू के रिटायर्ड प्रोफ़ेसर डॉ. अतुल अग्रवाल एमडी(मेड.), डीएनबी, डीएम न्यूरोलॉजी), सीनियर कंसल्टेंट न्यूरो फिजिशियन थे। डॉ. अग्रवाल ने जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया, जिसमें विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## बच्चों को बड़ों से मिला सम्मान



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र के गांव बेगरियामऊ स्थित आर के कोचिंग में मेधावी छात्र – छात्राओं को उनके गुरुजनों और अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।कोचिंग में पहुंचे दीपक, आनंद, प्रधान ,शाद मोहम्मद और कृष्ण कुमार सहित अन्य अतिथियों द्वारा आशीष और श्रद्धा सहित अन्य बच्चों को सम्मानित किया गया। रिद्धि, कशिश, साक्षी, लाडो ,अक्षत ,आयुष, प्रिया, रितिका, आर्यन और शिवकांत की सांस्कृतिक प्रस्तुति को खूब सराहा गया।कोचिंग संचालक अमन पटेल और किशन कुमार ने बच्चों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डीपीएस इन्दिरा नगर में आयोजित हुआ अलंकरण समारोह

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की इंदिरा नगर शाखा में शुक्रवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एमिटी बिजनेस स्कूल की असिस्टेन्ट प्रोफ़ेसर रश्मि त्रिपाठी ने अपनी उपस्थिति से सभा का सम्मान बढ़ाया। ईशान सिंह एवं सताक्षी कुँवर को हैड ब्वाय व हैड गर्ल के पद पर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या गजाला अफसर ने छात्रों को अपने पद की गरिमा को बनाए रखने की शपथ दिलाई। मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र दिए गए और स्टूडेन्ट ऑफ द ईयर के लिए अहमद हमजा का नाम घोषित किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय मे महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के आह्वान पर परिसर की साफ-सफाई हेतु तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में श्रमदान के प्रति जागरूकता पैदा करना और परिसर को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यप्रद बनाना था।

सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्य गीत के साथ हुई, तत्पश्चात अभियान को व्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए स्वयं सेविकाओं को विभिन्न समूहों में विभाजित किया गया। वहीं दूसरे सत्र में पर्यावरण समिति तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किए गये। छात्राओं द्वारा क्यारी को रंगा गया साथ में पेड़ों के बोटैनिकल नाम भी लगाए गए। छात्राओं में एक पर्यावरण संरक्षण को लेकर के स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई। प्रतियोगिता में प्रथम सृष्टि शर्मा(बीए प्रथम वर्ष), द्वितीय शुभ्रता श्रीवास्तव(बी.एड. प्रथमवर्ष) एवं तृतीय महिमा सिंह(बी एस सी तृतीय वर्ष) रही। तो वहीं सांत्वना पुरस्कार सिदरा तारिक(बीए प्रथम वर्ष) को दिया गया।

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन रोबोटिक्स, ऑटोमेशन एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन रोबोटिक्स, ऑटोमेशन एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग का उद्घाटन सत्र संपन्न हुआ। दो दिवसीय वैश्विक आयोजन रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्रों में शोधकर्ताओं, विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और नीति निर्माताओं को एक साथ ला रहा है, ताकि भविष्योन्मुखी तकनीकों पर विचार-विमर्श हो सके।

उद्घाटन सत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर अजय तनेजा और मुख्य अतिथि एकेटीयू के कुलपति प्रोफ़ेसर जेपी पांडेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ हुआ। आयोजक एवं मुख्य संयोजक डॉ. एस.ए. रिजवी ने स्वागत भाषण में भारत में रोबोटिक्स और ऑटोमेशन तकनीकों की तेजी से उभरती संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन न केवल नवीनतम अनुसंधान को प्रदर्शित करेगा, बल्कि उद्योग-अकादमी साझेदारी को मजबूत कर उत्पादकता और नवाचार को बढ़ावा देगा। वहीं मुख्य अतिथि प्रो. जेपी पांडेय ने अपने संबोधन में रोबोटिक्स और ऑटोमेशन को भविष्य की औद्योगिक क्रांति का आधार बताया।

उन्होंने कहा कि ऑटोमेशन उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रो. पांडेय ने तकनीकी शिक्षा में मौलिक सिद्धांतों की सीख पर जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने क्वांटम कंप्यूटिंग की भविष्य की प्रासंगिकता, चुनौतियों और रोबोटिक्स में इसके संभावित अनुप्रयोगों पर विस्तृत चर्चा की। सम्मेलन के अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने तकनीकी विचारों का वैश्विक आदान-प्रदान मंच करार दिया। सम्मेलन में 6 से अधिक देशों से आए 75 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जो मशीन विजन, ह्यूमन-रोबोट इंटरैक्शन, सस्टेनेबल मैकेनिकल डिजाइन, एआई एकीकरण और औद्योगिक ऑटोमेशन जैसे उन्नत विषयों पर केंद्रित हैं।

# 10 फरवरी से शुरू होगा फाइलेरिया उन्मूलन के लिए निर्णायक सर्वजन दवा सेवन अभियान

❐ विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली , कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने फाइलेरिया की दवा खाने की ली शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने नेगलेक्टेड ट्रापिकल डिजीज(एनटीडी) दिवस के मौके पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में कहा कि फाइलेरिया, कालाजार जैसी उपेक्षित बीमारियों के उन्मूलन के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। विभिन्न तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं लेकिन बिना समुदाय के सहयोग के इन बीमारियों का उन्मूलन नहीं हो सकता।

आगामी 10 फरवरी से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए निर्णायक सर्वजन दवा सेवन(आईडीए) अभियान शुरू हो रहा है। सब लोग दवा खाएं और अपने घर-परिवार के लोगों को भी दवा खिलवाएं। पीसीआई के सहयोग से लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में सबसे पहले सैकड़ों विद्यार्थियों ने कैंपस में रैली निकाली और अपने साथियों को फाइलेरिया के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक बार हो जाए तो फिर इसका कोई इलाज नहीं है। इसलिए दवा खाना जरूरी है। आईडीए अभियान को चलाने में वॉलंटियर की अहम भूमिका है।

वहीं इस मौके पर सभी को फाइलेरिया की दवा खाने की शपथ भी दिलाई गई। विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि 51 जिलों के 782 ब्लाक में फैली फाइलेरिया बीमारी अब 21 जिलों के 64 ब्लाक में सिमट गई है। यह स्वास्थ्य विभाग के संगठित काम को दर्शाता है। इसी तरह अन्य उपेक्षित बीमारियों के लिए भी काम करना होगा। गेट्स फाउंडेशन के उपनिदेशक डॉ भूपेंद्र त्रिपाठी ने उपेक्षित बीमारियों के बारे में देश-प्रदेश की स्थिति रखी। राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ ए.के, चौधरी ने फाइलेरिया व कालाजार की प्रगति के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अभियान में विश्व स्वास्थ्य संगठन, पाथ, सीफार और जीएचएस संस्थाओं के साथ-साथ 3335 वॉलंटियर, जिनमें प्रधान, कोटेदार, फाइलेरिया मरीज़, एसएचजी सदस्य 853 गाँवों में फाइलेरिया और आईडीए के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं और सोशल मोबिलाइज़ेशन एक्टिविटी आयोजित कर रहे हैं। इसके अलावा पीसीआई के 84 वॉलंटियर भी जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर के निदेशक डॉ राकेश कुमार सिंह, निदेशक संचारी रोग डॉ रेखारानी, आईसीडीएस की डॉ. अनुपमा,गेट्स फाउंडेशन के डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी, एनएसएस की मंजू सिंह तथा फाइलेरिया व कुष्ठ रोग से जुड़े अधिकारियों और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया।

# सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध खनन को एसडीएम का बड़ा एक्शन, जेसीबी डंफर सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गौरा गांव में ग्राम सभा की पशुचर भूमि पर हुए अवैध खनन ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गाटा संख्या 1567/2 रकबा 2.661 हे0 की आंशिक भूमि पर लगातार करीब 10 दिनों से अवैध खनन का खेल चल रहा था, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि पुलिस जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी आंखें मूंदे बैठे रहे।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की शह पर ही अवैध खनन बेरोकटोक जारी रहा। कई बार शिकायत के बावजूद न तो पुलिस ने कार्रवाई की और न ही खनन कार्य को रुकवाया गया। ग्राम सभा की भूमि को नुकसान पहुंचता रहा और खनन माफिया खुलेआम मिट्टी उठाते रहे।मामला जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और ग्रामीणों ने मजबूर होकर एसडीएम पवन पटेल से शिकायत की, तब जाकर प्रशासन हरकत में आया। एडीएम के साथ मौके पर पहुंची टीम ने अवैध खनन को रंगे हाथों पकड़ा। एसडीएम कि सक्रियता से डम्पर और जेसीबी मौके पर पकड़ी जा सकी।कार्रवाई के समय एक डम्पर ठघ 32 ड्डग 9151और एक जेसीबी मशीन ठघ 32 ठग 1137 को सीज किया गया। डम्पर चालक अवनीत कुमार रावत निवासी निगोहा और जेसीबी चालक अमन यादव निवासी गोसाईगंज, लखनऊ को उपनिरीक्षक ललित कुमार सिंह के सुपुर्द किया गया। लेखपाल आशीष अवस्थी की रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि यह खनन बिना किसी विधिक अनुमति के ग्राम सभा की भूमि पर किया जा रहा था, जिस पर एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई अपेक्षित है।मौके पर पहुंचकर एसडीएम ने लापरवाही और संदिग्ध भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मियों को कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसी शिकायतों को नजरअंदाज किया गया तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।इस पूरे प्रकरण ने यह साफ कर दिया है कि यदि प्रशासनिक स्तर पर समय रहते ईमानदार कार्रवाई होती, तो ग्राम सभा की कीमती भूमि को लूटने से बचाया जा सकता था। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच होगी, या मामला सिर्फ खनन करने वालों तक ही सीमित रह जाएगा।

# ई रिक्शा संचालन प्रणाली का अभिषेक गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया शुभारंभ

❒ इस पहल का मुख्य उद्देश्य नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद, सीतापुर । जिलाधिकारी सीतापुर के निर्देश के क्रम में नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर द्वारा नगर में ई.रिक्शा संचालन को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से ई.रिक्शा संचालन प्रणाली का शुभारंभ शुक्रवार 30 जनवरी को किया गया। इस प्रणाली का उद्घाटन समाजसेवी एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता द्वारा किया गया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नगर पालिका द्वारा अब तक कुल 328 ई.रिक्शाओं का पंजीकरण किया जा चुका है।ई.रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने हेतु नगर में पाँच निर्धारित रूट बनाए गए हैं। प्रत्येक रूट को अलग.अलग कलर कोड प्रदान किया गया है। जिसमें रूट नं 01 लखनऊ चुंगी से खैराबाद थाना तक, 02 डी0जे0 कालेज चैराहा से बिसवां रोड, 03 डी0जे0 कालेज चैराहा से सीतापुर रोड, 04 डी0जे0 कालेज चैराहा से कसरैला लहरपुर रोड तथा 05 डी0जे0 कालेज चैराहा से मछरेहटा रोड हैं सभी पंजीकृत ई.रिक्शाओं पर होलोग्राम/क्यू आर0 कोड युक्त स्टीकर लगाया गया है, जिसमें वाहन चालक का पूरा विवरण अंकित रहेगा। जिसे स्कैन करने पर वाहन/ वाहन चालक स्वामी का पूरा विवरण प्रदर्शित होगा।नगर पालिका परिषद द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि अब सभी ई.रिक्शा केवल अपने निर्धारित रूट पर ही संचालित होंगेए जिससे अव्यवस्थित संचालन पर नियंत्रण लगेगा और यात्रियों को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन सुविधा प्राप्त होगी।नगर पालिका परिषद खैराबाद का यह प्रयास नगर के यातायात प्रबंधन को आधुनिकए पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम में प्रेम शंकर गुप्ता अधिशासी अधिकारी, मनोज कुमार राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक व समस्त सभासदगण के साथ नगर पालिका के कर्मचारी नदीम आलम, प्रदीप कुमार, मो0 रिज़वान, अनुज कुमार, तौफीक अहमद, सुमेन्द्र मिश्रा (गोलू), राम कुमार, शैलेन्द्र कुमार, धीरज कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

# विशेष जिला सलाहकार समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को विशेष जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी बैंकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी बैंक लक्ष्य के अनुरूप ऋण जमा अनुपात सुनिश्चित करें। सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, इंडियन बैंक, जिला सहकारी बैंक सहित अन्य खराब प्रगति वाली बैंकों के अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं जैसे सीएम युवा उद्यमी योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना, एनआरएलएम सहित अन्य योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप पात्रों को लाभान्वित किया जाये। अस्वीकृत किये गये आवेदनों की पुनः समीक्षा किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।

उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त कारण के कोई भी आवेदन अस्वीकृत न किया जाये। लम्बित आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। समस्त सरकारी विभागों को निर्देशित किया कि निरस्त किए गए आवेदन को पुनः बैंकों को प्रेषित करे जिसमें उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र, पशुपालन विभाग और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया।बैठक के दौरान डी0सी0एन0आर0एल0एम0 चन्दन देव पाण्डेय, लीड बैंक मैनेजर सहित संबंधित अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।

## कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार, शराब बनाने के उपकरण बरामद

शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तिलहर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम धन्यौरा में छापेमारी की और शराब बनाते हुए आदेश पुत्र जगदीश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 10 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद करते हुए मौके पर ही करीब 40 लीटर लहन नष्ट किया।? पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त आदेश पुत्र जगदीश पर थाना तिलहर में करीब डेढ़ दर्जन आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के उपनिरीक्षक मोहम्मद मारूफ के साथ हेड कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार, कांस्टेबल जोनी कुमार, कमल धामा मौजूद रहे।

# मिश्रिख में बौद्ध कथा का भव्य आयोजन

❒ भिक्षु शील रतन ने शिक्षा और पाली भाषा अध्ययन की योजना बताई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जनपद के मिश्रिख क्षेत्र में आयोजित बौद्ध कथा कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सदस्य बौद्ध भिक्षु शील रतन एवं इंजीनियर प्रेम सिंह शाक्य अध्यक्ष राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड ने सहभागिता की।

बौद्ध भिक्षु शील रतन ने अपने ओजस्वी प्रवचन के माध्यम से बौद्ध धर्म के सिद्धांतों, करुणा, अहिंसा और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने यह भी बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के अंतर्गत इंटरमीडिएट पास करने वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाली भाषा में स्नातक कराने की योजना चलाई जा रही है, जिससे बच्चों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकें।वहीं कार्यक्रम में मौजूद इंजीनियर प्रेम सिंह शाक्य ने बच्चों और युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे मजबूत माध्यम है और हर बच्चे को पढ़ाई के प्रति जागरूक होना चाहिए।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सतीश मौर्य, अमरपाल गुड्डू, ग्राम प्रधान लोकनाथ मौर्य, प्रमोद मौर्य सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा राम मिलन मौर्य, प्रदीप मौर्य, प्रदीप राजवंशी, पवन मौर्य, राजेश गौतम, महेंद्र मौर्य, महेश मौर्य, रवि राजवंशी, गया प्रसाद मौर्य, धर्मेंद्र मौर्य, अंकित मौर्य, सूरज मौर्य, आशीष गौतम, कुलदीप गौतम, देशराज मौर्य, राजीव मौर्य, शिवम मौर्य, मूलचंद्र गौतम, कमलेश गौतम, पुत्तीलाल गौतम, अखिलेश मौर्य, अनीत गौतम, संदीप गौतम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान किया गया और लोगों ने बौद्ध धर्म के संदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## थाना कांट में बाल मित्र केंद्र व मिशन शक्ति केंद्र का हुआ शुभारंभ

शाहजहांपुर। एसपी ने थाना कांट परिसर में बाल मित्र केंद्र एवं मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान एसपी ने बताया कि बाल मित्र केंद्र का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना है। यहां महिला पुलिसकर्मियों और थाना पर आने वाले लोगों के बच्चों को सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण मिलेगा। इसके अलावा बच्चों की काउंसलिंग, मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मिशन शक्ति केंद्र का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण सुरक्षित करना है। महिला सुरक्षा संबंधी योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों, पुलिस सेवाओं एवं कानून की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। महिलाओं से संबंधित अपराधों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी पुवायां सहित थाना कांट का स्टाफ मौजूद रहा।

# फिट दिखने के बाद भी हो रही दिल की बीमारियां नियमित हेल्थ चेक-अप को अपनी आदत बनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। आजकल केवल बाहर से फिट दिखना सेहत की गारंटी नहीं है। खासकर दिल से जुड़ी बीमारियों के मामले में यह सोच खतरनाक साबित हो सकती है, क्योंकि लगभग 50 प्रतिशत मामलों में शुरुआती लक्षण दिखाई ही नहीं देते। इसी को लेकर शुक्रवार को मेदांता हॉस्पिटल की ओर से शाहजहांपुर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें दिल, दिमाग और रेडियोलॉजी से जुड़ी अहम जानकारियां आम लोगों के साथ साझा की गईं। डायरेक्टर क्लिनिकल एंड प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी डॉ. रामकीर्त सरन ने कहा कि आज भी कई लोग यह मानते हैं कि अगर वे ओवरवेट नहीं हैं तो उन्हें दिल से जुड़ी बीमारियां नहीं हो सकतीं, जबकि यह धारणा पूरी तरह गलत है। उन्होंने बताया कि हार्ट डिजीज से जुड़े करीब 50 प्रतिशत मामलों में शुरुआती संकेत नहीं मिलते। तीनों कोरोनरी आर्टरीज में से किसी एक आर्टरी में अगर 60 प्रतिशत तक ब्लॉकेज हो, तब भी कई बार कोई लक्षण नहीं दिखता। यही कारण है कि सामान्य जांच में 30 से 50 प्रतिशत तक ब्लॉकेज पकड़ में नहीं आ पाते। सीने में दर्द या जलन को लोग अक्सर गैस समझकर नजरअंदाज कर देते हैं और डायजीन जैसी दवाइयों का इस्तेमाल करने लगते हैं, जो खतरनाक हो सकता है। ऐसी स्थिति में सीटी एंजियोग्राफी और कोरोनरी कैल्शियम स्कोर जैसे टेस्ट मददगार होते हैं, जिनसे 20 प्रतिशत ब्लॉकेज तक का भी पता लगाया जा सकता है। कहा कि बीपी, कोलेस्ट्रॉल और शुगर को कंट्रोल में रखना बेहद जरूरी है। तंबाकू सेवन से दूरी और शराब का सीमित या शून्य सेवन दिल की सेहत के लिए फायदेमंद है। उन्होंने नियमित फिजिकल एक्टिविटी और रोजाना वॉक को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की सलाह भी दी। डायरेक्टर न्यूरोसर्जरी डॉ. कमलेश सिंह ने बताया कि दिमाग से जुड़ी कई गंभीर बीमारियां भी शुरुआत में बिना किसी साफ लक्षण के आगे बढ़ती रहती हैं। अचानक सिरदर्द, हाथ-पैर में कमजोरी, बोलने में दिक्कत या चक्कर आना जैसे लक्षणों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। समय पर जांच और सही इलाज से ब्रेन से जुड़ी कई जटिल स्थितियों में जान बचाई जा सकती है। रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग डायरेक्टर डॉ. रोहित अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में रेडियोलॉजी और इमेजिंग जांच बीमारियों की शुरुआती पहचान में बेहद अहम भूमिका निभा रही हैं। सही समय पर कराई गई जांच कई बार बड़ी सर्जरी या जटिल इलाज से भी बचा सकती है। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टरों ने लोगों से अपील की है कि वे केवल लक्षणों के भरोसे न रहें, बल्कि नियमित हेल्थ चेक-अप को अपनी आदत बनाएं, ताकि गंभीर बीमारियों को समय रहते रोका जा सके।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम व पोस्टर प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता के निर्देश के क्रम में व जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ विनीत कुमार त्रिवेदी, शिक्षक द्वारा सभी को बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पूर्णतया नहीं हो पता है जिससे बालक एवं बालिकाओं का पूरा जीवन अंधकारमय बीतता है । बाल विवाह बच्चों का बचपन छीन लेता है और उनकी खुशहाली को खतरे में डाल देता है।

योगाचार्य डॉ रवि प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि 18 साल से कम उम्र में शादी करने वाली लड़कियों के घरेलू हिंसा का शिकार होने की संभावना ज्यादा होती है और उनके स्कूल में बने रहने की संभावना भी कम होती है क्योंकि बालिकाओं का संपूर्ण विकास एक उम्र के बाद ही होता है। जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह द्वारा बताया गया कि बाल विवाह करना एक कानून अपराध है यदि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह करता है तब उसको 1 लाख रुपए जुर्माने 2 वर्ष तक का कठोरतम कारावास या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा। परिवार, समाज, समुदाय एवं देश के प्रत्येक नागरिक को बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय सहभागिता के साथ बाल विवाह का अंत करना होगा तभी बाल विवाह मुक्त भारत संभव हो सकेगा। टीम द्वारा बताया गया कि विवाह करने की उम्र लड़की की 18 वर्ष से अधिक तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। ''मैं शपथ लेता/लेती हूँ कि मैं बाल विवाह के खिलाफ हर संभव प्रयास करूँगा/करूँगी, यह सुनिश्चित करूँगा/करूँगी कि मेरे परिवार, पड़ोस या समुदाय में किसी भी बच्चे का बाल विवाह न हो, और बाल विवाह के किसी भी प्रयास की सूचना पंचायत और सरकार को दूँगा/दूँगी ताकि 'बाल विवाह मुक्त भारत' का निर्माण हो हो सके।''

# डीएम की अध्यक्षता में भवन मानचित्रों की स्वीकृति को लेकर समाधान दिवस कैम्प का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली । जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष रायबरेली विकास प्राधिकरण हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में रायबरेली विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत शमन मानचित्रों एवं ओबीपीएएस पोर्टल पर भवन मानचित्रों की स्वीकृति हेतु समाधान दिवस कैंप का आयोजन रायबरेली विकास प्राधिकरण के सभागार में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा समाधान दिवस में आए हुवे जन मानस की समस्याएं सुनीं गई तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। आज के आयोजित समाधान दिवस में शमन एवं ओ0बी0पी0ए0एस0 से सम्बन्धित 25 मानचित्रों का निस्तारण किया गया है, जिसके अन्तर्गत धनराशि रू0 01 करोड़ 34 लाख प्राधिकरण को प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त रूपये 02 करोड़ 25 लाख की 18 आर0सी0 जारी की गई। समीक्षा में अवगत कराया गया कि जनवरी माह में 41 प्रवर्तन की कार्यवाही की गई है, जिलाधिकारी ने प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/सचिव आर0डी0ए0 विशाल कुमार यादव, उप जिलाधिकारी सचिन यादव सहित संबंधित आर0डी0ए0 के अधिकारी उपस्थित रहें।

## मछरेहटा विकासखंड में सीडीओ का औचक निरीक्षण, कागजी कार्रवाई पर रही असंतुष्ट




**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के मछरेहटा विकासखंड में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकासखंड कार्यालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विकासखंड परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई, लेकिन अभिलेखों एवं कागजी कार्रवाई में कई कमियां सामने आई हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित कागजी कार्यवाही को शीघ्र पूर्णकिया जाए।निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सीडीओ ने अधिकारियों को अभिलेखों के नियमित अद्यतन तथा कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।*निरीक्षण से पूर्व मुख्य विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सड़िला पहुंचीं, जहां ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या, साफ-सफाई की कमी एवं जल निकासी की व्यवस्था न होने जैसी समस्याएं सामने रखीं। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

## लहरपुर में ई-रिक्शा संचालन को मिली नई दिशा, पालिकाध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने हरी झंडी दिखाकर पांच निर्धारित रूटों पर किया रवाना

**लहरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सीतापुर के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद लहरपुर में ई रिक्शा के संचालन हेतु पांच रूटों का निर्धारण किया गया हैए जिसमें रूट संख्या बिसवां चौराहा से खैराबाद मार्ग रूट नंबर बिसवां चौराहा से तम्बौर मार्ग रूट नम्बर बिसवां चौराहा से बिसवां मार्ग रूट नंबर बिसवां चौराहा से तहसील, कैसरीगंज होते हुए हरगांव मार्ग व रूट नम्बर 5 मजाशाह चौराहे से केसरीगंज होते हुए लखीमपुर/भदफर मार्ग का निर्धारण किया गया है। इस हेतु रोड पर बोर्ड भी लगा दिए गए हैं और ई-रिक्शा पर क्यूआर कोड भी चस्पा कर दिया गया है। निर्धारित रोड पर ही ई रिक्शा संचालित किए जाएंगे। इस हेतु आज दिनांक 30.01.2026 को अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद लहरपुर, उपजिलाधिकारी लहरपुर व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लहरपुर, बिसवां गेट चौराहे पर हरी झंडी दिखाकर ई रिक्शा को संबंधित रूट पर रवाना किया गया इस मौके पर नगर के तमाम ऑटो रिक्शा चालक मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों में मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सम्पन्न कराये जायें तथा शैक्षणिक लक्ष्यों की समय से प्राप्ति सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाये तथा संबंधित अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता की जांच अवश्य करें। विलम्ब से चल रही योजनाओं में नियमानुसार कटौती प्रस्तावित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों में बालिका शौचालय की जांच कराते हुये 05 कार्यदिवस के भीतर फोटोयुक्त आख्या प्रस्तुत की जाये। उन्होंने डी0बी0टी0 के माध्यम से देय राशि समय से अन्तरित की जाये। विद्यालयों में छात्रों को समाचार पत्र पढ़ने हेतु प्रेरित किया जाये। वाटर बेल हेतु समय निर्धारित करते हुये इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विद्यालयों को प्रेषित समस्त प्रकार की धनराशि का व्यय समय से सुनिश्चित कराया जाये। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतगणना सामग्री किट तैयार, क्रय किये जाने के लिये जेम पोर्टल पर कस्टम बिड प्रकाशित

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली अंजू लता ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन, 2026 हेतु आयोग के मानक के अन्तर्गत मतगणना सामग्री किट तैयार/क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर कस्टम बिड संख्या क्क्ख्र/2026/3/7159107 तिथि 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित कर दी गयी है, बीड बंद होने की तिथि 12 फरवरी 2026 समय अपरान्ह 03:00 बजे तथा बिड खुलने की तिथि 12 फरवरी 2026 को समय अपरान्ह 03:30 बजे है तथा मतगणना सामग्री किट कुल अनुमानित लागत रु0 2,87,200/- (मु0 दो लाख सत्तासी हजार दो सौ मात्र) है।

# जमीन बेचने के नाम पर उत्तराखंड के दम्पति ने 5.10 लाख रुपये हड़पे, केस दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मुरादाबाद । मुरादाबाद के थाना छजलैट क्षेत्र निवासी ग्रामीण से जमीन बेचने के नाम पर उत्तराखंड के दम्पति ने 5.10 लाख रुपये लेकर हड़प लिए। रकम वापस मांगने पर पीड़ित को धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित दम्पति के खिलाफ शुक्रवार को केस दर्ज किया है।

छजलैट थाना क्षेत्र के गांव महेंद्री सिकंदरपुर निवासी यशपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छह माह पूर्व उनकी मुलाकात उत्तराखंड के उधमसिंह नगर के बाजपुर निवासी जयप्रकाश से हुई थी। यशपाल के अनुसार, जयप्रकाश ने जमीन दिलाने की बात कहकर उनसे 5 लाख 10 हजार रुपये ले लिए। जिसमें से दो लाख रुपये नकद और 3.10 लाख रुपये ऑनलाइन खाते में ट्रांसफर कराए।पीड़ित के अनुसार तब से अब तक कई बार कहने के बाद भी न तो जमीन दिलाई और न पैसे वापस किए। इतना ही नहीं आरोपित जयप्रकाश और उसकी पत्नी पूजा ने झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी।एसएचओ छजलैट प्रदीप कुमार सहरावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर आज आरोपित जयप्रकाश और उसकी पत्नी

# ड्रोन से रेकी कर 40 चोरियां करने वाले तीन सगे भाई गिरफ्तार, 70 लाख की सम्पत्ति का खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । जनपद की कमिश्नरेट बिठूर पुलिस ने ड्रोन से रेकी कर सूने मकानों को निशाना बनाने वाले तीन शातिर सगे भाइयों को गिरफ्तार कर बड़ी चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। आरोपित भाइयों ने बीते चार महीनों में करीब 40 चोरी की वारदातों को अंजाम देकर लगभग 70 लाख रुपये की सम्पत्ति अर्जित की, जिससे उन्होंने लग्जरी कार खरीदी और मकान का निर्माण कराया।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पकड़े गए आरोपी ड्रोन कैमरे की मदद से इलाके की रेकी करते थे और शादी या अन्य कार्यक्रमों के दौरान खाली पड़े घरों को चिन्हित कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।उन्होंने बताया कि मंधना के ग्राम बगदौदी निवासी चंद्रशेखर, जो फतेहगढ़ स्थित पुलिस विभाग के वेतन भुगतान कार्यालय में बाबू के पद पर तैनात हैं। बीते चार नवम्बर को उनकी बेटी की शादी थी और पूरा परिवार पास के गेस्ट हाउस में गया हुआ था। इसका फायदा उठाकर चोरों ने घर से 7.75 लाख रुपये के जेवरात और छह लाख रुपये नकद चोरी कर लिए थे।इसके अलावा 21 जनवरी को कन्नौज के छिबरामऊ निवासी प्रवीण कुमार और कानपुर के होरा बांगर गांव निवासी रविंद्र कुमार के घरों में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था।पुलिस ने सर्विलांस की मदद से मैनपुरी निवासी मुकेश राजपूत, आकाश उर्फ ढिल्ला राजपूत और मनोज कुमार उर्फ सूरज राजपूत को बिठूर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के कब्जे से चोरी का भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया है।बरामद सामान में स्मार्ट वॉच, साधारण घड़ी, पीली धातु के कान के झुमके व नाक की कील, भारत गैस का एलपीजी सिलेंडर, दो की-पैड मोबाइल फोन, एलजी कंपनी का एलईडी टीवी, टूटा टैबलेट, करीब 18,500 रुपये नकद, सफ़ेद धातु का 50 ग्राम का सिक्का, अंगूठी, लॉकेट, हाथ के कड़े, बिछिया, पायल की लड़ियां, बच्चों के कड़े, कमरबंद, पीली धातु का सिक्का व लॉकेट तथा 176 नेपाली सिक्के शामिल हैं।वहीं चोरी में प्रयुक्त औजारों में गैस कटर सिलेंडर, कटिंग प्लायर, आरी, दो संबल और छैनी बरामद की गई है। इसके साथ ही एक ड्रोन कैमरा और घटना में प्रयुक्त कार भी पुलिस ने जब्त की है।डीसीपी ने बताया कि वर्तमान में तीनों आरोपित कानपुर देहात के शिवली क्षेत्र में रह रहे थे। गिरोह का सरगना आकाश राजपूत है, जिसने हाल ही में शिवली के बागपुर में करीब 25 लाख रुपये की लागत से मकान बनवाया है। इसके अलावा उसने 200 और 75 वर्ग गज के दो प्लॉट भी खरीदे हैं। इन सभी संपत्तियों की अनुमानित कीमत लगभग 70 लाख रुपये है।पुलिस के अनुसार तीनों आरोपित शातिर किस्म के चोर हैं और इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। मुकेश राजपूत के खिलाफ पांच, आकाश राजपूत के खिलाफ 11 और मनोज कुमार के खिलाफ चार आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# खनन माफिया ने एआरटीओ से की अभद्रता, जान से मारने की धमकी, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

> ❒ एआरटीओ हरिओम कुमार की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है

बदायूं। खनन कर लाए जा रहे बालू भरे दो डंपरों को एआरटीओ ने अपनी टीम के साथ बृहस्पतिवार अपराह्न करीब 11:30 बजे फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव कोकेरा के पास पकड़ लिया। कागज चालकों से मांगे तो उन्होंने दे दिए और डंपरों को छोड़कर भाग गए।

इस दौरान एक खनन माफिया को टीम ने पकड़ लिया। टीम डंपरों को लेकर थाने जा रही थी कि तभी तीन माफिया ने एआरटीओ की कार के आगे अपनी कार लगा दी और अभद्रता करने लगे। उन्होंने थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस को देखकर आरोपी भाग निकले, जबकि एक माफिया को पुलिस ने पकड़ लिया। थाने लाकर एआरटीओ हरिओम कुमार की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एआरटीओ प्रशासन व प्रवर्तन हरिओम ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान टीम को फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव कोकेरा के पास दो डंपर बालू खनन कर लाते दिखे, जिनको रोककर चेक किया गया। चालकों से कागज मांगे तो उन्होंने कागज दे दिए। इसी दौरान चालक भाग निकले। कागज चेक करने के बाद डंपरों को थाने लाने के लिए टीम तैयारी कर रही थी। इसी दौरान एक कार में सवार होकर तीन लोग मौके पर आ गए। कार के आगे अपनी कार लगाकर एआरटीओ से बात करने को कहा।

उन्होंने जब कोई बात न करने की बात कही तो अभद्रता करने लगे। खनन माफिया ने जान से मारने की धमकी तक दे डाली। इसी दौरान टीम ने डायल 112 को फोन पर सूचना दे दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस को देखकर कार सवार खनन माफिया भागने लगे। इसी दौरान पुलिस ने एक आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया। वहीं पकड़े गए आरोपी से पुलिस ने थाने लाकर पूछताछ की तो उसने बताया कि वह रामपुर जिले से बालू लेकर बदायूं जिले में आते हैं। बताया, उनको बिसौली क्षेत्र में बालू उतारनी थी, लेकिन उससे पहले एआरटीओ ने डंपरों को रोक लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नासिर निवासी रामपुर बताया है। वह अन्य तीन लोगों के नाम नहीं बता सका। पुलिस ने नासिर को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने व अभद्रता करने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वहीं 1.5 लाख का लगाया जुर्माना खनन माफिया के हस्तक्षेप के बाद चालक बालू भरे डंपरों को लेकर कार्रवाई के दौरान ही लेकर भाग गए, लेकिन कागज टीम पहले ही ले चुकी थी। उसी के आधार पर एक डंपर पर 70 हजार तो दूसरे पर 80 हजार रुपये जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई है। इसी के साथ एक अन्य डंपर को ओवरलोड ले जाते पकड़ लिया। कागज देखने के बाद 68 हजार रुपये का चालान किया गया। हालांकि, डंपर चालक ने जुर्माना जमा कर दिया, जिसके बाद उसको जाने दिया गया। वहीं बरेली में खनन करते पकड़े गए डंपरों के नंबर ऑटो, ई-रिक्शा और बाइकों के मिले थे। इसको लेकर एआरटीओ ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही थाना पुलिस भी इसकी जांच में जुट गई है। यह डंपर चालक परिवहन विभाग को ओवरलोड वाहनों की सूची मुहैया नहीं कराते हैं। इससे परिवहन व खनन विभाग को राजस्व की क्षति हो रही है। बृहस्पतिवार को फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में प्रवर्तन टीम को जान से मारने की धमकी के साथ अभद्रता की गई। अब इस मामले में जांच के बाद खनन माफिया की परतें खुलकर सामने आ सकेंगी।

## नगर के बस स्टेशन स्थित दिशा टैली एकेडमी पर लगे गम्भीर आरोप

सुल्तानपुर। नगर के बस स्टेशन स्थित दिशा टैली एकेडमी पर वह के एक प्रशिक्षणार्थी ने गंभीर आरोप लगाते हुए नायलेट को लिखित शिकायत किया है। नगर के करौंदिया निवासी अनूप मिश्रा द्वारा नई दिल्ली स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट अफ इलेक्ट्रनिक्स एंड इन्फर्मेशन टेक्नोलजी को की गई शिकायत के अनुसार जनपद सुल्तानपुर में बस स्टेशन स्थित दिशा टैली एकेडमी संचालक प्रभात पांडेय ने ओ लेबल कंप्यूटर कोर्स करवाने के लिए उससे 36,000 रुपए लिए। उन्होंने पास होने की गारंटी बताकर उससे ये रुपए लिए, जिसे उसने अन लाइन दिया है। जिसका उसके बाद पूरा रिकर्ड भी उपलब है। परीक्षा में फ़ेल हो जाने पर जब उसने उनसे अपने द्वारा दिए पैसे वापस मांगे तो उन्होंने इसे अपमानित करते हुए भगा दिया। हारकर उसने नायलेट को शिकायत करके दिशा टैली एकेडमी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने तथा अपने पैसे वापस दिलवाए जाने की मांग की है।

# शहीद दिवस पर पुलिस कार्यालय बदायूँ में भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूँ। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस कार्यालय बदायूँ में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 30 जनवरी का दिन हमें उन महान आत्माओं के त्याग, तपस्या और बलिदान की स्मृति कराता है, जिनकी बदौलत आज हम एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा दिखाए गए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। साथ ही उन्होंने पुलिस बल एवं सशस्त्र बलों के जवानों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका समर्पण हम सभी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ देश सेवा करने की प्रेरणा देता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ करें तथा शहीदों के सपनों का भारत बनाने में अपना योगदान दें।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री विजयेन्द्र द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रजनीश कुमार उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ. देवेन्द्र कुमार सहित सभी शाखाओं के प्रभारी, पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शहीदों के प्रति नमन और राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ किया गया।

# कंग्रेसियों ने मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस

## भाजपा सरकार पर जमकर बरसे कंग्रेसी, महात्मा गांधी के विचारों को मिटाने की साजिश रच रही है भाजपा : अभिषेक सिंह राणा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सुल्तानपुर। शुक्र्वार को कंग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांाी के शहादत दिवस मनाया। कंग्रेस जिलायक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व एवं शहर अयक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति में शहर के सुपर मार्केट स्थित गांाी पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। रघुपति राघव राजा राम का पाठ व विचार गोष्ठी कर राष्ट्रपिता के .तित्व व व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। इस दौरान कंग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांाी की प्रतिमा पर माला पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। गांाी पार्क में आयोजित विचार संगोष्ठी को संबोाित करते हुए जिलायक्ष अभिषेक सिंह राणा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश में महात्मा गांाी के नाम, विचार और प्रतीकों को योजनाबद्ध तरीके से मिटाने की साजिश की जा रही है भाजपा सरकार नफरत हिंसा और विभाजन की राजनीति के जरिए गांाी जी की अहिंसा और भाईचारे की विचाराारा को कुचलना चाहती है, लेकिन कंग्रेस इसे कभी सफल नह होने देगी। उन्होंने कहा कि गांाीजी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को आज़ादी दिलाई जबकि आज की भाजपा सरकार झूठ डर और दमन के सहारे सत्ता चलाना चाहती है। संविाान और लोकतंत्र पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। जो लोग गांाीजी के हत्यारों की विचाराारा से प्रेरित हैं वे कभी देशहित में नह हो सकते। राणा ने आगे कहा कि भाजपा सरकार इतिहास को बदलने महापुरुषों के योगदान को कमतर दिखाने और युवाओं को गुमराह करने का काम कर रही है। कंग्रेस पार्टी गांाीजी के विचारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी और जरूरत पड़ी तो हर गांव हर गली में जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा। शहर अयक्ष शकील अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से देश में बेरोजगारी महंगाई और सामाजिक वैमनस्य चरम पर है। गांाीजी के विचार ही आज देश को जोड़ने का काम कर सकते हैं और कंग्रेस उन्ह विचारों के साथ जनता के बीच खड़ी है। कंग्रेस नेता सुरेशचंद्र मिश्र ने कहा कि गांाीजी को बदनाम करने और उनके योगदान को भुलाने की कोशिश देश को कमजोर करने की साजिश है। वह जनार्दन शुक्ल ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां गांाीवाद के खिलाफ हैं और कंग्रेस इसका डटकर विरोा करती रहेगी। वरिष्ठ नेता विजय श्रीवास्तव ओमप्रकाश सिंह हमीद राईनी विजय पाल आदि लोगों ने भी कार्यक्रम को संबोाित किया। कार्यक्रम के अंत में कंग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे महात्मा गांाी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संविाानिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। इस मौके पर सुब्रत सिंह सनी, आवेश अहमद, रंजीत सिंह सलूजा, अतहर नवाब, कुमारी निकलेस सरोज, इंतजार अहमद, राजीव कुमार सिंह, सलाहुद्दीन हाशमी, शरद श्रीवास्तव समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे। जनपद के अन्य ब्लकों में भी कंग्रेस नेतृत्व द्वारा चलाये जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत राष्ट्रपिता के शहादत दिवस पर ब्लक अयक्षों द्वारा चौपाल औऱ ारना प्रदर्शन का कार्यक्रम कर मनरेगा की बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

## परिवहन निगम ने लखनऊ के लिए शुरू कीं दो एसी बसें

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले से भले ही ट्रेन सेवा लखनऊ के लिए नहीं है, लेकिन परिवहन निगम ने दो एसी दो बसों का संचालन शुरू करके यात्रियों को राजधानी से सीधे जोड़ दिया है। एक बस सुबह छह बजे बदायूं डिपो से रवाना होगी। वहीं कैसरबाग डिपो की बस सुबह छह बजे लखनऊ से बदायूं के लिए रवाना होगी। अपराह्न 12:30 बजे तक दोनों बसें अपने-अपने निर्धारित समय स्थान पर पहुंचकर करीब एक घंटे रुकने के बाद वापस रवाना हो जाएंगी। एआरएम राजेश पाठक ने बताया कि बदायूं डिपो से बस सुबह छह बजे चलकर अपराह्न 12:30 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वहीं लखनऊ से चलने वाली बस बदायूं स्टैंड पर अपराह्न 13:30 बजे पहुंचेगी। अपराह्न 1:30 बजे यात्रियों को लेकर वापस लखनऊ रवाना हो जाएगी। वहीं लखनऊ से भी इसी समय बस बदायूं के लिए प्रस्थान करेगी। एक जोड़ी बस का संचालन शुरू होने से यात्रियों को अब लखनऊ आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

## आशा कर्मियों की हड़ताल का 47वां दिन, सरकार पर रोष

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आशा कर्मियों की हड़ताल आज 47वें दिन में प्रवेश कर गई। मालवीय आवास मैदान में धरने पर बैठी आशा कर्मियों ने सरकार पर संवेदनहीन होने और उनकी मांगों पर ध्यान न देने का आरोप लगाया।जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने बताया कि कड़कड़ाती ठंड में प्रदेश की 1 लाख से अधिक आशा कर्मियों को खुले आसमान के नीचे बैठना पड़ा। आशा कर्मियों ने खून से लिखा मांग पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा। आज जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन और 9 फरवरी को लखनऊ कूच कर मांगों को पूरा कराने का ऐलान किया जायेगा।

## एसआईआर में लोगो की मदद कर रहे है शोबी

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरकार द्वारा प्रदेश में गहन विशेष गहन पुनरीक्षण का काम कार्य फिर से जोरों पर है जिन लोगों को नोटिस प्राप्त हुए हैं, उनको नोटिस का जवाब देने के लिए मतदान स्थलों पर सरकारी कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं, और 31 जनवरी और 1 फरवरी को सरकार ने सभी बीएलओ को बूथ पर रहकर नए वोट बनवाने हेतु और संशोधन करवाने हेतु फॉर्म जमा करने के लिए आदेशित भी कर दिया है इसी बीच में समाजसेवी फखरे अहमद शोबी ने फिर में एक नई पहल की है उन्होंने एक सहायता कैंप का शुभारंभ किया है जिसमें 2026 की ड्राफ्ट लिस्ट मौजूद है लोग जाकर उसमें अपना और अपने परिवार का नाम देख सकते हैं इसके अलावा फॉर्म नंबर छः और फॉर्म नंबर आठ भी यहां उपलब्ध है कैंप पर अपने फॉर्म भरवा सकते है, और अपने बीएलओ को जमा कर सकते हैं, इसके अलावा उन्होंने पूरे शहर में तीन पहिया वाहनों से लोगो को जागरूक करने हेतु प्रचार भी करा रहे हैं, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों इस अभियान के सहभागीता करें, फखरे अहमद शोबी ने बताया कि सरकार द्वारा विशेष अभियान के तहत 31 जनवरी और एक फरवरी को नए वोट बनवाने और वोट को संशोधित करने के लिए सभी बीएलओ अपने बूथों पर बैठेंगे सभी की जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने बूथ पर जाकर अपना बोर्ड बनवाएं और अगर बोर्ड में कोई त्रुटि है, तो उसे संशोधित करा सकते हैं, हर प्रकार की समस्या के लिए सरकार आपके साथ खड़ी है।

# डीएम एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की स्थिति तथा व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लेना रहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला कारागार के विभिन्न बैरकों, प्रवेश द्वार, सुरक्षा घेरे, रसोईघर, चिकित्सालय, मुलाकात कक्ष एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण में किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु, प्रतिबंधित सामग्री का मिलना प्रकाश में नहीं आया। जिलाधिकारी ने कारागार प्रशासन को निर्देश दिए कि बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित सुविधाएं नियमानुसार उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, भोजन की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी बृजेश कुमार सिंह, कारागार अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवक के सिर पर तमंचे की बट से किया हमला

बदायूं। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव सुरसैना में पकौड़ी बेचने वाले युवक और उसके परिवार के लोगों पर तीन लोगों ने बुधवार को जानलेवा हमला कर दिया। एक युवक ने तमंचे की बट से युवक के सिर पर कई वार किए। शोर सुनकर आसपास के लोग भी पहुंच गए। उन्होंने युवक को तमंचे के साथ पकड़ लिया। उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। कोर्ट से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। गांव सुरसैना निवासी रामपाल ने बताया कि उनका बेटा राधेश्याम गांव में ही अपनी पकौड़ी की दुकान पर था। शाम करीब 5:30 बजे बरेली निवासी दुर्गेश और उसके साथी मोनू पंडित एक अन्य व्यक्ति के साथ वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दुर्गेश ने राधेश्याम के सिर पर तमंचे की बट से कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे रामपाल और उनके नाती कुलदीप ने आरोपी दुर्गेश को तमंचे समेत मौके पर ही दबोच लिया। हालांकि, उसके अन्य साथी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। आरोपी की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। बाद में ग्रामीणों की मदद से पकड़े गए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जानलेवा हमले की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक सुपेन्द्र मलिक को सौंपी है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# एकता विकास प्रदर्शनी आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। गांधी ग्राउंड में आयोजित एकता विकास प्रदर्शनी एवं अंडर वाटर फिश टनल 'जल परी' का भव्य उद्घाटन पूर्व मंत्री आबिद रज़ा और नगर पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह के दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, व्यापारी तथा आम नागरिक मौजूद रहे। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, एकता और विकास की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि एकता विकास प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं, नवाचारों और सामाजिक संदेशों की जानकारी मिलती है, जो समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने आयोजकों को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई दी। नगर पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए यह प्रदर्शनी ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ मनोरंजन का भी बेहतरीन माध्यम है। विशेष रूप से अंडर वाटर फिश टनल 'जल परी' लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से शहर में सकारात्मक माहौल बनता है और लोगों को नया अनुभव प्राप्त होता है। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने प्रदर्शनी का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सराहना की। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान गांधी ग्राउंड में मेले जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। देर शाम तक लोगों की भीड़ प्रदर्शनी और फिश टनल का आनंद लेती रही। आयोजन को लेकर शहरवासियों में उत्साह बना हुआ है और आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। इस कार्यक्रम मे सभासद मुकेश साहू, सभासद मोहित सक्सेना, बब्लू, इक़्बाल अहमद, ओमप्रकाश, सुनील गुप्ता, बंटी साहू, अहमद हुसैन, शाहरुख अल्वी, अंकित अग्रवाल, रवि सक्सेना, विनोद साहू, अंकित जोशी, सुमित ठाकुर, विशाल साहू, सुरजीत गुप्ता, राजीव साहू, लक्ष्मी साहू, दुर्गेश जोशी, सुषमा साहू, भूदेवी आदि लोग मौजूद रहें।


## ग्राम पंचायत सोहिलपुर विकास खंड-हरख, बाराबंकी

पत्रांक :05 | दिनांक : 30-01-2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सोहिलपुर, विकास खंड-हरख में मनरेगा ( VB - G Ram G ) योजनान्तर्गत एवं ICDS, ग्राम निधि से आंगनबाड़ी केंद्र (भवन) निर्माण कार्य कराये जाने हेतु, बालू, मौरंग, सीमेंट, इंट, गिट्टी, पाइप फिटिंग, सेनेटरी सामग्री, पत्थर की गिट्टी, सरिया, दरवाजा, बिन्डो, टाइल्स, पेंट, प्राइमर, बिजली का सामान अन्य भवन निर्माण सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2026 के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 31 जनवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी निविदा वांछित बंद लिफाफ़े में रखकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 11 फरवरी 2026 को समय 3.00 बजे टेंडर समिति के समक्ष उक्त निविदा खोली जाएगी जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकार की जायेगी।

| क्र. स. | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत सोहिलपुर में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण | अवल ईंट, इंट गिट्टी, सीमेंट, बालू, मौरंग, पत्थर की मिट्टी, सरिया, दरवाजा, बिन्डो, टाइल्स, पेंट, प्राइमर, बिजली का सामान अन्य भवन निर्माण सामग्री | मनरेगा अंश-7.84 लाख<br>आईसीडीएस-2 लाख<br>ग्राम निधि- 2 लाख<br>कुल लागत-11.84 लााख |

**आवश्यक नियम व शर्ते निम्नवत हैं:-**
प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम तीन निविदाएं आवश्यक हैं तथा उक्त कार्य की समाप्ति समय सीमा दो माह है। आपूर्ति करने वाली फर्म GST पंजीकृत होनी चाहिए, जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छाया प्रति संलग्न होनी चाहिए। जिस फर्म की निविदा स्वीकृत होगी, उसको आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जायेगा तथा आपूर्ति समय पर एवं गुणवत्तायुक्त होनी चाहिए। आपूर्ति की गयी सामग्री प्रमाणित होने के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। समस्त सामग्री PWD द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

शिवनाथ सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सोहिलपुर
विकास खंड-हरख, बाराबंकी

अक्षिता अस्थाना
सचिव
ग्राम पंचायत सोहिलपुर
विकास खंड-हरख, बाराबंकी



## कार्यालय ग्राम पंचायत टेरा वि0ख0 हरख, बाराबंकी

पत्रांक: 06/निविदा/2025-26/ मनरेगा / कार्या0/ग्रापं0 टेरा | दिनांक 30.01.2026

### -निविदा सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड-हरख, जनपद-बाराबंकी की ग्राम पंचायत टेरा में मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्नवत कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक पंजीकृत फर्म सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नांकित विवरण के अनुसार ग्राम पंचायत कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त करते हुए निर्धारित तिथि में टेण्डर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय को उपलब्ध करायेगें।

**टेण्डर सम्बन्धी विवरण:-**

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेण्डर फार्म प्रात करने की तिथि | 31.01.2026 से 10.02.2026 |
| 2 | टेण्डर फार्म जमा करने अन्तिम तिथि | 10.02.2026 5 बजे तक |
| 3 | टेण्डर खुलने की तिथि एवं स्थान | 11.02.2026, सुबह 11 बजे , ग्राम पंचायत कार्यालय |

**-: कार्य एवं सामग्री सम्बन्धी विवरण :-**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि | सामग्री हेतु स्वीकृत धनराशि | सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत टेरा में खाद्यान्न भण्डारण भवन निर्माण। | 9,67,636.91 | 872701.55<br>श्रमांश 94935.36 | 1. ईट गिट्टी<br>2. सीमेंट<br>3. बालू<br>4.20एम.एम. पत्थर गिट्टी<br>5.10एम.एम. पत्थर गिट्टी<br>6. मौरंग<br>7. सरिया<br>8. ईटा<br>9. शटर स्टील<br>10. पुट्टी<br>11. पेंट<br>12. प्राइमर | 10.2960 घन मी0<br>16.3921 टन<br>5.1480 घन मी0<br>18.5207 घन मी0<br>6.0834 घन मी0<br>29.8199 घन मी0<br>19.4523 कुन्तल<br>19543.5600 नग<br>22.5000 वर्ग मी0<br>536.4551 कि.ग्रा.<br>45.9924 ली0<br>27.5954 ली0 | 3 माह |

**नियम व शर्तें :-**

01. निविदा स्वीकृति के पश्चात मांग के अनुरूप निर्धारित समयावधि में आपूर्तिकर्ता को सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध करानी होगी।
02. सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जायेगी।
03. जी.एस.टी. का भुगतान जो दर में सम्मिलित है, आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा।

**श्रीमती मिथलेश कुमारी**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत टेरा,**
**वि.खं. हरख, बाराबंकी**

**अक्षिता अस्थाना**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत टेरा,**
**वि.खं. हरख, बाराबंकी**

# केंद्रीय राज्य मंत्री के गृह क्षेत्र में स्कूल में हिंदू लड़कियों को बुर्का पहनाकर डांस करवाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के केंद्रीय राज्य मंत्री के गृह क्षेत्र में मनकापुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गुरु चरण श्री वास्तव ए.आर इंटर कॉलेज निर्मल नगर बल्ली पुर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि कैनविज टाइम्स नहीं करता है।सोशल मी डिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें 6 से अधिक हिंदू समाज की लड़कियां मुस्लिम समाज की ड्रेस बुर्का को पहन करके अलग-अ लग फिल्मी गानों पर डांस करके भूतों का नाट क कर रही है।वही मुस्लिम समाज के लोगों द्वा रा सोशल मीडिया पर वायरल करके ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है तो वही हिंदू समाज के लोगों द्वारा भी इस सोशल मीडिया पर वायरल करके वि द्यालय प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है बताया जा रहा है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय में कई संस्कृत कार्यक्रम थे और इसी दौरान छः से अधिक हिंदू समाज की लड़कियों ने मुस्लिम समाज का बु र्का ड्रेस पहन करके डांस करके भूतों का नाट क भी किया है।वही वायरल हो रहे वीडियो वा यरल हो रहे हैं। जिसमें हिन्दू लड़कियां बुर्का पहन करके '' तेरे अंखिया का यो काजल'' गाने पर डांस कर रही है।वही सोशल मीडिया पर ते जी से वीडियो वायरल होने के बाद प्रिंसिपल रा जू श्रीवास्तव ने लोगों से लिखित रूप में माफी मांगी है और मनकापुर कोतवाली में अपना लि खित माफी नाम भी दिया है, उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर मेरे विद्यालय के बच्चों द्वारा संस्कृत कार्यक्रम किया गया था जि समे भूतों की टोली मिक्स सॉन्ग प्रस्तुत किया गया था जिसको सभी विद्यालय के बच्चों ने ही की थी,वही इस प्रकार के दृश्य से किसी की भा वनाएं आहत हुई हूँ, विद्यालय परिवार की ओर से क्षमा प्रार्थी हूँ भविष्य में ऐसा कार्यक्रम नहीं होगा वही इस वायरल वीडियो के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर रामचंद्र ने भी जांच शुरू कर दी है। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि एक वीडियो मेरे संज्ञान में आया है,जिसमें कुछ बच्चे बुर्का पहन करके डांस क रते हुए नजर आ रहे हैं फिलहाल वायरल वीडि यो की जांच कराई जा रही है जांच में जो भी निकल कर आएगा, उसके आधार पर मेरे द्वारा कार्रवाई की जाएगी सांस्कृतिक कार्यक्रम गण तंत्र दिवस के अवसर पर कराया गया था उसी दिन का वीडियो बताया जा रहा है हमने इस पू रे मामले में विद्यालय के प्रबंधक और वहां के प्रिंसिपल से भी जवाब मांगा है इसके साथ ही साथ मेरे द्वारा भी जांच की जा रही है।

# आईजी सख्त: विवेचना में भ्रष्टाचार और लापर वाही करने वाले 13 विवेचक निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक ने वाहन दुर्घटना से संबंधित मुकदमों की विवेच ना में लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप में ब ड़ी कार्रवाई की है,आईजी अमित पाठक ने एक इंस्पेक्टर और बारह सब इंस्पेक्टर सहित कुल तेरह तेरह विवेचकों को निलंबित कर दिया है।

इन सभी के खिलाफ विभागीय जांच के भी आ देश दिए गए हैं,निलंबित किए गए पुलिस कर्मि यों में बहराइच के आठ गोंडा के दो और श्राव स्ती के तीन विवेचक शामिल हैं।इसके अतिरि क्त तीन अन्य सब इंस्पेक्टरों के खिलाफ अभी भी जांच जारी है।यह कार्रवाई आईसी आई सी आई लोम्बार्ड कंपनी के अधिकारी राजेंद्र प्रताप सिंह की शिकायत के आधार पर की गई।शिका यत में बताया गया था कि विवेचक अनुचित ला भ के लिए वास्तविक वाहनों और आरोपियों को बदलकर सुनियोजित वाहनों और आरोपि यों को शामिल कर त्रुटिपूर्ण विवेचना कर रहे थे।शिकायत की गंभीरता को देखते हुए



आई जी अमित पाठक ने भ्रष्टाचार रोकने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था।एसआईटी की जांच में इन पुलिसक र्मियों को दोषी पाया गया,जिसके बाद यह निलं बन की कार्रवाई की गई है। निलंबित विवेचकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।साथ ही तीन अन्य विवेचकों के विरुद्ध निलं बन और विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया अभी भी चल रही है।

# शहीद दिवस पर नानपारा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बापू को दी श्रद्धांजलि



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। शुक्रवार को बापू के शहीद दिवस के अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी नानपारा द्वारा स्थानीय गांधी पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर अध्यक्ष भोला कुरैशी के नेतृत्व में पूज्य बापू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शफीक कुरैशी ने बापू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूज्य बापू द्वारा दिखाया गया सत्य और अहिंसा का मार्ग आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि बापू किसी व्यक्ति का नाम नहीं, बल्कि एक ऐसी विचारधारा हैं, जो पूरी दुनिया को इंसानियत का संदेश देती है। नगर अध्यक्ष भोला कुरैशी ने कहा कि बापू के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि अहिंसा के मार्ग पर चलकर बड़ी से बड़ी लड़ाई भी जीती जा सकती है। कार्यक्रम में इख़लाक अल्वी, शोएब सिद्दीकी, मुनाव रस्तोगी, सलीम अहमद सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अधूरी व गलत सूचना देने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई : मंडलायुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में एक करोड़ रुपये से अधिक लागत की निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं एवं अन्य विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कमिश्नरेट स भागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा संचालित कुल 193 निर्माणाधीन परियोजनाओं की विभागवार समी क्षा की गई।समीक्षा के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड उत्तर प्रदेश राज कीय निर्माण निगम लिमिटेड,उत्तर प्रदेश आवा स विकास परिषद, उत्तर प्रदेश जल निगम (नग रीय) यूपी सिडको,सिंचाई एवं जल संसाधन वि भाग तथा सी एण्ड डीएस सहित अन्य विभागों की परियोजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।मंडलायुक्त ने बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता,पारदर्शि ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाए गी।उन्होंने कहा कि परियोजनाओं से संबंधित सूचना का अद्यतन, पूर्ण एवं सही होना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में आयुक्त ने पाया गया कि कुछ अधिकारियों द्वारा परियोजनाओं की प्रग ति से संबंधित सूचना अधूरी एवं गलत फीड की गई है।इस पर मंडलायुक्त ने कड़ा रुख अप नाते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल स्प ष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।उन्होंने क हा कि गलत सूचना देना प्रशासनिक अनुशा सनहीनता की श्रेणी में आता है और इससे विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति प्रभावित होती है।मंडलायुक्त ने एक करोड़ रुपये से अधि क लागत की सड़क परियोजनाओं सहित अन्य प्रमुख निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए तथा कागजी प्रग ति के साथ-साथ स्थल निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से कराया जाए। लंबित परियोजनाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं में कार्य धीमी गति से चल रहा है, वहां आवश्यकतानुसार मैनपावर बढ़ाकर कार्य में तेजी लाई जाए,जिससे परि योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कराया जा सके।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए।किसी भी प्रकार की तकनीकी अथवा प्रशासनिक कमी पाए जाने पर संबंधित अधि कारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाएगी।समीक्षा बैठक में संयुक्त विका स आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी सहित स भी संबंधित मंडलीय एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।मंडलायुक्त ने अंत में कहा कि वि कास कार्यों में शिथिलता बरतने वालों के विरु द्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## पुलिस ने व्यक्ति को किया जिलाबदर

गोण्डा । जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए र खने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को औ र अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अ धीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराधियों, गुण्डों एवं शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी एवं सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक,थानाध्यक्षों को दिएगए हैं उक्त निर्देशों के अनुपालन में थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में सक्रिय एक कुख्यात,असामाजिक तत्व विपिन सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी अजब नगर,थाना वजीरगंज को चिन्हित किया गया, जिसकी गतिविधियाँ सार्वजनिक शांति एवं का नून-व्यवस्था के लिए प्रतिकूल पाई गईं।अभि युक्त के आपराधिक कृत्यों को दृष्टिगत रखते हुए उसके विरुद्ध उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई तथा सक्षम न्यायालय,प्राधिकारी द्वारा उसे जिला बदर घोषित कराया गया।जिलाबदर आदेश निर्गत होने के पश्चात थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा नियमानुसार अभियुक्त की सार्वजनिक मुनादी कराते हुए उसे जनपद गोण्डा की सी माओं से बाहर भेजा गया,जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे तथा आम नागरिक भयमुक्त वातावरण में जीवन यापन कर सकें।पुलिस अ धीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों द्वारा ऐसे अन्य चिन्हित अपराधी एवं असामा जिक तत्वों के विरुद्ध भी गुंडा अधिनियम, निरो धात्मक धाराओं एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही करते हुए जिला बदर,निरोधात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

# एससीपीएम में सातवे खेल महाकुंभ आगाज का शुभारंभ हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । लखनऊ रोड स्थित एससीपीएम कॉलेज कैंपस में सातवे खेल महाकुंभ 2025 -26 का शुभारंभ अत्यंत उत्साह जोश एवं भव्यता के साथ हुआ।चार दिनों तक चलने वाले इस खेल उत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ, बृजभूषण शरण सिंह के द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया गया।मुख्य अतिथि बृजभूषण शरण सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल भावना का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि ल्लमैदान पर पूरी ताकत से प्रति द्वंद्वी बनें लेकिन मैदान के बाहर हमेशा मित्र बने रहें। खेल को खेल की भावना से खेलें, दुश्मनी से नहीं। हार और जीत जीवन के दो पहलू हैं, जो हमें अनुशासन और धैर्य सिखाते हैं।संस्थान के चेयरमैन डॉ.ओ.एन. पांडेय ने अपने संबोधन में गोंडा के बदलते स्व रूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1990 के दशक में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ता था,जबकि गोंडा शिक्षा



और तकनीक के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष जोर दि या तथा मुख्य अतिथि के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना की।इस अवसर पर संस्था न की अध्यक्षा अलका पांडेय,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह, विभाग प्रचारक प्रवीण जी, जिला पंचायत अध्यक्ष घन श्याम मिश्रा,प्रबंध निदेशक आयुष पांडेय, निदे शक अजिताभ दुबे एवं प्रशासक धीरज कुमार दुबे सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



### प्रथम दिवस के प्रमुख खेल परिणाम

कबड्डी: आयुर्वेद बनाम एलाइड हेल्थकेयर S आयुर्वेद विजयी हुआ है।खो–खो: आयुर्वेद बना म फार्मेसी आयुर्वेद विजयी,क्रिकेट(पुरुष) एला इड हेल्थ बनाम आयुर्वेद एलाइड हेल्थ 9 विके ट से विजयी,मैन ऑफ द मैच:आतिफ खान द स गेंदों में 28 रन तीन विकेट,डिस्कस थ्रो में महिला प्रियंका सिंह नर्सिंग विजेता,वॉलीबॉल: आयुर्वेद ने नर्सिंग को 25 अंकों से हराया चेस महिला एलाइड हेल्थकेयर विजयी शॉट पुट पुरु ष आयुर्वेद के मुजाकिर विजेता टग ऑफ वार रस्साकशी फार्मेसी टीम विजयी फार्मेसी बिल्डिं ग में इनडोर खेलों का आयोजन किया गया।पूरे दिन चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रद र्शन कर खेल महाकुंभ को रोमांचक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान सुनील सिंह,अतुल सिंह परा स, सूर्यनारायण मिश्र,राम उदार वर्मा,पट्टू ओझा एवं ज्योति पांडेय सहित अनेक गणमान्य व्य क्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



### मौन धारण कर याद किये गये अमर सेनानी

बहराइच । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति एवं सम्मान में कलेक्ट्रेट सभागार में 02 मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, डीजीसी रेवन्यू अजय शर्मा सहित कलेक्ट्रेट व कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### आचार, मुरब्बा व जैम बनाने का दिया जायेगा प्रशिक्षण

बहराइच । राजकीय फल संरक्षण केन्द्र के प्रभारी ने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बहराइच द्वारा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ.प्र. के अधीन कार्यरत राजकीय फल संरक्षण केन्द्र, बहराइच हेतु मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय 03 कार्यक्रमों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। आचार, मुरब्बा, जैम आदि बनाने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति 03 फरवरी 2026 तक जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थियों का चयन पहले आओ, पहले पाओं के आधार पर किया जायेगा।

### राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा 15 मार्च को

बहराइच । समाज कल्याण/जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बभनी रिसिया एवं राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (जनजाति विकास) बिछिया मिहींपुरवा, बहराइच में शिक्षा सत्र 2026–27 में कक्षावार रिक्त स्थानों के सापेक्ष प्रवेश परीक्षा के माध्यम से छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कक्षा 11 में प्रवेश हेतु कक्षा 10 में प्राप्तांक के आधार पर मेरिट द्वारा प्रवेश दिया जायेगा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि बालिकाओं के लिए संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बभनी रिसिया अन्तर्गत कक्षा 06 में अनुसूचित जाति/जनजाति के 42, पिछड़ा वर्ग के 18 व समान्य वर्ग के 10 कुल 70 तथा कक्षा 11 में पिछड़ा वर्ग के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति के 06 व पिछड़ा वर्ग के 01 कुल 07 स्थान रिक्त हैं। जबकि जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बिछिया मिहींपुरवा अन्तर्गत केवल अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए कक्षा 06 में 35, कक्षा 07 में 06 तथा कक्षा 08 में .03 कुल 44 स्थान प्रवेश हेतु रिक्त हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश के लिए विभागीय वेबसाइट एटीएस डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर 20 फरवरी 2026 तक आनलाइन आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। परीक्षणोपरान्त पात्र आवेदकों की सूची 25 फरवरी 2026 को सम्बन्धित विद्यालयों के सूचना पट पर चस्पा की जायेगी। जबकि 10 मार्च को प्रवेश–पत्र का वितरण किया जायेगा तथा 15 मार्च 2026 को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा केन्द्र व परीक्षा का समय प्रवेश पत्र पर अंकित रहेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि रिक्त सीटों की संख्या घट–बढ़ सकती है।

# नानपारा में मुफ्ती रज्जब अली कादरी का सालाना उर्स व दस्तारबंदी अकीदत के साथ संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। मुफ्ती रज्जब अली कादरी का सालाना उर्स एवं दस्तारबंदी कार्यक्रम अकीदत व एहतराम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर 31 मदरसों के छात्रों को दस्तार (पगड़ी) बांधकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौलाना अब्दुल कदीर (कानपुर), मौलाना शेर अली, मौलाना अबरार, हुसैन रज़ा कादरी, आरिफ रज़ा, कारी गुलाम नबी, मौलाना अकबर, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अब्दुल वहीद, इंकलाब अशर्फी, सभासद हनीफ, रईस अहमद, हलीम अंसारी सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। कार्यक्रम के पहले दिन उलेमा-ए-कराम के प्रभावशाली बयान हुए तथा 31 मदरसों के बच्चों की दस्तारबंदी की गई। इनमें 16 हाफिज़, 12 कारी और 3 आलिम शामिल रहे। दूसरे दिन सुबह कुरानख़्वानी का एहतेमाम किया गया। इसके बाद मुफ्ती तबरेज़ आलम, कारी इक़बाल (रामपुर) और कैप्टन रफ़ीक द्वारा नात ओ मनक़बत पेश की गई। इस मौके पर मुफ़्ती खालिद रज़ा ने मदरसों के महत्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि मदरसे से इंसानियत का पैग़ाम दिया जाता है और लोगों को सही राह दिखाई जाती है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि आज के दौर में उर्दू और अरबी के साथ-साथ हिंदी व अंग्रेज़ी की तालीम भी बेहद ज़रूरी है। उन्होंने बुज़ुर्गों की नसीहत को दोहराते हुए कहा कि शिक्षा से ही तरक्की के रास्ते खुलते हैं। कार्यक्रम के अंत में कुल शरीफ हुआ, जिसके बाद देश में शांति, अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ की गई।


# शहीद दिवस पर नानपारा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बापू को दी श्रद्धांजलि





कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। शुक्रवार को बापू के शहीद दिवस के अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी नानपारा द्वारा स्थानीय गांधी पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर अध्यक्ष भोला कुरैशी के नेतृत्व में पूज्य बापू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शफीक कुरैशी ने बापू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूज्य बापू द्वारा दिखाया गया सत्य और अहिंसा का मार्ग आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि बापू किसी व्यक्ति का नाम नहीं, बल्कि एक ऐसी विचारधारा हैं, जो पूरी दुनिया को इंसानियत का संदेश देती है। नगर अध्यक्ष भोला कुरैशी ने कहा कि बापू के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि अहिंसा के मार्ग पर चलकर बड़ी से बड़ी लड़ाई भी जीती जा सकती है। कार्यक्रम में इख़लाक अल्वी, शोएब सिद्दीकी, मुनाव रस्तोगी, सलीम अहमद सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूरनपुर में फाइलेरिया उन्मूलन पर बैठक, दुष्प्रभाव और रोकथाम पर विस्तृत चर्चा, घर-घर दवा वितरण होगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।पूरनपुर नगर पालिका सभागार में गुरुवार दोपहर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई इसकी अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने की बैठक में अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने, घर-घर दवा वितरण और आमजन में जागरूकता फैलाने पर विस्तार से चर्चा हुई अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नगर क्षेत्र की शत-प्रतिशत आबादी को दवा खिलाना है ताकि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सके इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए बैठक में अधिशासी अभियंता एजाज अहमद, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष राज शर्मा, नगर पालिका के समस्त सभासद एवं कर्मचारी उपस्थित रहे डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि श्याम सचिन, पीसीआई से अनुराग एवं स्वीटी, बीसीपीएम मीनाक्षी दुबे, प्रतिरक्षण अधिकारी संजीव कुमार तथा जिला स्तर से दीपेश चौधरी भी मौजूद रहे नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन एक जनहित का कार्यक्रम है उन्होंने सभी सभासदों, कर्मचारियों और आम नागरिकों से सहयोग की अपील की और सभासदों से अपने-अपने वार्डों में लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करने को कहा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष राज शर्मा ने बताया कि बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की रणनीति, कार्ययोजना और जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई, ताकि नगर क्षेत्र में यह अभियान पूरी तरह सफल हो सके सभी उपस्थित प्रतिनिधियों ने आपसी समन्वय और टीमवर्क के साथ अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया यह कार्यक्रम 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा फाइलेरिया के बारे में बताया गया कि फाइलेरिया बीमारी मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है यह लाइलाज बीमारी है इसलिए इसके बचाव के लिए सर्वजन दवा सेवन ही एक मात्र विकल्प है।

## अमेठी बाजार से तीन बालिकाएं बाल श्रम से कराई गई मुक्त

अमेठी । शासन के निर्देशानुसार बच्चों के दुर्व्यापार एवं बाल श्रम से संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु जनपद में ‟आपरेशन रक्षा” अभियान के तहत जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार तथा उपजिलाधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई।अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन तथा मानव तस्करी रोधक इकाई की संयुक्त टीम द्वारा जनपद अमेठी के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान अमेठी बाजार का निरीक्षण किया गया जहां कुछ प्रतिष्ठानों दुकानों पर नाबालिग बालक बालिकाओं से कार्य कराये जाने की पुष्टि हुई। जांच में तीन बालिकाएं बाल श्रम में लिप्त पाई गईं। कार्रवाई के दौरान संबंधित बालिकाओं के माता पिता को बाल श्रम न कराने की सख्त हिदायत दी गई तथा उनसे भविष्य में बाल श्रम न कराने का संकल्प भी कराया गया। साथ ही अभिभावकों को बालिकाओं की उचित शिक्षा सुनिश्चित कराने हेतु प्रेरित किया गया। संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुये भविष्य में बाल मजदूरी न कराने के निर्देश दिये गये।



## ब्लॉक प्रमुख ने कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण वोट बनवाने की मतदाताओं से करी अपील

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने विकास खंड मरौरी क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्र उच्च प्राथमिक विद्यालय गजरौला मतदान केंद्र नंबर 114 पर निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया साथ बूथों पर जाकर फॉर्म 6 भरवाये एवं डोर टू डोर जाकर ग्राम वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में जो बचे हुए लोग हैं उनके बोट बनवाएं की अपील हैं।

## धनाराघाट मार्ग पर दूसरे दिन भी आवागमन बाधित

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के धनाराघाट मार्ग पर बारिश के बाद दूसरे दिन भी हालात सामान्य नहीं हो सके हैं। बारिश के कारण सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित बना हुआ है। जगह-जगह कीचड़ और गड्ढों के कारण दोपहिया, चारपहिया वाहनों के फंसने की आशंका बढ़ गई है।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पेंटून पुल पर तैनात मुंशी बबलू मांझी ने एहतियातन गुरुवार दोपहर 12 बजे से इस मार्ग पर आवागमन न करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जब तक सड़क की स्थिति में सुधार नहीं होता, तब तक इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा है। ग्रामीणों और राहगीरों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

## रिश्तों को मजबूत करने में जुटी महिला थानाध्यक्ष

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में कानून व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही खाकी रिश्तों को भी मजबूत कर रही है।महिला थाना के प्रयास से दो विवाहित जोड़े पुनः साथ रहने को राजी हुये हैं।मिशन शक्ति” नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत शुक्रवार को महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह मय टीम द्वारा पति पत्नी के बीच चल रहे विवादों के सम्बंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति पत्नी को साथ रहने के लिये समझाया गया जिसमें दो विवाहित जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिये सहमत होकर घर गये तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया।अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## खेत में यूकेलिप्टस पेड़ काटने का आरोप, पीड़ित ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर निवासी मदनलाल ने खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ काटे जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। शुक्रवार सुबह दस बजे मदनलाल ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में करीब 400 यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए थे। आरोप है कि 25 जनवरी 2026 को रामबहादुर ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर इन पेड़ों को काटकर नष्ट कर दिया।मदनलाल के भांजे नंदराम ने दूध बेचकर लौटते समय पेड़ काटते हुए देखा। मौके पर पहुंचने पर उक्त लोग गन्ने के खेत में छिप गए। जब मदनलाल ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## सरस्वती विद्या मंदिर मे एक दिवसीय

**व्यवस्थाओं तथा शिक्षण कार्य का अवलोकन एवं निरीक्षण सम्पन्न**

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्या भारती योजना अनुसार होने वाले एक दिवसीय अवलोकन हेतु राजवीर सिंह एवं दुर्गेश कुमार आर्य प्रांतीय निरीक्षक के रूप में उपस्थित रहे जिन्होंने विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं तथा शिक्षण कार्य का अवलोकन एवं निरीक्षण किया इस श्रृंखला में विद्यालय द्वारा गणतंत्र दिवस पर नगर भ्रमण में सुंदर झांकियों में से कक्षा तीन की छात्रा आन्या द्विवेदी को प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा एवं निरीक्षक बंधुओं राजवीर सिंह एवं दुर्गेश कुमार आर्य के द्वारा प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया गणतंत्र दिवस पर ही नगर पालिका परिषद पूरनपुर के द्वारा रामलीला मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस प्रतियोगिता में विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया किया विद्यालय प्रांगण में आए हुए अतिथियों का प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा जी ने स्वागत व आभार व्यक्त किया इस अवसर पर अवधेश मिश्र, अनिल कुमार गुप्ता, राम रतन लाल वर्मा, राजीव सिंह, मोहन लाल गंगवार, राजीव मोहन अग्रवाल, सुरभि सिंह, रजनी वर्मा, वैशाली, पिंकी सिंह, मनोज पांडे, संजय पांडे, सोनाली गुप्ता, आकांक्षा, सूर्यवाला शर्मा, नूतन गुप्ता, चांदनी गुप्ता, तनु मिश्रा, ज्योति पांडेय, अरुण विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी ऋषि कुमार, पंकज मिश्रा, अखिलकांत पांडेय, अशोक वर्मा, विवेक, मोहित पांडेय, राजेश वर्मा, संतोष मिश्र, इन्दूधर, चंद्रकांत , अरविंद, शीशपाल, बृजेश, धनपाल, दीपक द्विवेदी, योगेश शर्मा, राकेश शर्मा, राहुल मिश्रा आदि सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## चीनी मिल बंद होने से भड़के किसान, विरोध प्रदर्शन कर गन्ना आयुक्त का फूका पुतला

पूरनपुर। हाईवे पर स्थित दि किसान सहकारी चीनी मिल के बंद होने से नाराज किसानों का आक्रोश चीनी मिल गेट पर फूट पड़ा। भाकियू टिकैत गुट के नेतृत्व में किसानों ने गन्ना आयुक्त बरेली का पुतला दहन कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, गन्ना आयुक्त, चीफ केन ऑफिसर सीसीओ के खिलाफ नारेबाजी की गई। भाकियू टिकैत गुट के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह ने कहा कि बीते चारऽपांच दिनों से चीनी मिल बंद पड़ी है, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर साल पेराई सत्र के दौरान चीनी मिल में तकनीकी खराबी सामने आती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता।स्वराज सिंह ने बताया कि इस बार बायलर खराब होने के कारण चीनी मिल को बंद करना पड़ा है। उन्होंने प्रशासन और मिल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पेराई सत्र शुरू होने के समय स्थानीय जनप्रतिनिधि केवल पटल पूजन में शामिल होकर फोटो खिंचवाते हैं और उसके बाद किसानों की समस्याओं से पूरी तरह गायब हो जाते हैं।

# शेरपुर कलां को नगर पंचायत बनाने की उठी मांग जिलाधिकारी को सौंपा मांग पत्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गाँव शेरपुर कलां को नगर पंचायत बनाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है ग्रामवासी नगर पंचायत बनाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मांग की जिलाधिकारी ने नगर पंचायत का दर्ज़ा दिलाने का भरोसा दिलाया है 20 हजार की आबादी पर किसी भी विकसित ग्राम पंचायत को नगर पंचायत का दर्ज़ा देने के लिए शासनादेश जारी कर इसकी सूचना सभी जिलाधिकारी को दी जा चुकी है पूर्व के नियमों में सुधार करते हुए मापदंड निर्धारित किए गए हैं इन मानकों पर खरा उतरने वाली ग्राम पंचायतों की रिपोर्ट जिलाधिकारी शासन को भेजेंगे शेरपुर को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग कई सालो से जोर पकड़ने लगी परिसीमन के आधार पर 20 हजार की आबादी पूरी करके इसे नगर पंचायत का दर्ज़ा दिया जा सकता है नगर पंचायत का दर्ज़ा न मिलने से क्षेत्रवासियों का विकास अवरुद्ध है नगर अध्यक्ष सलमान खां ने कहा कि तहसील मुख्यालय से लगभग 03 किलो मीटर दूर स्थित ग्राम में रह रहे ग्रामवासियों की ओर से 1982 में ग्राम शेरपुर कलां को टाउन एरिया बनाये जाने की भी मांग की जा चुकी है जो बरसो से ठंडे बस्ते में दफन हो रखी है जिससे ग्राम शेरपुर कलां के व्यापारियों और जनता में काफी रोष है नगर पंचायत ना होने के कारण व्यापार को वह गति नहीं मिल पा रही है जिस गति की बात केंद्र और राज्य सरकार करती है नगर पंचायत होने पर व्यापार को भी गति मिलेगी और ग्रामीणों को भी इसका फायदा मिलेगा नगर पंचायत के तहत आने वाली योजनाओं से जनता को काफी फायदा पहुंचेगा और ग्राम शेरपुर कलां तहसील पूरनपुर के क्षेत्र में सबसे बड़ा गांव है जिसको नगर पंचायत बनाया जाना आवश्यक है।

# पूर्व मंत्री की मौजूद्गी में हुई एसआईआर समीक्षा बैठक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। 188 विाानसभा में पूर्व विाायक चंद्रभद्र सिंहसोनू एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू के नेतृत्व में उनके मायंग ानपतगंज स्थित इंद्रप्रस्थ आवास में एसआइआर को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप से यूपी सरकार की पूर्व मंत्री व प्रभारी लीलावती कुशवाहा शामिल हुई। बैठक की अयक्षता सपा जिलायक्ष रघुवीर यादव ने किया, बैठक में जिला महासचिव सलाहुद्दीन अहमद, सुल्तानपुर विाानसभा अयक्ष गुफरान अहमदसैफी, छात्र सभा के प्रदेश उपायक्ष दीपू श्रीवास्तव, ब्लक अयक्ष अखिलेश कनौजिया, देवेंद्र यादव गुड्डू, वैभव मिश्रा, शिवमंगल तिवारी, मोनू यादव, रंजीत सोनकर, सुाांशु तिवारी आशू, मो.आसिफ(बिस्मिल्लाह), महिला सभा विाान सभा अयक्ष नफीसा बानो, राजेंद्र पांडे, बाबूलाल, प्रदीप यादव, आलोक वर्मा, अंशु सिंह, प्राान सुनील सिंह, जीतू सिंह, अनूप सिंह, इंद्रपाल मोर्य समेत अन्य पदाािकारी मौजूद रहे।

# विधायक ने किया विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास

**दो दर्जन से अिक परियोजनाओं की शुरुआत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लम्भुआ/सुल्तानपुर। लम्भुआ विाानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विाायक सीताराम वर्मा ने कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में दो दर्जन से अिक विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं में सड़कें, नालियां, भवन निर्माण और अन्य बुनियादी सुविााओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। विाायक ने बताया कि इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को सीाा लाभ मिलेगा और समग्र विकास सुनिश्चित होगा। विाायक सीताराम वर्मा ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने जोर दिया कि सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और पूरे प्रदेश में विकास की गति तेज हुई है। इस अवसर पर खंड विकास अाकारी अजीत सिंह, ब्लक प्रमुख ड. कुंवर बहादुर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह, पूर्व प्राान देवी सिंह काका सहित स्थानीय जनप्रतिनिाि, अाकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए विाायक का आभार व्यक्त किया। हालांकि, करोड़ों रुपये की इन विकास योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण की जानकारी मीडिया को न दिए जाने का विषय भी चर्चा का केंद्र रहा। कार्यक्रम में तीनों ब्लक के समस्त कर्मचारी व पदाािकारी भी मौजूद थे।

# भाषा शिक्षकों पर है समाज को नई दिशा देने की जिम्मेदारी : कुलपति

**राणा प्रताप पीजी कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन विद्वानों ने रखे विचार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। भाषायें हमको जोड़ती हैं। भारतीय भाषाओं के दुश्मन उसके अयापक हैं। भाषा शिक्षकों पर समाज को नई दिशा में ले जाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है जो आजकल नह दिखाई पड़ती है। आज के भाषा शिक्षक शिक्षण में भाव, उच्चारण और वनि का यान नह रख पाते। संस्.त का सबसे बड़ा नुकसान उनके शिक्षकों के कारण हुआ है। यह बातें ड राम मनोहर लोहिया अवा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर बिजेन्द्र सिंह ने कही।

वह राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की भारतीय भाषा समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोाित कर रहे थे। भारतीय भाषा परिवार अंतर्सम्बंा और सांस्.तिक संवाद विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य वक्ता भारतीय भाषा समिति के महासचिव व काशी हिंदू विश्वविद्यालय के भाषा विज्ञान विभागायक्ष प्रोफ़ेसर अभिनव मिश्र ने कहा कि भारत में भाषाओं को कभी भी विशिष्ट पहचान के प्रतीक के रूप में नह देखा जाता था। कोई व्यक्ति विभिन्न भाषाओं में सोच सकता था प्रार्थना कर सकता था व्यापार कर सकता था और शासन कर सकता था वह भी बिना किसी भेदभाव के। भारत की भाषिक परंपरा विश्व की सर्वाािक जटिल और दीर्घजीवी परम्पराओं में से एक है। सम्मेलन में आनलाइन जुड़े दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व भाषा विज्ञान विभागायक्ष प्रोफ़ेसर रमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि भारतीय भाषा परिवार भाषाओं के सह अस्तित्व को स्वीकार करता है। संसार के किसी भी भूभाग में इतनी अिक भाषाएं नह मिलत जितनी भारत में हैं। भारत भाषाई .ष्टि से दुनिया का सबसे समृद्ध देश है। अयक्षता करते हुए क्षत्रिय शिक्षा समिति के अयक्ष एडवोकेट संजय सिंह ने कहा कि भाषाई बहुलता ने भारत में बौद्धिक आदान-प्रदान और सामाजिक सामंजस्य को मजबूत किया। संचालन हिंदी विभागायक्ष प्रोफ़ेसर इन्द्रमणि कुमार स्वागत प्राचार्य प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी व आभार ज्ञापन प्रबंाक एडवोकेट बालचंद्र सिंह ने किया। सम्मेलन में द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता रामजस कालेज दिल्ली में प्रोफ़ेसर उमाशंकर पाण्डेय ने कहा भारतीय भाषाओं की एकता में विविाता है। अंग्रेजों ने भारतीय भाषाओं को कई समूहों में बांट दिया। भाषायें और संस्.ति आपस में जुड़ी हुई हैं अंग्रेजों ने इसमें विभाजन के बीज बोये। अयक्ष मुम्बई विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागायक्ष प्रोफ़ेसर रामजी तिवारी ने कहा भारत के लोग भाषा को केवल संवाद का स्थान ही नह मानते यहां भाषा के प्रति आदर भाव बहुत व्यापक है। यह भगवती शक्ति के रूप में पूजित है। हमने सदैव सभी भाषाओं का आदर किया है । अंग्रेजों ने बहुत ही सुनियोजित तरीके से भारतीय भाषाओं को विस्थापित करने का कार्य किया। विशिष्ट अतिथि के एन आई टी निदेशक प्रोफ़ेसर आर के उपायाय ने बताया कि विद्यार्थियों को उसकी भाषा में हर तरह का ज्ञान मिले यह आज की जरूरत है।

## मतदाता सूची सुधार के लिये आज चलेगा विशेष अभियान

अमेठी । अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के मार्गदर्शन में अर्हता तिथि एक जनवरी के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि छह जनवरी से छह फरवरी तक निर्धारित की गई है। इसी क्रम में इकतीस जनवरी को विशेष अभियान तिथि घोषित की गई है। उक्त तिथि को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी प्रातः ग्यारह बजे से अपराह्न चार बजे तक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान आलेख्य मतदाता सूची का वाचन किया जायेगा तथा गणना चरण में अनुपस्थित, मृतक, दोहरी प्रविष्टि, अनट्रेस्ड एवं स्थानांतरित मतदाताओं की सूची पढ़कर सुनाई जायेगी। साथ ही पात्र नागरिकों से दावे एवं आपत्तियां भी प्राप्त की जाएंगी। यदि किसी अर्ह मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से छूट गया हो, तो वह फार्म छह के साथ घोषणा पत्र संलग्न कर सकता है।

## चीनी मिल बंद होने से भड़के किसान, विरोध प्रदर्शन कर गन्ना आयुक्त का फूका पुतला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हाईवे पर स्थित दि किसान सहकारी चीनी मिल के बंद होने से नाराज किसानों का आक्रोश चीनी मिल गेट पर फूट पड़ा। भाकियू टिकैत गुट के नेतृत्व में किसानों ने गन्ना आयुक्त बरेली का पुतला दहन कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, गन्ना आयुक्त, चीफ केन ऑफिसर सीसीओ के खिलाफ नारेबाजी की गई। भाकियू टिकैत गुट के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह ने कहा कि बीते चारऽपांच दिनों से चीनी मिल बंद पड़ी है, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर साल पेराई सत्र के दौरान चीनी मिल में तकनीकी खराबी सामने आती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता।स्वराज सिंह ने बताया कि इस बार बायलर खराब होने के कारण चीनी मिल को बंद करना पड़ा है। उन्होंने प्रशासन और मिल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पेराई सत्र शुरू होने के समय स्थानीय जनप्रतिनिधि केवल पटल पूजन में शामिल होकर फोटो खिंचवाते हैं और उसके बाद किसानों की समस्याओं से पूरी तरह गायब हो जाते हैं। जब किसानों को संकट का सामना करना पड़ता है, तब कोई भी जनप्रतिनिधि सामने नहीं आता। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही चीनी मिल को चालू नहीं किया गया और गन्ना पेराई सुचारु रूप से शुरू नहीं हुई, तो आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में शिवशंकर, ब्रजु सिंह, शिवम वर्मा, रितिक यादव, मनवीर सिंह, सर्वेजीत सिंह, बलवीर सिंह, कमलेश कुमार, लक्ष्मीकांत वर्मा, रमाकांत कुशवाहा, रुपराम चौहान, सूरज चौहान, राजेन्द्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे हैं।

## अमर शहीदों की स्मृति में कलेक्ट्रेट सभागार में दो मिनट का किया गया मौनधारण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीदों के त्याग, बलिदान एवं राष्ट्रप्रेम को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मौन धारण कर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अनिल चतुर्वेदी, राम केवल त्रिपाठी, नीतेश राज सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# दुखद हादसा

बुधवार सुबह बारामती के पास हुई एक विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार व चालक दल के सदस्यों समेत पांच लोगों की दुखद मृत्यु हो गई। मुंबई से बारामती आ रहा चार्टर विमान मौसम की खराबी के कारण रनवे के करीब दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के कारणों का असली पता जांच के बाद ही चलेगा, मगर प्रथम दृष्टया धुंध के कारण दृश्यता में कमी ही बताया जा रहा है। महाराष्ट्र में छह बार उप मुख्यमंत्री रहे अजित पवार के राज्य में राजनीतिक योगदान को नकारा नहीं जा सकता। राज्य में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व अन्य विपक्षी दलों ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है। हालांकि, ममता बनर्जी ने उनकी मौत को लेकर कुछ सवाल खड़े किए हैं, लेकिन उनके राजनीतिक गुरु व चाचा शरद पवार ने उनकी मृत्यु को लेकर राजनीतिक बयानबाजी को खारिज किया है। निश्चय ही महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी के नेता अजित पवार की असामयिक दुर्घटना में मृत्य ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक शून्य जरूर पैदा कर दिया है। वहीं डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन यानी डीजीसीए के मुताबिक दुर्घटना क्रैश लैंडिंग के दौरान हुई। रनवे के निकट हुए हादसे में विमान में आग लग गई और स्थानीय लोगों के प्रयासों के बावजूद किसी को बचाया नहीं जा सका। विमान लियरजेट-45 सोलह साल पुराना था। घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। निस्संदेह, अजित पवार जनता के नेता थे और जमीनी स्तर पर लोगों से उनका गहरा जुड़ाव था। बताया जाता है कि प्रशासनिक मामलों में उनकी समझ गहरी थी। वे वंचित वर्ग को सशक्त करने के प्रयासों के लिये जाने जाते रहे हैं। बहरहाल, अजित पवार को महाराष्ट्र की राजनीति में उनके बदलते दांव-पेचों के लिये याद किया जाता रहेगा। उनके बारे में कहा जाता रहा है कि वे उस कहावत को हकीकत बनाते रहे हैं कि राजनीति में कोई स्थायी दोस्त नहीं होता और ना ही स्थायी दुश्मन। वे अपनों के साथ तो रहे, गैरों को भी रास आए। उन्होंने चाचा और अपने राजनीतिक गुरु शरद पवार से राजनीति के गुर सीखे। शरद पवार को महाराष्ट्र की राजनीति का चाणक्य कहा जाता रहा है, लेकिन अजित पवार ने उनसे अलग होकर अपनी नई राह भी बनायी। यूं तो उन्होंने चाचा शरद के साथ राजनीतिक पारी शुरू की लेकिन साल 2023 आने तक वे एकला चलो की राजनीति करने लगे। हालांकि, उन्होंने चाचा शरद पवार की छत्रछाया में राजनीति का ककहरा सीखा लेकिन एक समय वे पार्टी का सिंबल भी ले जाने में कामयाब रहे। फिर शरद पवार को नई पार्टी बनाकर उपस्थिति दर्ज करानी पड़ी। बारहवीं तक पढ़ाई के बावजूद वे अनुभवी नीतिकारों की सहायता से एक बेहतर प्रशासक भी साबित हुए। सहकारी चीनी मिलों से राजनीति की शुरुआत करने वाले पवार विधायक से लेकर सांसद तक चुने जाते रहे। वे राज्य में छह बार उप मुख्यमंत्री बने। साल 1991 में पहली बार बारामती से कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने, लेकिन चाचा शरद पवार के लिये बाद में सीट खाली भी की। वे सबसे पहले 1995 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने। उनकी लोकप्रियता का आकलन इस बात से किया जा सकता है कि वे सात बार विधायक चुने गए। फिर वे विलासराव देशमुख की कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन सरकार में पहली बार सिंचाई मंत्री बने। फिर ग्रामीण विकास मंत्री भी रहे। बाद में वे एनसीपी-कांग्रेस गठबंधन में जल संसाधन मंत्री भी रहे। साल 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद उनके अचानक भाजपा गठबंधन के साथ आने और उप मुख्यमंत्री बनने ने सबको चौंकाया था। फिर पवार साल 2023 में महायुति गठबंधन का हिस्सा बनकर पांचवीं बार उप मुख्यमंत्री बने। हालांकि, एनसीपी में विभाजन के बाद शरद पवार परिवार से संबंध बनाये रखे। इसके बावजूद कि उन्होंने एनसीपी का नाम और सिंबल तक ले लिया था। महाराष्ट्र की राजनीति में अजित पवार को कई मायनों में हमेशा याद किया जाएगा।

# शिक्षा खौफनाक नहीं, बल्कि स्नेह एवं हौसलों का माध्यम बने

**आज शिक्षा धीरे-धीरे मानवीय संवेदनाओं से कटती जा रही है। परीक्षा परिणाम, रैंक, अंक तालिका और प्रतिस्पर्धा के आंकड़े शिक्षा का चेहरा बनते जा रहे हैं। अभिभावक अपने अधूरे सपनों का बोझ बच्चों के नाजुक कंधों पर लाद देते हैं और स्कूल उन्हें प्रदर्शन की मशीन मानकर आंकने लगते हैं। परिणाम यह होता है कि बच्चा पढ़ाई को उत्सव या खोज की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक खौफनाक दायित्व के रूप में देखने लगता है। घर, जो सबसे सुरक्षित और स्नेहपूर्ण स्थान होना चाहिए, वहीं डर का अड्डा बन जाता है। स्कूल, जो जिज्ञासा और रचनात्मकता को पंख देने का माध्यम होना चाहिए, वह दंड और अपमान का स्थल बन जाता है। ऐसे में मासूम मन कहां जाए, किससे अपने भय और असहायता को साझा करे। मनोविज्ञान और शिक्षा शास्त्र के तमाम अध्ययन यह स्पष्ट कर चुके हैं कि हिंसा, डांट, डर और अपमान बच्चों की सीखने की क्षमता को नष्ट करते हैं। डर के माहौल में बच्चा न तो प्रश्न पूछ पाता है, न प्रयोग कर पाता है और न ही अपनी गलतियों से सीख पाता है।**

जीवन को दिशा देने वाली शिक्षा यदि भय, हिंसा और दमन का पर्याय बन जाए तो वह सभ्यता की सबसे बड़ी विडंबना कही जाएगी। हाल के वर्षों में पढ़ाई के नाम पर बच्चों पर बढ़ते दबाव, घर और स्कूल में हिंसक व्यवहार तथा प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ ने शिक्षा की आत्मा पर गहरा आघात किया है। फरीदाबाद की उस हृदयविदारक घटना ने, जिसमें महज गिनती न सीख पाने के कारण एक मासूम बच्ची को पिता की क्रूरता ने मौत के मुंह में धकेल दिया, पूरे समाज को कठघरे में खड़ा कर दिया है। इस तरह खौफनाक होती पढ़ाई अब केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि जन-जन से जुड़ी विडम्बना बनती जा रही है। इस तथाकथित शिक्षा की विकृत मानसिकता का भयानक परिणाम है कि आज भी यह माना जाता है कि डर और मार से बच्चों को बेहतर बनाया जा सकता है। ज्ञान की इस सदी में यह सोचना ही शर्मनाक है कि पढ़ाई के नाम पर किसी बच्चे से उसका जीवन, उसका बचपन, उसका आत्मविश्वास छीना जा सकता है। आज शिक्षा धीरे-धीरे मानवीय संवेदनाओं से कटती जा रही है। परीक्षा परिणाम, रैंक, अंक तालिका और प्रतिस्पर्धा के आंकड़े शिक्षा का चेहरा बनते जा रहे हैं। अभिभावक अपने अधूरे सपनों का बोझ बच्चों के नाजुक कंधों पर लाद देते हैं और स्कूल उन्हें प्रदर्शन की मशीन मानकर आंकने लगते हैं। परिणाम यह होता है कि बच्चा पढ़ाई को उत्सव या खोज की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक खौफनाक दायित्व के रूप में देखने लगता है। घर, जो सबसे सुरक्षित और स्नेहपूर्ण स्थान होना चाहिए, वहीं डर का अड्डा बन जाता है। स्कूल, जो जिज्ञासा और रचनात्मकता को पंख देने का माध्यम होना चाहिए, वह दंड और अपमान का स्थल बन जाता है। ऐसे में मासूम मन कहां जाए, किससे अपने भय और असहायता को साझा करे। मनोविज्ञान और शिक्षा शास्त्र के तमाम अध्ययन यह स्पष्ट कर चुके हैं कि हिंसा, डांट, डर और अपमान बच्चों की सीखने की क्षमता को नष्ट करते हैं। डर के माहौल में बच्चा न तो प्रश्न पूछ पाता है, न प्रयोग कर पाता है और न ही अपनी गलतियों से सीख पाता है। उसकी स्मरण शक्ति, एकाग्रता और निर्णय क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। धीरे-धीरे वह हीनभावना का शिकार हो जाता है और स्वयं को अयोग्य समझने लगता है। यह कुंठा केवल बचपन तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पूरे जीवन उसके व्यक्तित्व पर छाया की तरह मंडराती रहती है। ऐसे बच्चे बड़े होकर भी जोखिम लेने से डरते हैं, अपनी बात रखने में संकोच करते हैं और जीवन की प्रतिस्पर्धा में आत्मविश्वास के अभाव में पिछड़ जाते हैं। यह शिक्षा नहीं, बल्कि एक तरह का मानसिक शोषण है। हमारी सबसे बड़ी भूल यह है कि हम हर बच्चे को एक ही मापदंड से आंकना चाहते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट है। किसी की रुचि गणित में है तो किसी की कला में, कोई खेल में खिलता है तो कोई संगीत या साहित्य में। प्रकृति ने हर बच्चे को किसी न किसी विशेष क्षमता के साथ भेजा है, लेकिन हम उसे पहचानने की बजाय एक तयशुदा पाठ्यक्रम और अपेक्षाओं की बेड़ियों में जकड़ देते हैं। नई शिक्षा नीति 2020 ने बहुआयामी शिक्षा, रुचि आधारित सीख और मूल्यपरक दृष्टि की बात जरूर की है, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी भी अंक और रैंक की मानसिकता हावी है। कोचिंग संस्कृति, बोर्ड परीक्षाओं का भय और प्रवेश परीक्षाओं की दौड़ ने शिक्षा को और भी संकीर्ण बना दिया है। इसके साथ ही यह भी एक कटु सत्य है कि कई बच्चे जन्मजात, आनुवंशिक या परिस्थितिजन्य कारणों से सीखने में कठिनाई महसूस करते हैं। दृष्टि दोष, श्रवण समस्या, डिस्लेक्सिया, मानसिक तनाव या पारिवारिक अस्थिरता जैसी स्थितियां उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे बच्चों को सबसे अधिक समझ, धैर्य और सहारे की आवश्यकता होती है, लेकिन दुर्भाग्य से वही बच्चे सबसे पहले डांट और दंड का शिकार बनते हैं। शिक्षक और अभिभावक उनकी समस्या को समझने की बजाय उन्हें आलसी या अयोग्य ठहरा देते हैं। यह रवैया न केवल अमानवीय है, बल्कि भविष्य की पीढ़ी के साथ अन्याय भी है। शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण करना है। यदि शिक्षा अहिंसा, करुणा, सहानुभूति और आत्मसम्मान का पाठ नहीं पढ़ाती, तो वह अधूरी है। बच्चों को सिखाने का सबसे प्रभावी माध्यम उदाहरण होता है। जब वे घर और स्कूल में संवाद, धैर्य और प्रेम देखते हैं, तभी वे भी वही मूल्य आत्मसात करते हैं। भय के वातावरण में पले बच्चे या तो दब्बू बन जाते हैं या फिर हिंसा को ही समाधान मानने लगते हैं। समाज में बढ़ती असहिष्णुता और आक्रामकता के पीछे कहीं न कहीं वही शिक्षा व्यवस्था जिम्मेदार है जो संवेदनशील मनुष्यों के बजाय केवल प्रतिस्पर्धी उपभोक्ता तैयार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बार-बार परीक्षा के तनाव को कम करने और शिक्षा को जीवन से जोड़ने की अपील इस बात का संकेत है कि समस्या गंभीर है। लेकिन केवल भाषणों और नीतियों से बदलाव नहीं आएगा। असली परिवर्तन तब होगा जब अभिभावक यह समझेंगे कि उनका बच्चा उनकी प्रतिष्ठा का साधन नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र व्यक्तित्व है। जब शिक्षक यह मानेंगे कि उनका दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि बच्चों में सीखने की ललक जगाना है। जब स्कूल प्रशासन दंड की संस्कृति छोड़कर सहयोग और परामर्श की व्यवस्था विकसित करेगा। और जब समाज यह स्वीकार करेगा कि असफलता भी सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है, कोई अपराध नहीं। आज जरूरत है शिक्षा को फिर से मानवीय बनाने की। ऐसी शिक्षा की, जिसमें स्नेह अनुशासन का आधार हो, संवाद दंड का विकल्प बने और विश्वास भय की जगह ले। बच्चों को यह एहसास कराया जाए कि वे जैसे हैं, वैसे ही स्वीकार्य हैं और उनकी प्रगति का रास्ता उनकी अपनी गति से तय होगा। शिक्षा को अहिंसक दृष्टि से देखना केवल नैतिक आग्रह नहीं, बल्कि व्यावहारिक आवश्यकता भी है। क्योंकि जिस समाज की शिक्षा बच्चों को तोड़ती है, वह समाज कभी मजबूत नहीं हो सकता। मासूमों को डर नहीं, हौसले का संबल चाहिए; डांट नहीं, दिशा चाहिए; और हिंसा नहीं, विश्वास चाहिए। तभी शिक्षा सचमुच जीवन देने वाली बन सकेगी, जीवन लेने वाली नहीं। नेशनल प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस (एनपीएससी) भारत के 250 से ज्यादा प्रमुख प्राइवेट सीनियर सेकेंडरी स्कूलों का एक प्रमुख एसोसिएशन है, शिक्षा की क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए एनसीईआरटी और एनआईईपीए जैसे सरकारी निकायों के साथ मिलकर काम करता है, जिसमें पॉलिसी सुधार, पढ़ाने-सीखने के तरीकों और सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है। जिसका उद्देश्य शैक्षिक पहलों, टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन और मूल्य-आधारित शिक्षा के माध्यम से शिक्षा को बेहतर बनाना। इसी से जुड़ी डॉ. उषा राम भारतीय स्कूल शिक्षा क्षेत्र में एक अनुभवी शिक्षिका और लीडर हैं, इसी तरह श्रीनिवासन श्रीराम द मान स्कूल, दिल्ली के प्रिंसिपल हैं, जिनके पास रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल शिक्षा और आईटी एडमिनिस्ट्रेशन में 30 से ज्यादा सालों का अनुभव है। मेयो कॉलेज में कंप्यूटर साइंस के पूर्व हेड होने के नाते, वे आईसीटी इंटीग्रेशन और इक्कीसवीं सदी की लर्निंग में एक्सपर्ट हैं। इन दोनों शिक्षाशास्त्रियों से कल ही प्लेटीनम वैली इन्टरनेशनल स्कूल में नई शिक्षा नीति-2020 को लेकर सार्थक चर्चा हुईं। सर्वसम्मति यही सामने आयी कि आज सबसे बड़ा और चिंताजनक प्रश्न यह है कि जो शिक्षा जीवन निर्माण, चरित्र गठन और मानवीय मूल्यों के संवर्धन का माध्यम होनी चाहिए थी, वही शिक्षा धीरे-धीरे विध्वंस का कारक क्यों बनती जा रही है। जब शिक्षा सही दिशा में आगे नहीं बढ़ती, जब वह अहिंसा, करुणा, सह-अस्तित्व और नैतिक विवेक से संपन्न नागरिकों का निर्माण करने में विफल रहती है, तब उससे निकलने वाली पीढ़ियां केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि सामाजिक, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर भी संकट का कारण बनती हैं। **–ललित गर्ग**



# भारत-यूरोपियन यूनियन का ऐतिहासिक व्यापार समझौता

**मृत्युंजय दीक्षित**

भारत और यूरोपियन यूनियन के मध्य 27 जनवरी 2026 को हुआ ससझौता एक व्यापक बदलाव वाला समझौता है।यह बहु प्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता बिना किसी दबाव के, लम्बी सहज सरल वार्ताओं के उपरांत यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में सपंन्न हुआ। इस समझौते से भारत और यूरोप के के मध्य व्यापारिक संबंधों के प्रगाढ़ होने की प्रबल सम्भावना है। भारत और यूरोपियन यूनियन के साथ हुआ यह समझौता वर्ष 2027 में लागू होगा और तब तक सभी 27 सदस्य देशों की संसद के द्वारा इसका पारण किया जाएगा। यह समझौता कई दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है इससे सर्वाधिक लाभ कृषि व किसानों को होगा क्योंकि डेयरी सेक्टर आदि इससे मुक्त रखा गया है। इससे कपड़ा, चमड़ा व फुटवियर, हस्तशिल्प फर्नीचर आदि क्षेत्रो के लिए नए अवसर खुलेंगे। इलेक्ट्रानिक उत्पादों पर टैरिफ 14 प्रतिशत से घटकर शून्य रह जाएगा जिस कारण विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से सहायता प्राप्त होगी। यूरोपीय बाजारों में आसान पहुंच से बिल्ड इन इंडिया आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी और भारत तेजी से निर्यात बढ़ाने में सक्षम होगा। रत्न आभूषणों पर भी टैरिफ शून्य हो जाएगा जिस कारण डिजाइन और शुद्धता आधारित आभूषण निर्यात में यूरोपीय बाज़ारों के साथ वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़त मजबूत होगी। टैरिफ में कटौती से यूरोपीय बाज़ारों मे पहुंच होगी लागत कम होगी जिससे प्लेन सोने और जड़े हुए आभूषणों की ईयू में मांग बढ़ेगी। यूरोपीय थोक विक्रेता एवं बड़े ब्रांड के साथ गहरे संबंध बनाने और नए आर्डर पाने के अवसर भी मिलेंगे।मुक्त व्यापार समझौता कृषि और समुद्री खाद्य उत्पादों का निर्यात बढ़ाने में सक्षम होगा। किसानों और तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों की आय मे वृद्धि होगी।मछली पालन प्रोसेसिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नौकरियां बढेंगी। काली मिर्च और इलायची जैसे मसाले यूरोप में बेहतर पहुंच का लाभ उठा सकेंगे।समझौता लागू हो जाने के बाद फार्मा -मेडिकल उपकरणों से भी टैरिफ घटकर शून्य हो जाएगा। यह समझौता लागू हो जाने के बाद भारत के 17 राज्यों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इनमें पंजाब, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना ,पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों को बड़ा लाभ होगा। उत्तर प्रदेश को भी इस समझौते का बड़ा लाभ मिलेगा। ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते के कारण प्रदेश की ओद्यौगिक क्षमता कृषि उत्पादन और एसएमएमई सेक्टर को नई गति मिलने की सम्भावना है। अभी यूपी से होने वाले कुल निर्यात में यूरोपीय संघ की हिस्सेदारी 9 से 12 प्रतिशत है यानी अभी हर वर्ष 210 हजार करोड़ रु का निर्यात होता है जो आगामी पांच वर्ष में बढ़कर 40 हजार करोड़ रु होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। मुक्त व्यापार समझौता लागू हो जाने के बाद भारतीयों के लिए यूरोपीय कारें सस्ती और सुलभ हो जाएंगी। यह एफटीए मात्र एक रणनीतिक दस्तावेज नहीं अपितु भारत और यूरोपियन यूनियन के लिए बदलते वैश्विक व्यापार वातावरण में आगे बढ़ाने का अवसर देने वाला महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस समझौते के धरातल पर उतरने के कारण एक नई आर्थिक क्रांति का उदय होगा। यूरोपियन बाज़ारों में 93 प्रतिशत भारतीय निर्यात को बिना शुल्क प्रवेश प्राप्त होने जा रहा है यह कोई सामान्य बात नहीं है। यही कारण है कि प्रधानंमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में उद्यमियो को गुणवत्ता (क्वालिटी, क्वालिटी और क्वालिटी) का मूल मंत्र दिया है। अब भारतीय उद्यमियों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता और उत्पादकता का स्तर उन्नत करना ही होगा। मुक्त व्यापार समझौता लागू होने के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह हमारे किसानों तथा छोटे उद्योगों की यूरोपीय बाज़ारों तक पहुँच आसान बनाएगा । मैन्युफैक्चरिंग में नए अवसर पैदा करेगा। वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगा। यह सिर्फ व्यापार समझौता नहीं है यह साझा समृद्धि का नया ब्लू प्रिंट है। बदलती वैश्विक व्यवस्था, बढ़ती भू राजनैतिक अनिश्चितता और अंतरराष्ट्रीय तनावों के बीच भारत और यूरोपीय संघ की यह ऐतिहासिक साझेदारी वैश्विक स्थिरता को मजबूती प्रदान करेगी। स्वाभाविक है कुछ वैश्विक ताकतें इस समझौते से असहज हैं। अमेरिका के टैरिफ वार के बीच भारत ने दुनिया के दूसरे देशों को एक नई राह दिखाई है। यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) की सहमति ने भारत के लिए 27 देशों के बाजारों को खोल दिया है। यह समझौता अब तक का सबसे बड़ा और प्रभावी व्यापार समझौता बन गया है।

## सेहत मंत्र

# मानसिक रोग है बाइपोलर डिसऑर्डर

बाइपोलर डिसऑडर एक प्रकार का मानसिक विकार है। इस बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति बहुत गंभीर मिजाज का हो जाता है और वह समझ नहीं पाता क्या करें क्या न करे। यानी वह हमेशा एक प्रकार की दुविधा में रहता है और अक्सर उसके द्वारा किये गये काम पूरे नहीं हो पाते। कई बार लोगों को पहचानने में भी दिक्कत होती है। इस बीमारी से गस्त होने पर मरीज को दवाओं को साथ-साथ अपने नजदीकी दोस्तों और रिश्तेदारों की बहुत जरूरत होती है। अगर आपका दोस्त भी द्विध्रुवी विकार से ग्रसित है तो आप उसके उपचार में उसकी मदद कर सकते हैं। आपके द्वारा दिये जाने वाले प्रोस्ताहन, मदद और देखभाल उसे वापस सामान्य स्थिति में आने में बहुत ज्यादा मदद करेगा। इस लेख में विस्तार से जानिए कि बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त दोस्त की मदद कैसे करें। बाइपोलर डिसऑर्डर क्या है- बाइपोलर डिसऑर्डर यानी द्विध्रुवी विकार को मानसिक रोग के नाम से भी जाना जाता है। इससे ग्रस्त व्यक्ति बहुत ही गंभीर मिजाज का हो जाता है। इसका असर कई सप्ताह या महीनों या कई सालों तक रहता है। एक अनुमान के मुताबिक प्रत्येक 100 में से 1 व्यक्ति इस मानसिक विकार से ग्रस्त होता है। बाइपोलर शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है जिसमें आदमी के मूड के दो रूपों को दिखाया गया है। पहला मूड का अचानक से अत्यधिक उच्च स्तर और दूसरा, अत्यधिक निम्न स्तर। व्यक्ति इन्हीं दोनों में उलझा रहता हैं। इस बीमारी के उच्च स्तर के होने पर दुखी रहना, ऊर्जा में कमी, इच्छा में कमी, आत्मविश्वास में कमी, आत्महत्या की इच्छा करना और चिड़चिड़ा होना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। निम्न स्तर में होने पर बहुत अधिक खुशी, नींद की जरूरत घटना, बहुत अधिक बोलना, जोखिम लेना, अति आत्मविश्वास होना, बहुत अधिक जोश में रहना, आदि लक्षण दिखते हैं। यह महिलाओं और पुरुषों दोनों को किसी भी उम्र में हो सकता है। कैसे करें दोस्त की मदद-इस बीमारी से ग्रस्त दोस्त की मदद करना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि अक्सर वह आपपर भी झुंझलाता है और गुस्सा करता है। लेकिन खुशी की बात यह है कि अगर इस बीमारी के उपचार के दौरान दवाओं के साथ-साथ आपका खुशनुमा साथ भी आपके दोस्त को मिल जाये तो उसे सामान्य होने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा और जल्द ही वह सामान्य स्थिति में आ जायेगा।

## धर्म मंत्र

# पंचमुंडीय आसन पर विराजित हैं मां काली, दर्शन से होती है मन्नत पूरी

घसियारी मंडी के कालीबाड़ी में मां काली का प्राचीन मंदिर स्थित है। कहा जाता है कि यह मंदिर 147 साल प्राचीन है। यहां पर मां काली पंचमुंडीय आसन पर विराजमान हैं। कहा जाता है कि ये आसन नर, बंदर, सांप, उल्लू, चमगादड़ के सिर से बना है, जो मां काली को प्रिय है। यहां आकर जो भी भक्त मां से मन्नत मांगता है, वह अवश्य पूर्ण होती है।

कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना तांत्रिक मधुसुदन मुखर्जी ने की थी। वे मां काली के भक्त थे। वे नीम के वृक्ष के नीचे बैठकर तप करते थे। मां ने मुखर्जी की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें मंदिर की स्थापना के लिए कहा। मां ने आदेश दिया कि वह मां काली की मिट्टी से प्रतिमा का निर्माण करवाए। उसके पश्चात उसे पंचकुंडीय आसन पर विराजमान करके पूजा करें। उसके बाद मंदिर में मां की पूजा-अर्चना शुरु हो गई। उसके बाद यहां पर दूर-दूर से भक्तजन मां के दर्शनों के लिए आने लगे। कहा जाता है कि नवरात्र में यहां आने से भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। अष्टमी और नवमी को मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन होता है और शाम की आरती होती है।

माना जाता है कि नवरात्रों में मंदिर में जो भी भक्त 108 कमल के फूल अर्पित करता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां पशु बलि की जगह पेठा फल और गन्ने की बलि दी जाती है।

## पर्यटन



# पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया

राजस्थान का अपना एक अलग समृद्ध इतिहास है, जो इसे सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाता है। यहां के किले व महल अनजाने ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वैसे तो जयपुर के आमेर फोर्ट से लेकर जैसलमेर के किले लोगों के बीच काफी प्रसिद्ध हैं, लेकिन इन्हीं के बीच कुंभलगढ़ का किला अपना एक अलग महत्व रखता है। कुम्भलगढ़ किला पश्चिमी भारत में राजस्थान राज्य के उदयपुर के पास राजसमंद जिले में अरावली पहाड़ियों की एक विस्तृत श्रृंखला पर मेवाड़ का किला है। इस किले की खासियत है उसकी 36 किलोमीटर लंबी दीवार। यह राजस्थान के हिल फॉट्र्स में शामिल एक विश्व धरोहर स्थल है। 15 वीं शताब्दी के दौरान राणा कुंभा द्वारा निर्मित इस किले की दीवार को एशिया की दूसरी सबसे बड़ी दीवार का दर्ज़ा प्राप्त है। ग्रेट वॉल ऑफ चाइना के बारे में तो आपने सुना होगा, लेकिन कुंभलगढ़ को ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया कहा जाता है। 80 किलोमीटर उत्तर में उदयपुर के जंगल में स्थित, कुंभलगढ़ किला चित्तौड़गढ़ किले के बाद राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा किला है। किले की दीवार 36 किलोमीटर की विशाल लंबाई तक फैली हुई है और इसलिए इसे ''द ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया'' के नाम से जाना जाता है। अरावली रेंज में फैला कुंभलगढ़ किला मेवाड़ के प्रसिद्ध राजा महाराणा प्रताप का जन्मस्थान है। यही कारण है कि राजपूतों के दिलों में इस किले के प्रति एक विशेष स्थान है। 2013 में, किले को विश्व धरोहर समिति के 37 वें सत्र में यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था। किले को सात विशाल द्वारों से बनाया गया है। इस भव्य गढ़ के अंदर मुख्य भवन बादल महल, शिव मंदिर, वेदी मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर और मम्मादेव मंदिर हैं। कुम्भलगढ़ किला परिसर में लगभग 360 मंदिर हैं, जिनमें से 300 जैन मंदिर हैं, और बाकी हिंदू हैं। इस किले की एक खासियत यह भी है कि इस भव्य किले को वास्तव में युद्ध में कभी नहीं जीता गया था।

# रामनगर पीजी कॉलेज के नाम से जाना जाएगा रामनगर स्नातकोत्तर महाविद्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी । डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ.प्र.) द्वारा पत्रांक संख्या लो0अ0 वि0सम्ब0/2026/203 दिनांक 29 जनवरी 2026 के माध्यम से जनपद बाराबंकी स्थित अनुदानित महाविद्यालय के नाम परिवर्तन को आधिकारिक मान्यता प्रदान कर दी गई है। विश्वविद्यालय ने राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक ई-7477/जी0एस0 दिनांक 15 अक्टूबर 1998 एवं उत्तर प्रदेश शासन के आदेश संख्या 4718सत्तर-6-374/2005 दिनांक 06 नवम्बर 2008 तथा अन्य प्रपत्रों के क्रम में यह स्पष्ट किया है कि अब महाविद्यालय को ल्लरामनगर पी0जी0 कालेज रामनगर, बाराबंकीङ्क के नाम से पढ़ा, समझा एवं पत्राचार किया जाएगा।अब तक प्रचलित नाम ल्लरामनगर स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर, बाराबंकीङ्क के स्थान पर नया नाम प्रभावी रहेगा।उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व बीएड विभाग के छात्रों द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी कि उनकी अंकतालिकाओं में महाविद्यालय के नाम में विसंगति पाई जा रही है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए महाविद्यालय की प्रबंध समिति एवं प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉ कौशलेंद्र विक्रम मिश्र द्वारा संबंधित विभागों तथा विश्वविद्यालय एवं उच्च अधिकारियों को आवश्यक साक्ष्यों सहित लिखित प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया था।

विश्वविद्यालय द्वारा प्रकरण का संज्ञान लेते हुए महाविद्यालय के नाम को ल्लरामनगर पीजी कॉलेज, रामनगर, बाराबंकीङ्क के रूप में मान्य कर दिया गया है, जिससे छात्रों के शैक्षणिक अभिलेखों में हो रही त्रुटियों का समाधान हो सकेगा।

इस निर्णय से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत मिली है और भविष्य में अंकतालिका, प्रमाणपत्र व अन्य दस्तावेजों में नाम संबंधी भ्रम की स्थिति समाप्त हो जाएगी।

# कैशलेस चिकित्सा पर खुशी चिकित्सीय अवकाश नहीं से असंतोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। प्रदेश सरकार द्वारा अनुदेशक एवं शिक्षामित्रों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने से इन वर्गों में खुशी की लहर है, लेकिन चिकित्सीय अवकाश की सुविधा न मिलने से उनमें गहरी पीड़ा और असंतोष भी व्याप्त है।

उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक वेलफ़ेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिवाकर अवस्थी ल्लगांधीङ्क ने इस विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि जब अनुदेशक एवं शिक्षामित्रों को शिक्षकों की भांति कैशलेस चिकित्सा सुविधा दी गई है, तो उसी तर्ज पर उन्हें चिकित्सीय अवकाश का अधिकार भी दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमारी की स्थिति में चिकित्सीय अवकाश न मिलने से कर्मचारियों को मानसिक एवं आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जो न्यायसंगत नहीं है। इलाज की सुविधा के साथ-साथ स्वस्थ होने के लिए अवकाश भी उतना ही आवश्यक है। इस संबंध में संगठन की ओर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन प्रेषित किया गया, जिसमें संवेदनशील एवं सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की गई है, ताकि अनुदेशक एवं शिक्षामित्रों को पूर्ण रूप से सम्मानजनक और मानवीय सुविधाएं मिल सकें। ज्ञापन देने वालों में सुजीत सिंह (जिला महामंत्री), अम्बरीष यादव (जिला संगठन मंत्री), आशीष मिश्रा (जिला संयोजक), विशाल वर्मा, मनीष शुक्ला, नीरज पांडेय (प्रदेश प्रवक्ता), राम जी बाजपेई, सीता सिंह, आराधना जिला महिला उपाध्यक्ष एवं विनीता शामिल रहे।

## पौत्री से अश्लील हरकत, आरोपी जेल रवाना

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना एक व्यक्ति ने अपनी पांच वर्षीय पोती के साथ कथित तौर पर अश्लील हरकत की। बच्ची ने रोते हुए अपनी मां को घटना बताया,उनकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल रवाना किया।

## सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत हुई स्लोगन, वाद विवाद, चित्रकला प्रतियोगिताये

### पेंटिंग और स्लोगन के माध्यम से रोड़ सेफ्टी नियमो को प्रदर्शित कर छात्राओ ने दिया जागरुकता का संदेश

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाज में रोड़ सेफ्टी नियमों के प्रति जागरुकता लाने को लेकर परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत ब्लाक हरख अन्तर्गत ग्राम कोला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एंव विकास खण्ड फतेहपुर अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिशुनपुर मे स्लोगन, वाद विवाद, चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने किया। प्रतियोगिता मे लगभग 100 *स्काउट गाइड छात्रों* द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमे छात्रों द्वारा पेंटिंग और स्लोगन के माध्यम से रोड़ सेफ्टी नियमो को प्रदर्शित करते हुये जागरुकता का संदेश दिया। कार्यक्रम मे सड़क सुरक्षा जागरूकता के नोडल एवं मास्टर ट्रेनर राजेंद्र त्रिपाठी ने सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी देते हुये हेलमेट-सीटबेल्ट लगाने के प्रति जागरुक करते हुये सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम मे खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र प्रसाद, अनिल कुमार सिंह, जिला गाइड कैप्टन ऋतु अग्निहोत्री, शारदा देवी, निर्मल कुमार, अनिल चौधरी, मीनाक्षी, पुष्कर, अर्चना पांडे, फरीदा बानो, शिवानी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## नोटिस प्राप्त मतदाताओं को बड़ी राहत

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सभागार में आयोजित बैठक के दौरान एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने सुपरवाइजरों के साथ बात साझा करते बताया कि जिन नोटिस प्राप्त मतदाताओं ने अब तक अपने दस्तावेज जमा नहीं किए हैं, उनके लिए दूसरे शेड्यूल की सुनवाई दो फरवरी से शुरू होगी। इस दौरान निंदूरा ब्लॉक के तीन तथा सूरतगंज ब्लॉक के एक बूथ पर एआरओ द्वारा सुनवाई की जाएगी। एसडीएम अनुसार,निंदूरा ब्लॉकके पूर्व मा0वि0खिंझना में बीडीओ आलोक वर्मा,उ0प्रा0वि0 परवर भारी में बीईओ सुषमासेंगर,रा0 इं0कॉलेज के बूथ की सुनवाई प्रा0वि0बसारा में अवर अभियंता सचिन यादव द्वारा की जाएगी।वहीं सूरतगंज ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय बसौली में सहायक अभियंता विभाकर द्विवेदी मौके पर उपस्थित रहकर सुनवाई करेंगे। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि यदि किसी कारणवश नोटिस प्राप्त मतदाता स्वयं उपस्थित होने में असमर्थ हैं, तो वे अपने किसी रिश्तेदार या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

## खेल मैदान में गिरकर छात्र बेहोश, स्वस्थ

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आर आर इंटर कॉलेज में खेलते समय फतेहपुर क्षेत्र के पैगम्बरपुर निवासी प्रफुल का 12 वर्षीय पुत्र नंदन गुरुवार को बेहोश होकर गिर गया। इलाज चल रहा है डॉक्टर ने बताया कि उसकी स्थिति संतोषजनक है। चिकित्सकों के अनुसार, नंदन को सिर में हल्की चोटआई थी, जिससे वह बेहोश हुआ।समय पर उपचार मिलने के बाद वह स्वस्थ है। नंदन के परिजनो ने सीएचसी पहुंचकर शिक्षकों की त्वरित मदद की सराहना की।

## सटटी बाजार , तहसील रोड पर हटाया अतिक्रमण, भव्य हुई सड़क

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा व कस्बा चौकी इंचार्ज ने संयुक्त अभियान में नगर के मुख्य मार्गो के दोनों तरफ अवैध अतिक्रमण हटवाया। ग्राहकों को सामान हेतु दी जानेवाली पालीथीन थैलिया पाए जाने पर दुकानदारों का चालान भी किया गया। दुकानदारों में हड़कंप मचा है।

नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी की अगुवाई में कर्मचारी और पुलिस बल के साथ सटटी बाजार में अतिक्रमण हटाया ही नहीं गया उसे दुकानों के छज्जे भी जेसीबी मशीन चलवाकर तोड़े गए इसके अलावा दुकानों में ग्राहकों को सामान ले जाने के लिए रखी पॉलिथीन थैलिया पाए जाने पर उनसे जुर्माना भी वसूल किया गया। इस दौरान दुकानदार व नागरिकों से भविष्य में फुटपाथ पर आक्रमण न करने की हिदायत भी दी। अभियान के बाद तहसील रोड पर सटटी बाजार क्षेत्र में सड़क चौड़ी नजर आयी। जिससे लोगों ने राहत महसूस की उन्होंने दुकानदारों से अपेक्षा की,कि सफाईकर्मी भी समय पर व्यवस्थित सफाई नहीं करते हैं, तो उसकी शिकायत लिखित रूप में कार्यालय दें मैं उनके साथ सख्ती पेश आऊंगी।

## फांसी लगा युवक ने की आत्महत्या

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर थाना क्षेत्र के अलमापुर निवासी चंद्रकेश यादव का 18 वर्षीय पुत्र अंकज गुरुवार शाम को घर ओदार मेला देखने गया था।लेकिन रात तक घर वापस नहीं आया।सुबह तलाश के दौरान युवक का शव गांव के बाहर शहतूत के पेड़ से लटकता मिला। घुंघटेर थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का लग रहा है।फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पिकअप बाइक की टक्कर ,पिता की मौत, पुत्र गंभीर

बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बैरानामऊ मंझारी स्थित नौबस्ता निवासी संजय(50)पुत्र मुन्नीलाल अपने पुत्र लवकुश(20)के साथ गुरुवार देर शाम बाइक से घर लौट रहे थि।तभी महादेवा-सूरतगंज मार्ग पर बीकेपुर गांव के निकट पुल के पास पहुंचा कि सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मारी। राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से घायल पिता-पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने संजय को मृत घोषित कर दिया।घायल लवकुश की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूरतगंज चौकी प्रभारी उमेश कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में कलेक्ट्रेट में 2 मिनट का मौन

बाराबंकी । भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में पूर्वाह्न 11:00 बजे 2 मिनट का मौन धारण कर पुण्यात्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों का बलिदान राष्ट्र के लिए अमूल्य धरोहर है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौन धारण कर देश की स्वतंत्रता हेतु सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) श्री निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री राज कुमार सिंह सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

## सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी निगरानी को लेकर दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार, बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सर्वप्रथम कारागार के मुख्य द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा तैनात सुरक्षा कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

इसके पश्चात अधिकारी द्वय ने कारागार के भीतरी परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार के कंट्रोल रूम पहुँचकर वहाँ से संचालित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया और निर्देश दिए कि कारागार की सतत एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सीसीटीवी कैमरे हर समय चालू एवं क्रियाशील रहें तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी को तत्काल दूर किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महिला बैरक, पुरुष बैरक, गौशाला एवं कारागार अस्पताल का भी निरीक्षण किया। बैरकों में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, स्वच्छता, भोजन एवं पेयजल व्यवस्था का परीक्षण किया गया। अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि बंदियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि कारागार में अनुशासन, स्वच्छता एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएँ नियमित रूप से संचालित की जाएँ। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएँ भी सुनीं और उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक कुंदन कुमार , जेलर राजेंद्र सिंह सहित कारागार के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महात्मा गाँधी को युवा पीढ़ी से जोड़ने की जरुरत: राहुल देव

## रेठ नदी तट पर दीपदान , बापू को भावभीनी श्रद्धांजलि





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। गांधी की हत्या हर रोज हो रही है। पूरे मुल्क में सैकड़ों जगह उन्हें मारा जा रहा है। उससे क्या वह मर गए? गांधी के शरीर को मारने से क्या वह मर गए? नहीं। हम लोग आज यहां बैठकर उन्हें याद कर रहे है यही गांधी के जिन्दा होने का सबूत है। जब तक हम बिना दूसरे से नफ़रत किए उसका विरोध कर सकते है यानि सविनय विरोध कर सकते है तब तक गांधी जिन्दा रहेंगे। यह बात गांधी भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वें बलिदान दिवस पर आयोजित महात्मा गांधी स्मृति व्याख्यान के मुख्य वक्ता देश के सुप्रसिद्ध पत्रकार एवं गांधीवादी अध्येता राहुल देव ने कही। राहुल देव ने आगे कहा कि हम अपनी पीढ़ी तक अगर गांधी को नहीं पहुंचा पाए, तो गांधी की जय बोलने से कोई फायदा नहीं है। ये हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिस जहरीले समय में हम रह रहे हैं अभी, यह सोंचकर डर लगता है कि हम अपनी आंखों के सामने ये देख रहे हैं कि हमारे बच्चे और हमारे बच्चों के बच्चे जब बड़े होंगे, नागरिक बनेंगे तब उस वक्त का माहौल, वह हवा कैसी होगी, कितनी जहरीली होगी और उसमें वह जिएंगे कैसे ? हमें कभी अपने बच्चों के भविष्य के लिए हिम्मत करनी चाहिए। गांधी को याद करना, गांधी की बात करना आज एक हिम्मत का काम है। जबकि गांधी को गाली देने वाले और धर्म के नाम पर अधर्म करने वालो को हिम्मत दिखाने जरूरत नहीं पड़ती। हमें समय निकालकर गांधी को थोड़ा-थोड़ा पढ़ना चाहिए। उससे बहुत ताकत मिलती है। गांधी से बड़ा हिन्दू पिछले दो सौ साल में नहीं हुआ। उनसे बड़ा इंसान दूसरा कोई नहीं हुआ। कार्यक्रम संयोजक राजनाथ शर्मा ने कहा कि गांधी का मार्ग सत्य, अहिंसा और संवाद का है। आज दुनिया को हथियारों की नहीं, इन्हीं मूल्यों की ज़रूरत है। सभा की अध्यक्षता ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मो. उमेर किदवई ने की। सभा का संचालन पाटेश्वरी प्रसाद ने किया।

# नंद घर आनंद भयो भाव विभोर हए श्रद्धालु, भक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौली गौसपुर बाराबंकी।तारापुर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास सरिता यादव शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और कंस के अत्याचारों की कथा सुनाई। इस आयोजन में क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। कथा का आयोजन ग्राम प्रधान पंकज यादव द्वारा किया जा रहा है।शुक्रवार को कथा व्यास सरिता यादव शास्त्री ने बताया कि कंस के अत्याचारों से मथुरा की जनता त्रस्त थी। कंस को यह ज्ञात था कि उसकी बहन देवकी का आठवां पुत्र ही उसकी मृत्यु का कारण बनेगा। इसी भय से कंस ने अपनी बहन देवकी और बहनोई वासुदेव को कारागार में बंद कर दिया था।भगवान विष्णु ने माता देवकी और पिता वासुदेव के आठवें पुत्र के रूप में भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मथुरा के कारागार में जन्म लिया। वासुदेव ने नवजात शिशु कृष्ण को गोकुल में नंद के घर सुरक्षित पहुंचा दिया।भगवान श्रीकृष्ण का जन्म कंस के अत्याचारों का अंत करने और धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। उनकी जन्म कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर अशोक कुमार यादव अभिषेक यादव सहित आयोजन कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# फिशरीज फार्म पर लूट का खुलासा, आठ लुटेरे गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रीपुर मे सशस्त्र बदमाशों ने एक मछली फार्म के कर्मचारियों को बंधक बनाकर 4 लाख 80 हजार नगदी सहित डीवीआर व मोबाइल लूट की घटना अज्ञात बदमाशों ने अंजाम दी थी। संगठित गिरोह के आठ बदमाशों को जहागीराबाद पुलिस ने स्वाट एव सर्विलांस टीम के साथ गिरफ्तार कर 87 हजार 5 सौ की नगदी सहित रुपये 5 अदद तमंचा व जिंदा कारतूस, 4 अदद मोबाइल फोन बरामद किया। बताते चले कि 25/ 26 जनवरी की मध्य रात्रि जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रीपुर स्थित देवां फिशरीज फार्म पर धावा बोलकर चार कर्मचारियों को असलहे दिखाकर बंधक बनाकर बदमाशों ने कार्यालय में रखी 4 लाख 80 हजार की नगदी कर्मचारियों के मोबाइल फोन और सीसी कैमरे व डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) भी उठा ले गये थे फार्म के मुंशी दरोगा उर्फ समीउल्ला पुत्र झिन्कन निवासी ग्राम कदरवेत थाना चन्वटा जनपद कपिलवस्तु नेपाल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर मुकदमा दर्ज किया था। शहर से मिले थाना क्षेत्र मे हुई घटना के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश जहांगीराबाद थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद शुक्ला स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स की मदद से पलिया मसूदपुर तिराहे के पास से घटना मे शामिल मुकेश कुमार पुत्र चेतराम निवासी ग्राम गनौरा थाना जहांगीरबाद. शिवराज पुत्र मनोहर निवासी बंकी दक्षिण टोला थाना कोतवाली नगर,. देवाशीष सिंह चौहान पुत्र संदीप कुमार निवासी बालागंज थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ , राजकुमार उर्फ प्रज्ञादीप रंजन उर्फ राज पुत्र मायाराम गौतम निवासी ग्राम मामापुर थाना देवा, मो0 सोनू पुत्र महबूब निवासी ग्राम सिपहिया थाना देवा , जुनैद पुत्र निसार अली निवासी ग्राम बरेठी थाना देवा , नौसाद पुत्र मुख्तार निवासी बीकेटी भौनी थाना बीकेटी जनपद लखनऊ व सुहेल पुत्र गौस मोहम्मद निवासी ककरहा मोड बाईपास थाना देवा को गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 5 अदद अवैध तमंचा .12 बोर मय जिंदा कारतूस , 4 अदद चोरी के मोबाइल व लूट के 87 हजार 5 सौ रुपये नकद बरामद किये।

पुलिस की पूछताछ अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगो का एक गैंग है जो लूट आदि की घटनाओं को अंजाम देता है। मिश्रीपुर की घटना मे मुकेश कुमार , सूरज व आशू द्वारा घटना की योजना बनाई गयी थी, घटना कारित करने से पूर्व फार्म हाउस की कई बार रेकी की गयी थी तथा फार्म हाउस का वाडियो भी बनाया गया था, फार्म हाउस में कितने लोग रहते हैं व पैसा कहां रखा जाता है इसकी सम्पूर्ण जानकारी कर ली गयी थी। तत्पश्चात योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया गया था। अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न थानों मे तमाम अपराधिक मुकदमे दर्ज है।

# सीता स्वयंवर रामलीला ,भाव विभोर हुए दर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता





सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ग्राम खोर में आयोजित दो दिवसीय धनुष यज्ञ एवं रामलीला महोत्सव में भाजपा नेता नीरज वर्मा व अमित पाण्डेय सम्मिलित हुए और भगवान श्रीराम की लीला तथा सीता स्वयंवर और परशुराम-लक्ष्मण संवाद सुनकर भाव बिभोर हुए। भगवान श्रीराम द्वारा धनुष भंग करते ही पूरा पंडाल 'जय श्री राम' के नारों से गूंज उठा। इसके बाद माता सीता ने भगवान श्रीराम के गले में वरमाला डाली और पुष्प वर्षा की गई।

धनुष टूटने की टंकार सुनकर भगवान परशुराम मंच पर पहुंचे। उन्होंने क्रोधित होकर धनुष तोड़ने वाले को सामने आने को कहा, अन्यथा सभी राजाओं को मारने की चेतावनी दी। इस पर भगवान राम शांत रहे, लेकिन लक्ष्मण क्रोधित हो उठे।लक्ष्मण ने उत्तेजित होकर कहा कि उन्होंने बचपन में ऐसे कई धनुष तोड़े हैं और एक धनुष टूटने पर इतना क्रोधित होने का कोई कारण नहीं है। तब भगवान श्रीराम ने परशुराम को प्रणाम किया और उन्हें शांत होने का आग्रह किया। परशुराम को संदेह हुआ कि श्रीराम स्वयं भगवान नारायण हैं। उन्होंने श्रीराम को अपना धनुष दिया और उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने को कहा।जैसे ही भगवान श्रीराम ने धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाई, परशुराम ने उन्हें आशीर्वाद दिया और शांत होकर पंडाल से चले गए। इसके पश्चात राम कलेवा का भी मंचन किया गया।

# पांचवें टी20 मैच में सैमसन की फॉर्म और अक्षर की फिटनेस पर होगी नजर

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। खिताब का प्रबल दावेदार भारत टी20 विश्व कप से पहले शनिवार को यहां जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए उतरेगा तो उसे उम्मीद रहेगी कि संजू सैमसन अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने और अक्षर पटेल फिटनेस हासिल करने में सफल रहेंगे। विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने प्रयोग करते हुए पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया तथा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारत यह मैच हार गया था लेकिन इससे श्रृंखला के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारतीय टीम पहले ही इसे अपने नाम कर चुकी थी। जैसा कि श्रृंखला के पिछले मैचों में देखा गया, भारत अपने गेंदबाजी विभाग में एक बार फिर फ़ेरबदल कर सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन पिछले दो मैचों में आराम देने के बाद मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका दे सकता है। बल्लेबाजी विभाग में शायद ज्यादा बदलाव न हों, लेकिन टीम प्रबंधन सैमसन पर नजर रखेगा। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सैमसन इस श्रृंखला में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। वह सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सैमसन अब अपनी गृह नगर में खेलेंगे और यहां के अपने समर्थकों के सामने शायद वह अपनी खोई हुई लय को फिर से प्राप्त कर लें। टीम के आगमन के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो से यह स्पष्ट हो गया कि वह देश के इस हिस्से में सुपरस्टार हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव को हवाई अड्डे के निकास द्वार पर अपने 'चेट्टा' (बड़े भाई) के लिए मजाक में रास्ता साफ करते हुए देखा गया, जहां सैकड़ों प्रशंसक सैमसन और उनके साथियों की एक झलक पाने के लिए कतार में खड़े थे। ईशान किशन के रूप में भारतीय टीम के पास सैमसन का मजबूत विकल्प मौजूद है। उन्होंने इस श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इस विकेटकीपर बल्लेबाज को अज्ञात चोट के कारण पिछले मैच से बाहर बैठना पड़ा था। ऑलराउंडर अक्षर भी नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उंगली में चोट लगने के बाद से नहीं खेले हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे मैच से पहले नेट पर गेंदबाजी की थी।



# 'अनुशासनात्मक' कारणों से मनप्रीत समेत तीन खिलाड़ियों को किया गया बाहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय पुरूष हॉकी टीम के अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह समेत तीन खिलाड़ियों को प्रो लीग के आगामी सत्र से पहले संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर के फैसला पर भले ही कइयों को हैरानी हुई हो लेकिन सूत्रों के अनुसार यह फैसला पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर ही 'अनुशासनात्मक' कारणों से ले लिया गया था। ऐसी अटकलें लगाई जा रही थी कि किसी भारतीय खिलाड़ी के सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों का हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की के (412) रिकॉर्ड की बराबरी से रोकने के लिये मनप्रीत को बाहर किया गया है। मनप्रीत इस रिकॉर्ड से एक मैच दूर हैं। टीम के करीबी सूत्रों ने हालांकि बताया कि मनप्रीत सिंह, दिलप्रीत सिंह और गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक को बाहर करने का फैसला पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर ही ले लिया गया था। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में सात से दस दिसंबर 2025 के बीच दो टेस्ट और एक नुमाइशी मैच खेले थे। सूत्रों ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अनुशासनहीनता का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया था जब एक खिलाड़ी टीम बैठक से गायब था और बाद में पता चला कि उसे मनप्रीत , दिलप्रीत और पाठक ने कथित तौर पर प्रतिबंधित पदार्थ वाली च्युइंग गम खिलाई थी जिससे वह बेहोश हो गया और पूरी रात उसे संभालना पड़ा। अगली सुबह वह टीम बैठक में भी नहीं जा सका। उन्होंने आगे कहा कि खिलाड़ियों ने अपने साथी खिलाड़ी को प्रतिबंधित पदार्थ खिलाने के लिये बाद में माफी मांगी लेकिन टीम बैठक में तब ही उन्हें आगामी शिविर से बाहर रखने का फैसला सुना दिया गया था। यह भी पता चला है कि कोच क्रेग फुल्टोन की ओर से घटना की कोई लिखित रिपोर्ट हॉकी इंडिया को नहीं दी गई है। राउरकेला में अगले महीने होने वाले प्रो लीग के आगामी सत्र के लिये हॉकी इंडिया ने गुरुवार को संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की जिसमें कोच ने कहा कि कार्यभार प्रबंधन के लिये कुछ सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। राउरकेला में 10 से 15 फरवरी तक होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों से पहले एक से सात फरवरी तक यह शिविर आयोजित किया जाएगा। मनप्रीत की सह कप्तानी में रांची रॉयल्स टीम हॉकी इंडिया लीग के फाइनल में पहुंची थी और टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन भी काबिले तारीफ रहा जिससे उन्हें बाहर किये जाने को लेकर सवाल उठने लाजमी हैं। वहीं कृशन और दिलप्रीत एचआईएल जीतने वाली कलिंगा लांसर्स टीम का हिस्सा थे।



## संक्षिप्त समाचार

### इंडिया पावर कॉरपोरेशन भूटान में 70 मेगावाट की सौर परियोजना विकसित करेगी

**कोलकाता।** इंडिया पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईपीसीएल) ने शुक्रवार को कहा कि भूटान के पारो जिले में 70 मेगावाट की सौर ऊर्ज़ा परियोजना विकसित करने के लिए पड़ोसी देश की ग्रीन एनर्जी पावर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह परियोजना उसकी अगले पांच वर्षों में भूटान में 1.5 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ने की योजना का हिस्सा है। इसमें कहा गया कि भूटान की बिजली मांग अगले दो वर्षों में दोगुनी से अधिक होने की उम्मीद है, जिसका मुख्य कारण गेलेफू माइंडफुल सिटी जैसी परियोजनाएं, फ़ेरोसिलिकॉन सहित ऊर्ज़ा-गहन उद्योगों का विस्तार और डिजिटल बुनियादी ढांचे तथा क्रिप्टो-माइनिंग गतिविधियों से बढ़ती मांग है। भूटान के ऊर्ज़ा उत्पादन में जलविद्युत का दबदबा कायम है, लेकिन देश ने 2034 तक 25,000 मेगावाट स्थापित बिजली क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें 5,000 मेगावाट की सौर ऊर्ज़ा क्षमता शामिल है। आईपीसीएल के अनुसार, तकनीकी मानकों के प्रारंभिक मूल्यांकन के बाद पारो में तेनचुका का चयन किया गया था।

### नेस्ले इंडिया का तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 45.12 प्रतिशत बढ़कर 998.42 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 45.12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 998.42 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 688.01 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में नेस्ले इंडिया की एकीकृत परिचालन आय 5,667.04 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,779.73 करोड़ रुपये थी। नेस्ले इंडिया ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर सात रुपये के अंतरिम लाभांश को मंजूरी दे दी है। कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर बात करते हुए नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि इस तिमाही में कंपनी की बिक्री मात्रा में 18.5 प्रतिशत की मजबूत और व्यापक बढ़ोतरी हुई है। इसकी वजह से नेस्ले इंडिया ने अब तक का सबसे अधिक तिमाही कारोबार दर्ज किया, जो 5,643.5 करोड़ रुपये रहा। उन्होंने बताया कि यह पिछले लगभग पांच वर्षों में कंपनी की सबसे तेज बिक्री वृद्धि है।

### सरकार ने दवा में उपयोग होने वाले तीन कच्चे माल को एक साल के लिए अंकुश की श्रेणी में डाला

**नयी दिल्ली।** सरकार ने पेंसिलिन श्रेणी के एंटीबायोटिक के उत्पादन में उपयोग होने वाले तीन कच्चे माल पेंसिलिन जी-पोटेशियम, 6-एपीए और एमोक्सिसिलिन ट्राईहाइड्रेट३ पर न्यूनतम आयात मूल्य लागू किया है। इस बारे में अधिसूचना जारी की गई है। इन तीनों कच्चे माल को एक वर्ष के लिए अंकुश की श्रेणी में रखा गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 29 जनवरी को जारी एक अधिसूचना में कहा, ''पेंसिलिन जी-पोटेशियम, 6-एपीए और एमोक्सिसिलिन ट्राईहाइड्रेट का आयात इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए अंकुश की श्रेणी में है। इनका सीआईएफ (लागत, बीमा, माल ढुलाई) मूल्य क्रमशः 2,216 रुपये प्रति किलोग्राम, 3,405 रुपये प्रति किलोग्राम और 2,733 रुपये प्रति किलोग्राम से कम है। हालांकि, ये अंकुश 100 प्रतिशत निर्यात उन्मुख इकाइयों (ईओयू), एसईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) में स्थित इकाइयों और अग्रिम प्राधिकरण योजना के तहत आयात पर लागू नहीं होंगे। हालांकि, इसके लिए शर्त है कि आयातित सामग्री घरेलू शुल्क क्षेत्र में न बेची जाए।

### ताइवान की जीडीपी पिछले साल 8.6 प्रतिशत बढ़ी, 15 साल में सबसे तेज

**ताइपे।** ताइवान की अर्थव्यवस्था वर्ष 2025 में 8.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो 15 वर्षों में सबसे तेज है। यह वृद्धि मुख्य रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी वैश्विक मांग और निर्यात में तेज उछाल का नतीजा है। ताइवान की सांख्यिकी एजेंसी की तरफ से शुक्रवार को जारी अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, यह वृद्धि दर 2010 के बाद सबसे अधिक है और अर्थशास्त्रियों के पूर्वानुमानों से कहीं बेहतर रही। निर्यात-आधारित उद्योगों, खासकर प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने आर्थिक विस्तार में अहम भूमिका निभाई। आंकड़ों के मुताबिक, ताइवान का कुल निर्यात 2025 के दौरान सालाना आधार पर करीब 35 प्रतिशत बढ़ा। इसमें प्रौद्योगिकी से जुड़े उत्पादों एआई सर्वर, सेमीकंडक्टर (चिप) और सटीक उपकरणों की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही। जनवरी की शुरुआत में ताइवान ने अमेरिकी प्रशासन के साथ एक व्यापार समझौता किया था जिसके तहत अमेरिका ने ताइवान से आयात पर शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया। इसके बदले में ताइवान ने सेमीकंडक्टर और एआई जैसे क्षेत्रों में अमेरिका में 250 अरब डॉलर के निवेश का वादा किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऊंचे आधार प्रभाव के कारण आगे चलकर वृद्धि की रफ्तार धीमी हो सकती है। डॉयचे बैंक ने 2026 में ताइवान की आर्थिक वृद्धि 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। हालांकि, एआई क्षेत्र में संभावित बुलबुले की आशंका, अमेरिकी शुल्क नीति को लेकर अनिश्चितता और चीन के साथ बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव ताइवान की अर्थव्यवस्था के प्रमुख जोखिम कारक बने हुए हैं।

### सैमसंग एआई आधारित एयर कंडीशनर पेश करेगी 30 प्रतिशत तक बिजली बचत का दावा

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सैमसंग इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि वह 'विंडफ्री' एयर कंडीशनर (एसी) की एक नयी श्रृंखला पेश करेगी, जो कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी से लैस होगी। कंपनी का दावा है कि इससे उपभोक्ताओं को 30 प्रतिशत तक बिजली बचाने में मदद मिलेगी। सैमसंग अपने पूरे रूम एयर-कंडीशनर (आरएसी) पोर्टफोलियो में एआई प्रौद्योगिकी को शामिल करने वाली देश की पहली कंपनी बन जाएगी। वर्ष 2026 के इस नए संग्रह में 'विंडफ्री' एसी के 23 मॉडल शामिल होंगे। ये मॉडल सैमसंग की 'बीस्पोक एआई' प्रौद्योगिकी से लैस होंगे, जिसका उपयोग कंपनी वर्तमान में अपने प्रीमियम रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और ड्रायर जैसे उपकरणों में कर रही है। बीस्पोक एआई 'बिक्सबी' के माध्यम से ध्वनि निर्देश और उन्नत मशीनी शिक्षण का उपयोग कर उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत सुविधा, बिजली की बचत में मदद करता है। सैमसंग इंडिया के डिजिटल उपकरण विभाग के उपाध्यक्ष गुफरान आलम ने कहा कि नयी श्रृंखला के साथ कंपनी घरेलू एसी बाजार को नया स्वरूप दे रही है।

# डिकॉक के तूफानी शतक से साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी 20 में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया, सीरीज जीती

एजेंसी

सेंचुरियन। क्विंटन डिकॉक के विस्फोटक शतक की बदौलत साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 इंटरनेशनल में सात विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज अपने नाम कर ली। सुपरस्पोर्ट पार्क में खेले गए इस मुकाबले में डिकॉक ने उधार के बल्ले से ऐसी पारी खेली, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 221 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। हालांकि, लक्ष्य का पीछा करते हुए डिकॉक शानदार लय में नजर आए और उनकी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के सामने कैरेबियाई गेंदबाज बेबस दिखे। साउथ अफ्रीका ने 15 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 33 वर्षीय डिकॉक ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 49 गेंदों में 115 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 6 चौके और 10 छक्के जड़े। यह साउथ अफ्रीका का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज रहा। इससे पहले 2023 में इसी मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ ही 259 रन का लक्ष्य हासिल किया गया था, जिसमें डिकॉक ने 44 गेंदों में 100 रन की पारी खेली थी। मैच के बाद डिकॉक ने खुलासा किया कि वह अपने कुछ बल्ले घर पर ही भूल गए थे और उन्होंने युवा खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस से बल्ला उधार लिया था। डिकॉक ने कहा, मैंने गलती से अपने कुछ बैट घर छोड़ दिए थे। सेंचुरियन में प्रोटियाज रंगों में फिर से बल्लेबाजी करना खास अनुभव रहा। यह मैदान हमेशा से हाई-स्कोरिंग रहा है। डिकॉक ने रयान रिकेल्टन के साथ दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की। रिकेल्टन ने 36 गेंदों में नाबाद 77 रन बनाए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज की ओर से ब्रैंडन किंग (49) और शिमरोन हेटमायर (75) ने दूसरे विकेट के लिए 62 गेंदों में 126 रन जोड़कर मजबूत आधार तैयार किया। मध्य ओवरों में साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों ने रन गति पर लगाम लगाई, जिसमें केशव महाराज ने 4 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट झटके। हालांकि, शेरफ़ेन रदरफोर्ड ने अंतिम ओवरों में 24 गेंदों पर नाबाद 57 रन बनाकर टीम को तेज फिनिश दी। इस दौरान साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्खिया को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा, जिन्होंने तीन ओवर में 59 रन लुटा दिए। मैच के बाद वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने कहा, हमारी बल्लेबाजी अच्छी रही, लेकिन सेंचुरियन में गेंदबाजी के लिए हालात बेहद चुनौतीपूर्ण होते हैं।



## गाडेकी-पीयर्स ने रचा इतिहास ऑस्ट्रेलियन ओपन मिक्स्ड डबल्स खिताब बरकरार

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की ओलिविया गाडेकी और जॉन पीयर्स की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में इतिहास रच दिया। इस जोड़ी ने शुक्रवार को खेले गए मिक्स्ड डबल्स फाइनल में फ्रांस की क्रिस्टिना म्लादेनोविच और मैनुअल गुइनार्ड को 4-6, 6-3, 10-8 से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही गाडेकी और पीयर्स 37 वर्षों में ऑस्ट्रेलियन ओपन मिक्स्ड डबल्स का खिताब बचाने वाली पहली जोड़ी बन गई। इससे पहले आखिरी बार 1989 में जाना नोवोत्ना और जिम प्यूग की जोड़ी ने लगातार दो बार यह खिताब जीता था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की किसी जोड़ी द्वारा यह उपलब्धि हासिल करने का रिकॉर्ड इससे भी पुराना है। 62 साल पहले मार्गरेट कोर्ट और केन फ्लेचर ने यह कारनामा किया था। फाइनल मुकाबले की बात करें तो फ्रांसीसी जोड़ी ने पहले सेट में बेहतर खेल दिखाते हुए कई ब्रेक के बीच 6-4 से बढ़त बनाई।

## मारुति सुजुकी ने तकनीकी समाधान के लिए पांच शुरुआती स्टार्टअप को अपने साथ जोड़ा



नयी दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने विभिन्न व्यावसायिक कार्यों के लिए नए तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए पांच शुरुआती चरण के स्टार्टअप को अपने साथ जोड़ा है। यह पहल कंपनी की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत परिचालन दक्षता बढ़ाने, उच्च गुणवत्ता वाले विनिर्माण को मजबूत करने, गुणवत्ता में सुधार करने और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई व्यावसायिक क्षेत्रों में तकनीक-आधारित समाधान लागू किए जाएंगे। ये पांच स्टार्टअप- ऑगुरएआई, आत्राल, जेन मोबिलिटी, इंडस विजन और प्रॉक्सी हैं। इन्हें मारुति सुजुकी इनक्यूबेशन प्रोग्राम (एमएसआईपी) के चौथे समूह से चुना गया है। यह कार्यक्रम आईआईएम बैंगलोर के उद्यमिता और स्टार्टअप सहायता केंद्र, नादथुर एस राघवन सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरियल लर्निंग के साथ साझेदारी में चलाया जाता है। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ हिसाशी ताकेउची ने एक बयान में कहा, ङ्कउपभोक्ताओं की बदलती पसंद, बढ़ते पैमाने, विस्तारित उत्पाद पोर्टफोलियो, लगभग 100 निर्यात बाजारों में अलग-अलग नियमों और स्थिरता पर बढ़ते जोर के कारण परिचालन परिदृश्य जटिल होता जा रहा है। ऐसे में तकनीक एक रणनीतिक सहारा बन गई है। उन्होंने आगे कहा कि उत्कृष्टता बनाए रखने, जटिलताओं से निपटने और दीर्घकालिक व तेज वृद्धि के लिए सभी व्यावसायिक कार्यों में नए जमाने की तकनीकों को शामिल करना महत्वपूर्ण है।

### गूगल इंडिया का लाभ 2024-25 में 1,437 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर, राजस्व 3.2 प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली। गूगल इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 में एकल आधार पर 1,436.9 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, जो पिछले साल की इसी अवधि के समान है। बाजार सूचना विश्लेषण संस्था टोफलर ने कंपनी द्वारा शेयर बाजार को दी जानकारी के आधार पर बताया कि राजस्व में कमी और कर्मचारी तथा कर व्यय बढ़ने के कारण उसके लाभ पर असर पड़ा। कंपनी ने एक साल पहले लगभग 1,425 करोड़ रुपये का कुल शुद्ध लाभ दर्ज किया था। गूगल इंडिया का परिचालन राजस्व समीक्षाधीन अवधि में 3.2 प्रतिशत घटकर 5,340 करोड़ रुपये रह गया, जो 2023-24 में 5,518 करोड़ रुपये था। हालांकि, लगभग 776 करोड़ रुपये की अन्य आय के कारण कंपनी का कुल राजस्व सालाना आधार पर 3.2 प्रतिशत बढ़कर 6,116 करोड़ रुपये हो गया। इन नतीजों की पुष्टि के लिए गूगल इंडिया को भेजे गए ईमेल का तुरंत कोई जवाब नहीं मिला। टोफलर के विश्लेषण के अनुसार गूगल इंडिया का शुद्ध मार्जिन भी सालाना आधार पर 24.06 प्रतिशत से घटकर 23.49 प्रतिशत रह गया। टोफलर ने कहा, समीक्षाधीन वित्त वर्ष में कंपनी का कुल खर्च 4,136 करोड़ रुपये बताया गया है।


उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-AMS-TOi-112-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BOY-TOi-155-26-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BTKD-TOi-142-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BTP-TOi-145-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-KHNM-TOi-125-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BHDR-TOi-126-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-MBLP-TOi-117-25-1(Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-PRF-TOi-121-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-MFKA-TOi-139-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-LBA-TOi-141-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-SOP-TOi-143-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-ZBD-TOi-146-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-KSF-TOi-147-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-LOT-TOi-154-26-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-UTR-TOi-118-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-HGH-Toi-119-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-JTU-Toi-114-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-AJ-Toi-115-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-SAW-Toi-122-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-MAY-Toi-144-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-MKG-Toi-111-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-HRN-Toi-113-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-PQN-Toi-123-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-LGO-Toi-127-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-KEPR-Toi-140-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-AMG-Toi-116-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-GRMR-Toi-124-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-VYN-Toi-120-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 15:00 बजे |
| नीलामी प्रकार | Close Ended |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 330/26

# दिल्ली विश्वविद्यालय में 'विकसित भारत की परिकल्पना : परिप्रेक्ष्य और चुनौतियाँ' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## समृद्धि के साथ-साथ संस्कार से युक्त है विकसित भारत की परिकल्पना : प्रो. निरंजन कुमार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति द्वारा 'विकसित भारत की परिकल्पना : परिप्रेक्ष्य और चुनौतियाँ' विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला (कैपिसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप) का आयोजन किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए आयोजित इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति के अध्यक्ष प्रो. निरंजन कुमार ने विकसित भारत पर चर्चा करते हुए प्रश्न उठाया कि क्या भारत पहले एक विकसित राष्ट्र नहीं था? इस सम्बंध में आँकड़े देते उन्होंने बताया पहली से लेकर 16वीं-17वीं तक भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पुनः विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने



समृद्धि के साथ-साथ संस्कारयुक्त जिस विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की है, उसी को ध्यान में रखकर दिल्ली विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम तैयार किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल ने विकास, पर्यावरण और विरासत के संबंधों पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र के निर्माण में प्रयोगात्मक रूप से भी सक्रिय होना पड़ेगा। हमें रूस, अमेरिका या चीन आदि दूसरे देशों की नकल करने की बजाय अपने लिए एक भारतीय राह बनाना होगा। विलियम डेलरिंपल की पुस्तक 'द गोल्डन रोड' की चर्चा करते हुए उन्होंने विश्व की तरक्की का स्रोत भारत को बताया है और कहा कि विकसित भारत के निर्माण में अतीत को ओझल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के भारत का युवा अंकल चिप्स के साथ माइक्रो चिप्स, चरखा के साथ चंद्रयान, योग के साथ एल्गोरिदम की बात भी करता है। उन्होंने जोर दिया कि भारतीयों युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में पेटेंट लेने का प्रयास करना चाहिए ताकि हमारे हमारे ज्ञान पर कोई दूसरा ना दावा कर ले।

प्रो प्रभात मित्तल, प्रो सुरेंद्र कुमार, प्रो रेखा सक्सेना, प्रो रुपाली गोयंका और प्रो रजनी साहनी आदि ने तकनीकी सत्रों में अपना व्याख्यान दिया। यहाँ बता दें दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्क्रम समिति शिक्षकों के लिए इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन लगातार करती रहती है।

# कुवैत-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी

नई दिल्ली। कुवैत से दिल्ली आ रहे इंडिगो के एक विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद एहतियातन अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। इस फ्लाइट में सवार सभी 180 यात्री सुरक्षि?त हैं। हालांकि, एयरलाइन की ओर से काई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह कुवैत से दिल्ली आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की गई। धमकी की जानकारी टिशू पेपर पर लिखे एक नोट पर मिली। इसमें फ्लाइट को हाईजैक कर बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।




अधिकारियों ने बताया कि अभी तक की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि इंडिगो का यह विमान सुबह करीब 6.40 बजे 180 यात्रियों के साथ सुरक्षित उतर गया। फिलहाल पूरे विमान की जांच की जा रही है। ऐसे में ये भी तय है कि यात्रियों को दिल्ली पहुंचने में अभी और समय लग सकता है।

# लाल किले में गूजेंगी पंजाबी नृत्य और भजनों की धुन

एजेंसी

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में लाल किले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'भारत पर्व' के समापन समारोह के दौरान पंजाब के 12 छात्रों का एक समूह विशिष्ट वाद्य यंत्रों के साथ भजनों की प्रस्तुति देगा और कलंदरी धमाल नृत्य भी किया जाएगा। इसका समापन 31 जनवरी (शनिवार) को किया जाएगा। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार इस पर्व के समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन होंगे। इस दिन सिंध और पंजाब का पारंपरिक सूफी लोक नृत्य, कलंदरी धमाल नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। कलंदरी नृत्य सेहवान शरीफ स्थित लाल शाहबाज कलंदर के मकबरे से जुड़ा हुआ है। यह ईश्वर और सूफी संतों के प्रति प्रेम और समर्पण को व्यक्त करता है। इस प्रस्तुति में कई वाद्ययंत्रों के साथ तालबद्ध तालियां और ''दमदम मस्त कलंदर'' जैसे भजन गाए जाएंगे, जिस पर नर्तक भारी घुंघरू पहनकर पारंपरिक नृत्य करेंगे।

# तमिलनाडु के श्रीपेरूम्बुदुर में कम्मा महानडु सम्मेलन आठ फरवरी को

एजेंसी

नई दिल्ली। तमिलनाडु के श्रीपेरूम्बुदुर में कम्मा महानडु सम्मेलन का आयोजन आठ फरवरी को किया जाएगा। इसकी घोषणा शुक्रवार को नई दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में कम्मा ग्लोबल फ़ेडरेशन (केजीएफ) के संस्थापक एवं अध्यक्ष जेट्टी कुसुमा कुमार ने की। इस अवसर पर फ़ेडरेशन के वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद रहे। जेट्टी कुसुमा कुमार ने कहा कि देशभर के समुदाय अपने हितों को सुरक्षित रखने और निरंतरना बनाए रखने के तरीके खोज रहे




हैं। हम अपनी मौजूदगी को सुरक्षित बनाने पर ध्यान दे रहे हैं, अपने योगदान को पहचान रहे हैं और अगली पीढ़ी को लीडरशिप भूमिकाओं के लिए तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु महानडु के लिए स्वाभाविक मेजबान है क्योंकि यहां भारत की सबसे बड़ी कम्मावर आबादी रहती है। एक अनुमान के अनुसार इनकी संख्या 65 लाख है। राज्य ने कई जानी-मानी हस्तियां दुनिया को दी हैं। जैसे बोलिनेनी मुनुस्वामी नायडू, जीडी नायडू, नारायण स्वामी नायडू, अरकत वीरा स्वामी नायडू और वायको-जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, सार्वजनिक जीवन, इनोवेशन एवं सामाजिक सुधारों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस क्षेत्र में लीडरां और साम्राज्यों का समृद्ध इतिहास रहा है, जिनमें वीरपंडया कट्टा ब्राह्मण, तिरूमाला नायकर, मंगम्मा और रावेला तथा पेम्मासानी साम्राज्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल हैदराबाद में विश्व कम्मा सम्मेलन का आयोजन हुआ, जो केजीएफ का पहला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन था। इसमें कई राज्यों एवं विदेशों के हजारों प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था। इसी संवेग को आगे बढ़ाते हुए श्रीपेरूम्बुदुर में आगामी कम्मा महानडु विचारों के आदान-प्रदान के लिए महत्वपूर्ण मंच होगा तथा कम्मा समुदाय के भविष्य को सशक्त बनाने में उल्लेखनीय योगदान देगा।

# पेज एक का शेष

## डिब्रूगढ़...

और ऑडिटोरियम की सुविधा उपलब्ध होगी।

कार्यक्रम की खास उपलब्धि के रूप में अमित शाह ने राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष के तहत 692 करोड़ रुपये की वेटलैंड (आर्द्रभूमि) बहाली पहल की भी शुरुआत की। इस परियोजना के तहत राज्य के नौ जिलों में स्थित 15 वेटलैंड्स को पुनर्जीवित किया जाएगा, जिससे जल धारण क्षमता बढ़ेगी, शहरी बाढ़ की समस्या कम होगी और ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन में बाढ़ प्रबंधन को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, सांसद, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी इस मौके पर मौजूद थे।

ज्ञात हो कि इस वेटलैंड पुनर्स्थापन कार्यक्रम से असम में बार-बार आने वाली बाढ़ के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण मदद मिलने की उम्मीद है। साथ ही यह पहल दीर्घकालिक पारिस्थितिक संतुलन और पर्यावरणीय लचीलापन बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को डिब्रूगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तीसरी बार असम में सत्ता में आती है, तो राज्य से एक-एक बांग्लादेशी घुसपैठिये को बाहर किया जाएगा। अपने संबोधन में अमित शाह ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने केवल अपने वोट बैंक की राजनीति के लिए असम को बांग्लादेशी घुसपैठियों की चरागाह बना दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान काजीरंगा जैसे संरक्षित क्षेत्रों और गुरुजन की पवित्र भूमि तक पर अवैध कब्जेदारों को बसने का साहस मिला।

गृह मंत्री ने कहा कि असम की जनसांख्यिकी में हो रहे बदलाव को रोकने के लिए भाजपा को दोबारा सत्ता में लाना बेहद जरूरी है। उन्होंने डिब्रूगढ़ में दूसरी राजधानी के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा द्वारा लिए गए निर्णय की सराहना की और असम की जनता की ओर से मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी दिया।

असम की चाय को लेकर अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम की चाय को पेरिस से लेकर बर्लिन तक वैश्विक पहचान दिलाई है। उन्होंने बताया कि यूरोपीय यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौते के बाद असम की चाय को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई ऊंचाइयां मिलेंगी और यूरोप में बिना किसी शुल्क के असम की चाय पहुंचेगी। इससे चाय उद्योग और चाय बागान श्रमिकों को बड़ा लाभ होगा।

कांग्रेस शासन पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि उनके लंबे शासनकाल में असम को केवल गोली, बम और युवाओं की मौत मिली। इसके विपरीत भाजपा के शासन में राज्य में शांति स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि आज असम में बम और गोलियों की आवाज नहीं, बल्कि भूपेन हजारिका (भूपेन दा) के गीत गूंजते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज़ादी के बाद दशकों तक शासन करने वाली कांग्रेस ने कभी असम के विकास के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा। भाजपा सरकार के कार्यकाल में असम में 27 हजार करोड़ रुपये का सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट आया, कई कैंसर अस्पताल स्थापित हुए और विकास के क्षेत्र में आज असम प्रधानमंत्री की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

इसके साथ ही गृह मंत्री ने 26 जनवरी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उत्तर-पूर्वी परिधानों के कथित अपमान को लेकर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम और असमिया अस्मिता के प्रतीक गमोछा तथा विभिन्न जनजातियों के पारंपरिक परिधानों को गर्व के साथ पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत करते हैं, जबकि राहुल गांधी असम और उत्तर-पूर्व की संस्कृति एवं परिधानों का सम्मान नहीं करते।

अमित शाह का यह भाषण आगामी चुनावों से पहले असम की राजनीति में एक मजबूत संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें घुसपैठ, अस्मिता, विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।

## ईयू-भारत...

बातचीत चल रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक बार अंतिम रूप देने के बाद यह व्यापार समझौता असम की चाय के लिए यूरोपीय बाजारों को खोल देगा, जिससे इसकी वैश्विक पहुंच और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। मोदी सरकार के तहत भारत की विदेश नीति का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि यूरोपीय संघ भारत के लिए एक भरोसेमंद व्यापार भागीदार के रूप में उभरा है, जो एक संतुलित वैश्विक व्यवस्था के साझा दृष्टिकोण को साझा करता है। उन्होंने कहा कि ईयू-भारत व्यापार समझौता न केवल निर्यातकों को लाभ पहुंचाएगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की रणनीतिक और आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करेगा।

असम के चाय श्रमिकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शाह ने बागान मजदूरों को राज्य को एक विशिष्ट पहचान देने और एक प्रमुख चाय उत्पादक के रूप में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में योगदान देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ''डिब्रूगढ़ को चाय की राजधानी के रूप में जाना जाता है, और यह बागान मजदूर ही हैं, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि असम की चाय की खुशबू पूरी दुनिया में फैले।'' उन्होंने कहा कि उनकी कड़ी मेहनत ने असम की चाय को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त वस्तु बना दिया है।

शाह ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा, यह दावा करते हुए कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले शासनों की तुलना में चाय बागान श्रमिकों के कल्याण के लिए अधिक काम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने चाय अधिनियम में संशोधन किया है ताकि बागान श्रमिकों को बेहतर अधिकार और स्वामित्व लाभ सुनिश्चित किया जा सके, जिससे उनकी आर्थिक सुरक्षा मजबूत हो।

अगले साल असम में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, शाह ने कहा कि भाजपा चाय बागान समुदायों को सशक्त बनाने और असम को एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। चाय बागान श्रमिक ऊपरी असम में, विशेष रूप से डिब्रूगढ़ जैसे जिलों में एक महत्वपूर्ण वोटिंग ब्लॉक बनाते हैं, और पारंपरिक रूप से कांग्रेस का गढ़ रहे हैं, हालांकि हाल के चुनावों में उनकी राजनीतिक निष्ठा में धीरे-धीरे बदलाव देखा गया है।

अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति के 'एट होम' रिसेप्शन में पेश किए गए पारंपरिक असमिया गमोछा को पहनने से इनकार करके पूर्वोत्तर का अपमान करने का आरोप लगाया। शाह ने दावा किया कि गमोछा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले गणमान्य व्यक्तियों को पेश किया था और सभी मेहमानों, जिसमें विदेशी प्रतिनिधि भी शामिल थे, ने इसे सम्मान के प्रतीक के रूप में पहना था।

शाह ने आरोप लगाया, ''राहुल गांधी एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने गमोछा पहनने से इनकार कर दिया,'' और कहा कि ऐसा करना पूर्वोत्तर की संस्कृति के प्रति अपमान है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ''राहुल गांधी जो चाहें कर सकते हैं, लेकिन जब तक भाजपा सत्ता में है, वह पूर्वोत्तर की संस्कृति का कोई अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।'' शाह ने कांग्रेस शासनकाल में असम के विकास की उपेक्षा करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि उनकी पार्टी ने असम को बंदूकें, गोलियां, संघर्ष और युवाओं की मौत के अलावा क्या दिया है।''

शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अवैध घुसपैठ को ''वोट बैंक की राजनीति के लिए हथियार'' के रूप में इस्तेमाल किया। यह दावा करते हुए कि भाजपा सरकार के तहत स्थिति बदल गई है, उन्होंने कहा, ''जब से भाजपा सत्ता में आई है, असम में कोई घुसपैठ नहीं हुई है। जो लोग अवैध रूप से देश में घुसे हैं, उनकी पहचान करके उन्हें वापस भेजा जाएगा।''

## आरसीएस ...

2.6 गुना वृद्धि उत्तर प्रदेश सिविल एविएशन के डायरेक्टर ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि योगी सरकार की नीतियों का असर यात्री आंकड़ों में भी साफ दिखाई देता है। वर्ष 2016 में प्रदेश में कुल 59.97 लाख हवाई यात्री थे। 2024 में यह संख्या 1.28 करोड़ से अधिक और 2025 तक यह संख्या बढ़कर 1.55 करोड़ से अधिक हो गई। बीते नौ वर्षों में प्रदेश में 9.98 प्रतिशत कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) से यात्री यातायात बढ़ा है, जो यह दर्शाता है कि हवाई यात्रा अब आम नागरिकों के लिए भी सुलभ होती जा रही है। यह 'उड़ान-उड़े देश का आम नागरिक' के मूल उद्देश्य को जमीन पर उतारने का प्रमाण है।

घरेलू उड़ानों से मजबूत हुआ क्षेत्रीय संपर्क

उन्होंने बताया कि प्रदेश में घरेलू उड़ानों की संख्या में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। 2016 में घरेलू यात्रियों की संख्या 52.30 लाख थी, जो 2024 में 1.16 करोड़ से अधिक और 2025 में 1.41 करोड़ से अधिक पहुंच गई। इससे न केवल व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिला, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए। इसी तरह, इंटरनेशनल पैसेंजर्स की संख्या जो 2016 में 7.66 लाख थी वो 2024 में 12.63 लाख से अधिक और 2025 में 13.37 लाख से अधिक पहुंच गई।

एयर कार्गो में पांच गुना उछाल, अर्थव्यवस्था को बल

योगी सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश एयर कार्गो के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ा है। 2016 में एयर कार्गो ट्रैफिक 5,895 मीट्रिक टन था, जो 2024 में 27,998 मीट्रिक टन और 2025 में बढ़कर 29,761 मीट्रिक टन हो गया। एयर कार्गो में इन 9 वर्षों में 17.58 प्रतिशत सीएजीआर से हुई वृद्धि ने प्रदेश को कृषि उत्पादों, एमएसएमई और निर्यात आधारित उद्योगों के लिए मजबूत प्लेटफॉर्म दिया है।

जेवर एयरपोर्ट और क्षेत्रीय हब की भूमिका

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (जेवर) सहित प्रदेश में विकसित हो रहे नए और क्षेत्रीय हवाई अड्डे उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख विमानन और लॉजिस्टिक्स हब बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर नागरिक तेज, सुरक्षित और सस्ती हवाई कनेक्टिविटी से जुड़े। 'मोस्ट प्रोएक्टिव स्टेट' का यह सम्मान योगी सरकार की इसी विकासोन्मुख सोच, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रभावी क्रियान्वयन की राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी मान्यता है, जो उत्तर प्रदेश को 'नए भारत' की उड़ान में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित कर रहा है।

## अजीत...

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएटीबी) ने दुर्घटना की जांच शुरू करते हुए ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया। इस महत्वपूर्ण उपकरण को डीकोड करने के बाद संभावित कारणों, जिनमें एयरोडायनामिक स्टॉल, इंजन फ़ेलियर, या खराब विजिबिलिटी के कारण पायलट की गलती शामिल है, उसका पता चलेगा।

## मनरेगा...

क्रांतिकारी अधिनियम था जो सितंबर 2005 को सर्वसम्मति से पारित हुआ था। इसको बनाने में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और राहुल गांधी का महत्वपूर्ण योगदान था। मनरेगा कानून संवैधानिक हक था, लोगों के पास रोजगार की कानूनी गारंटी थी। इस कानून से पंचायतें मजबूत हुईं। हर परिवार को पहली बार डीबीटी के माध्यम से पैसा पहुंचाया गया लेकिन ये कानून रद्द कर दिया गया, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं चाहते हैं कि महात्मा गांजी से जुड़ा हुआ ये कानून ज्यादा समय तक चले। वो नहीं चाहते हैं कि लोगों को उनका हक मिले।दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि देश के करोड़ों गरीबों के रोजगार और सम्मान की गारंटी है। कांग्रेस शासन में गरीबों को अपने गांव में रहकर इज्जत की रोटी कमाने का हक मिला था, जिससे ग्रामीण भारत का विकास हुआ लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इस व्यवस्था को चोट पहुंचाई। यह लड़ाई हर उस किसान और मजदूर की है जिसका हक छीना जा रहा है।कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जो सरकार देश के अन्नदाता और श्रमशक्ति का अपमान करती है वो सत्ता में ज्यादा दिनों तक नहीं रह सकती। कांग्रेस ने एलान किया कि जब तक सरकार मनरेगा को बहाल नहीं करती, आंदोलन जारी रहेगा।उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत-रोज़गार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी वीबीऽजी राम जी कानून लागू किया है, जिसमें सालभर में 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गयी है, जबकि मनरेगा में सिर्फ 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी।

## अजीत...

नहीं है लेकिन काम करना जरुरी है इसीलिए कल विधायकों की बैठक बुलाई गई है।

## भारतीय...

क्लीन एनर्जी महत्वाकांक्षाओं की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इसे विकसित करने वाली वैज्ञानिक डॉ. कविता पांडेय ने बताया कि इस डिवाइस में निकेल-कोबाल्ट ऑक्साइड नैनोवायर्स का इस्तेमाल किया गया है। ये नैनोवायर्स अत्यंत सूक्ष्म होते हुए भी एक छिद्रयुक्त और प्रवाहकीय त्रि-आयामी संरचना बनाते हैं, जो सूर्य के प्रकाश को प्रभावी रूप से अवशोषित कर विद्युत चार्ज को संग्रहित करती है। इस अनूठी संरचना के कारण यह सामग्री एक साथ सोलर एनर्जी हार्वेस्टर और सुपरकैपेसिटर इलेक्ट्रोड के रूप में काम करती है।

परीक्षणों के दौरान पाया गया कि प्रकाश में आने पर इस इलेक्ट्रोड की कैपेसिटेंस में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 10,000 चार्ज-डिस्चार्ज चक्रों के बाद भी डिवाइस ने 85 प्रतिशत क्षमता बनाए रखी, जो इसकी दीर्घकालिक स्थिरता को दर्शाता है।

डॉ कविता ने बताया कि वास्तविक उपयोग की संभावना को परखने के लिए एक असिमेट्रिक फोटो-सुपरकैपेसिटर भी तैयार किया, जिसने 1.2 वोल्ट का स्थिर आउटपुट प्रदान किया।

यह तकनीक पोर्टेबल, वेयरेबल और ऑफ-ग्रिड उपकरणों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकती है, खासकर उन दूरदराज़ क्षेत्रों में जहां बिजली की पहुंच सीमित है। इससे पारंपरिक बैटरियों और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और स्वच्छ, टिकाऊ ऊर्जा भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

भारत...

है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि भारत अतीत में भी निपाह वायरस के संक्रमण से निपटने की क्षमता का प्रदर्शन कर चुका है और इन मामलों में भी राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्वास्थ्य टीमें, सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए चिकित्सा के नज़रिए से उपयुक्त उपाय लागू कर रही हैं। डब्ल्यूएचओ ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए किसी तरह के यात्रा प्रतिबंधों की सिफ़ारिश नहीं की है।

उल्लेखनीय है कि भारत में निपाह वायरस के संक्रमण का यह सातवां दर्ज मामला है और पश्चिम बंगाल में तीसरा। इससे पहले सिलीगुड़ी में वर्ष 2001 में और वर्ष 2007 में नादिया में इस वायरस के संक्रमण के मामले दर्ज कि गए थे। प्रभावित ज़िले बांग्लादेश सीमा के निकट हैं। याद रहे कि बांग्लादेश में निपाह वायरस का संक्रमण लगभग हर साल दर्ज किया जाता है।

## उत्तर...

होने पर विभाग कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को सुदृढ़, पारदर्शी और रिजल्ट ओरिएंटेड वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना है। इसके लिए सभी विभाग समयबद्धता, गुणवत्ता, पारदर्शिता और डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में राज्य गारंटी पॉलिसी लागू की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अल्प-वेतनभोगी कर्मियों, जैसे आशा बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय हर माह तय तारीख को उनके बैंक खातों में पहुंच जाए। जिन योजनाओं में केंद्रांश मिलता है, वहां राज्य अपने मद से मानदेय समय पर जारी करे, ताकि किसी कर्मी को देरी न हो। यह व्यवस्था यथाशीघ्र लागू की जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश का एक लाख 10 हजार 555 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय देश में सबसे अधिक रहा। राज्य ने जितना शुद्ध लोक ऋण लिया, उससे भी ज्यादा राशि पूंजीगत कार्यो पर खर्च की, जो वित्तीय अनुशासन का मजबूत संकेत है। कुल व्यय का 9.39 फीसदी निवेश पर खर्च कर उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राजकोषीय घाटा, राजस्व घाटा और ऋण/जीएसडीपी अनुपात जैसे सभी संकेतक एफआरबीएम मानकों के अनुरूप रहे। वर्ष 2024-25 में राज्य की कुल देयताएं घटकर जीएसडीपी के 27 फीसदी पर आ गईं। नीति आयोग के अनुसार उत्तर प्रदेश का कंपोजिट फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2014 में 37 से बढ़कर 2023 में 45.9 हो गया है और राज्य फ्रंट रनर श्रेणी में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि आरबीआई की रिपोर्ट में भी राज्य का अपना कर राजस्व राष्ट्रीय हिस्सेदारी में 11.6% के साथ देश में दूसरे स्थान पर बताया गया है। विकास व्यय (जीएसडीपी अनुपात में) राष्ट्रीय औसत से लगातार अधिक रहा है और स्वास्थ्य व्यय में भी उत्तर प्रदेश प्रमुख राज्यों में शीर्ष पर है। वित्त विभाग ने पिछले तीन वर्षों में बजट, कोषागार और डिजिटल वित्तीय प्रशासन में ऑनलाइन बजट मॉड्यूल, वेंडर मैनेजमेंट सिस्टम, साइबर ट्रेज़री, पूरी तरह ऑनलाइन बिल प्रेषण, जीपीएफ अनियमितताओं की रोकथाम, वेतन बिलों का एजी को ऑनलाइन भेजना, डिजिलॉकर पर जीपीएफ स्लिप उपलब्ध कराना जैसे कई सुधार किए है। कोषागार सुधारों के तहत साइबर ट्रेजरी के माध्यम से खातों का पूर्णतः पेपरलेस प्रेषण अप्रैल 2026 तक पूरा हो जाएगा।

फर्म्स, सोसाइटी एवं चिट्स विभाग के नवाचारों के बारे में बताया गया कि विभाग ने अपनी सभी प्रमुख सेवाओं को डिजिटल किया है। पुराने अभिलेख डिजिटल हो रहे हैं। 'सादर' पोर्टल के माध्यम से जनता को अभिलेखों तक आसान पहुंच मिली है। वाद प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है और नीति आयोग के 'दर्पण' पोर्टल के साथ एकीकृत होने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य बन गया है। शासकीय भवनों के अनुरक्षण व्यवस्था पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुबंधों में एकरूपता का अभाव है। सड़क निर्माण की तर्ज पर सभी नए भवनों में पांच वर्ष का भुगतान-आधारित अनुरक्षण अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने पुराने भवनों के अनुरक्षण के लिए कॉर्पस फंड बनाने की आवश्यकता बताई।

निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि भवन, सड़क, सेतु, सीवर लाइन और जलापूर्ति पाइपलाइन जैसी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट आईआईटी, एनआईटी और राज्य/सरकारी तकनीकी संस्थानों से कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने वित्तीय अनुशासन, पूंजीगत व्यय और राजस्व संवर्धन में देश में नया मानक स्थापित किया है। अब लक्ष्य यह है कि खर्च की गुणवत्ता और डिजिटल पारदर्शिता को और मजबूत करते हुए प्रदेश को भारत का सबसे सक्षम और विश्वसनीय वित्तीय प्रशासन वाला राज्य बनाया जाए।

## मुख्यमंत्री...

श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने पार्क स्ट्रीट इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब-स्टेशन का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री गुप्ता ने आज पार्क स्ट्रीट इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब-स्टेशन (आरएसएस) का उद्घाटन किया। यह इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब-स्टेशन प्रमुख मेट्रो कॉरिडोर्स में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन राजधानी में निरंतर विश्वस्तरीय पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कैंपस में पौधरोपण करते हुए यह संकल्प भी दोहराया कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चलें। इस अवसर पर दिल्ली मेट्रो के अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पार्क स्ट्रीट आरएसएस का निर्माण मूल रूप से 2010 में दिल्ली मेट्रो के दूसरे चरण के दौरान डीएमआरसी एयरपोर्ट लाइन और लाइन-6



(वायलेट लाइन) को बिजली आपूर्ति करने के लिए किया गया था। 2021-22 के दौरान, सेंट्रल विस्टा परियोजना के निर्माण को सुगम बनाने के लिए इसको आरएसएस पर स्थानांतरित कर दिया गया। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा उपलब्ध कराई गई वैकल्पिक भूमि पर एक नए आरएसएस का पुनर्निर्माण 2023 में शुरू हुआ, जो दिसंबर 2025 में पूरा हुआ, जिसमें इंद्रप्रस्थ से आरके आश्रम मार्ग तक सेंट्रल-विस्टा मेट्रो लाइन की बिजली आवश्यकता का उचित ध्यान रखा गया। सभी प्रमुख मौजूदा विद्युत उपकरणों को पुनः स्थापित करके चालू कर दिया गया है, जिनमें 66 केवी पावर ट्रांसफार्मर, 66 केवी जीआईएस पैनल, 33 केवी पैनल और 25 केवी जीआईएस पैनल शामिल हैं। नया संयुक्त आरएसएस एयरपोर्ट लाइन और लाइन-6 की मेट्रो ट्रेनों और स्टेशनों को बिजली की आपूर्ति करेगा। इसके अलावा, आगामी सेंट्रल विस्टा मेट्रो लाइन (इंद्रप्रस्थ से आरके आश्रम मार्ग तक) के चरण-5ए विस्तार परियोजना के अंतर्गत कर्षण विद्युत आवश्यकताओं के लिए अतिरिक्त 25 केवी फीडर प्रदान किए गए हैं। नई आरएसएस सुविधा का निर्माण नवीनतम मानकों के अनुसार किया गया है, जिसमें उन्नत सबस्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम, ऊर्जा-कुशल वीआरएफ (वेरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो) एयर कंडीशनिंग और एलईडी लाइटिंग शामिल हैं। उन्नत सुरक्षा उपायों में ट्रांसफार्मर की सुरक्षा के लिए स्वचालित अग्नि सुरक्षा प्रणाली और विद्युत पैनल शामिल हैं, जिनमें परिचालन विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से एड्रेसेबल फायर अलार्म सिस्टम भी है।

# विजेंद्र गुप्ता ने गांधीजी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर विधानसभा परिसर में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महात्मा गांधी के स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान का स्मरण करते हुए गुप्ता ने कहा कि गांधीजी का जीवन और उनका बलिदान आज भी राष्ट्र की लोकतांत्रिक चेतना और सामूहिक अंतरात्मा का मार्गदर्शन करता है। इस अवसर पर विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, विधानसभा के सदस्य तथा दिल्ली विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि गांधीजी को नमन करते हैं, जिनके बलिदान ने भारत की स्वतंत्रता को सत्य, अहिंसा और निःस्वार्थ सेवा के उच्चतम आदर्शों से पवित्र किया। उनका जीवन हमें



सिखाता है कि नैतिक बल और आचारिक शुचिता ही स्थायी सुशासन और राष्ट्रीय एकता की सुदृढ़ नींव हैं। दिल्ली विधानसभा भवन की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि गांधीजी के विचारों और आंदोलनों ने भारत की संसदीय लोकतांत्रिक परंपराओं को गहराई से प्रभावित किया। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सत्य और अहिंसा का मार्ग एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समरस भारत के निर्माण के लिए आज भी अत्यंत आवश्यक है। आज महात्मा गांधी को स्मरण करते हुए हम यह संकल्प लेते हैं कि उनके द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप ईमानदारी, पारदर्शिता और निःस्वार्थ सेवा की भावना के साथ राष्ट्र की सेवा करेंगे।

# जिले में 3.70 करोड़ की लागत से बनेंगे लाइब्रेरी, स्कूल और सीसीटीवी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। भागलपुर में पहली बार जिला प्रशासन और एनटीपीसी कहलगांव प्रबंधन के बीच कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी यानी सीएसआर को लेकर समझौता हुआ है। इस एमओयू के तहत करीब 3 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से एक सरकारी लाइब्रेरी का निर्माण, 10 सरकारी विद्यालयों के विकास और शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने पर सहमति बनी है। एमओयू कार्यक्रम में भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और एनटीपीसी कहलगांव के हेड ऑफ प्रोजेक्ट रविंद्र पटेल समेत एनटीपीसी और जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि एनटीपीसी प्रबंधन का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने भविष्य में भी अस्पतालों और स्कूलों के लिए सीएसआर फंड उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। वहीं एनटीपीसी कहलगांव के हेड ऑफ प्रोजेक्ट रविंद्र पटेल ने बताया कि एमओयू से जुड़े कार्यों की शुरुआत जल्द की जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि बिहार समेत 400 किलोमीटर के दायरे में किसानों के खेतों से पराली खरीदने का लक्ष्य तय किया गया है। बायोमास फायरिंग के तहत करीब 6 लाख टन पराली खरीद का टारगेट रखा गया है। जिससे किसानों को आर्थिक लाभ होगा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। यह एमओयू भागलपुर के विकास, किसानों के हित और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने भूमाफियाओं को दी सख्त चेतावनी, कहा-किसी से डरते नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि वो किसी से डरते नहीं है। राजस्व विभाग के द्वारा जो भी फैसला लिया जा रहा है वो जनता के हित के लिए लिया जा रहा है। शहादत दिवस पर शुक्रवार को पटना के एनआईटी घाट में आयोजित राजकीय समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री विजय सिन्हा ने कहा राजनीति में वह अटल बिहारी वाजपेयी के उस विचार को मानते हैं कि ल्लजो कफन बांधकर निकलता है, उसे कोई पराजित नहीं कर सकता।ङ्क उन्होंने कहा हम कफन बांधकर चलते हैं, हमें किसी का डर नहीं है। हमने अपना पहला चुनाव ही अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ लड़ा था। उन्होंने कहा कि भूमि से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार की कार्रवाई




लगातार जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे अधिकारी हों, बिचौलिये हों या दलाल जो भी गलत काम में शामिल होंगे उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। गरीबों को इंसाफ दिलाना हमारा कर्तव्य है और जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है, उसे पूरी ईमानदारी से निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्वास पर खरा उतरना ही उनका लक्ष्य है।

जनता के हित में जो सही होगा, उसे कानून और नियम के तहत किया जाएगा और किसी भी दबाव में पीछे नहीं हटेंगे। उपमुख्यमंत्री ने दलालों और भूमाफियाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि अब होशियार हो जाएं, जो लोग बिहार में बदलाव चाहते हैं, गरीबों के आंसू पोंछना चाहते हैं और महिलाओं व बच्चों के दर्द को समझते हैं, वे भूमि सुधार और जनसंवाद जैसे कदमों का विरोध नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बिना अनुमति सरकारी कार्य में हस्तक्षेप कर सीओ के पक्ष में बोलने आए थे, जिन्हें चेतावनी दी गई है। सरकारी काम में बाधा डालने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महात्मा गांधी के संदेशों को अपने जीवन में उतार रहे हैं और 21वीं सदी में जाति-विहीन समाज के निर्माण के संकल्प के साथ 'सबका साथ, सबका विकास और न्याय के साथ विकास' के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने आज़ादी की लड़ाई में योगदान देने वाले सभी महापुरुषों को नमन किया।

## दिल्ली सरकार ने जल बोर्ड की एलपीएससी माफी योजना अवधि 15 अगस्त तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड की लेट पेमेंट सरचार्ज (एलपीएससी) माफी योजना को 15 अगस्त तक बढ़ाने की घोषणा की है। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग अपने पानी के बिलों का भुगतान करना चाहते हैं लेकिन पिछली सरकार लोगों को डराने के लिए छोटे-छोटे घरों को भी लाखों के पानी के बिल भेजे और चुनाव के दौरान उन बिलों को माफ करने के नाम पर झूठ बोला गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों की शिकायतों और अनुरोधों पर विचार करते हुए एलपीएससी योजना को 15 अगस्त तक बढ़ाने का फैसला लिया है। यह योजना पहली और आखिरी बार बढ़ाई जा रही है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि पूरी व्यवस्था को नवीनतम रखने के लिए सभी व्यक्तियों का केवाईसी सत्यापन भी कराया जा रहा है। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि प्रत्येक उपभोक्ता की जानकारी, जिसमें उनका मोबाइल नंबर और घर का पता शामिल है, सटीक हो।

## कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता समारोह में समाज से भेदभाव खत्म करने का आह्वान

कटिहार। सदर अस्पताल परिसर में स्थित एएनएम स्कूल के सभागार में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग से होने वाली दिव्यांगता के कारण और निवारण के प्रति समाज को जागरूक करना और प्रभावित व्यक्तियों को सम्मान देना था। सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नारायण सिंह ने कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षणों पर प्रकाश डाला और समय पर पहचान और उपचार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि शरीर के किसी भी भाग पर ऐसे दाग या धब्बे, जिनमें दर्द या खुजली महसूस न होती हो, कुष्ठ रोग के प्रारंभिक संकेत हो सकते हैं। विशिष्ट अतिथियों में प्रांत सेवा प्रमुख (राज्य स्वयंसेवक संघ, उत्तर बिहार) राजा राम और बिहार राज्य सलाहकार बोर्ड सदस्य (समाज कल्याण विभाग) शिव शंकर रमानी ने भी अपने विचार रखे।

# बीएलओ आउटरीच अभियान के पहले चरण में 75 फीसदी मतदाताओं की मैपिंग पूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में प्री-एसआईआर गतिविधियों के तहत बीएलओ आउटरीच अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के पहले चरण में प्रदेश के 75 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी कर ली गई है। यह जानकारी अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया मीडिया सेंटर में पत्रकारों से दी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. जोगदंडे ने बताया कि प्रदेश के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ, ईआरओ सहित पूरी निर्वाचन मशीनरी की ओर से मतदाताओं तक पहुंच, समन्वय और संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा




रहा है। पहले चरण में मतदाता मैपिंग का कार्य उत्साहपूर्वक संपन्न किया गया है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीएलओ आउटरीच अभियान का दूसरा चरण 1 फरवरी से प्रारंभ किया जाएगा, जो 15 फरवरी 2026 तक चलेगा। इस चरण में युवा एवं महिला मतदाताओं की मैपिंग पर विशेष फोकस रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्री एसआईआर फ़ेज के अंतर्गत प्रदेश की वर्तमान मतदाता सूची की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की जा रही है। मतदाताओं की सुविधा के लिए वर्ष 2003 की मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है, जहां मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र, नाम, पिता/पति के नाम के आधार पर मतदाता क्रमांक एवं बूथ संख्या की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त गली, मोहल्ला एवं क्षेत्र के नाम से भी खोज की सुविधा उपलब्ध है। इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने का आग्रह किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 12,070 बीएलए की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने राजनैतिक दलों से शत-प्रतिशत बीएलए नियुक्त करने की अपील की है।

# ट्रेड फ़ेयर का शुभारंभ, 60 स्टॉलों में दिखेगा स्वदेशी उद्यम का हुनर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड मैदान में शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय से निबंधित डुमरामा खादी ग्राम उद्योग संघ के तत्वावधान में डीकेजीएस एमएसएमई ट्रेड फ़ेयर 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का विधिवत उद्घाटन भागलपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष शाह, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विजय शाह, मंजूषा गुरु मनोज पंडित तथा डुमरामा खादी ग्राम उद्योग संघ के संचालक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। मंच पर सम्मानित अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र और मंजूषा पेंटिंग देकर किया गया। उद्घाटन के बाद नगर विधायक रोहित पांडे ने मेले में लगे विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और स्थानीय उद्यमियों, बुनकरों एवं महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना की। मेले में कुल 60 स्टाल लगाए गए हैं, जहां खादी, हस्तशिल्प, हथकरघा, ग्रामीण उद्योगों के उत्पादों के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल वस्तुओं का प्रदर्शन और बिक्री की जा रही है। डुमरामा खादी ग्राम उद्योग संघ के कोषाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि यह संस्था पिछले 10 वर्षों से बुनकरों और महिला उद्यमियों के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। संस्था न केवल छोटे-छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहित करती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के ट्रेड फ़ेयर से स्थानीय उत्पादों को बाजार मिलता है।

# स्मृति पार्क राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की प्रेरणा: गणेश जोशी

■ वीर स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय स्मृति पार्क का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राज्य के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को जैंतनवाला क्षेत्र में मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के बनाए गए वीर स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय स्मृति पार्क का उद्घाटन किया और पार्क में लगी अभिमन्यु की प्रतिमा का अनावरण किया। मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र में 17.47 लाख से निर्मित पार्क में स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय की प्रतिमा का अनावरण कर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह स्मृति पार्क पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की प्रेरणा देगा। स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय का जीवन देशभक्ति, शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा का प्रेरक




उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीद आश्रितों, पूर्व सैनिकों और सेवानिवृत्त सैनिकों के कल्याण के लिए लगातार योजनाएं चला रही है। सीमा पर वीरगति प्राप्त जवानों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि देहरादून में निर्माणाधीन भव्य सैन्य धाम का लोकार्पण भी शीघ्र किया जाएगा। इस मौके पर मंत्री जोशी ने जैंतनवाला में 26.99 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स से सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया। इसके अलावा मंत्री जोशी ने ग्राम पंचायत हरियावाला खुर्द, जैंतनवाला ग्रीन लॉन कॉलोनी में 2 किलोमीटर नाली और सड़क निर्माण कार्य की भी घोषणा की। इस अवसर पर ले.जनरल एके सिंह, जर जनरल एम.एल.असवाल, बलिदानी के पिता ग्रुप कैप्टन अमिताभ राय,माता चित्रलेखा राय,दादी मालती राय,एमडीडीए अभियंता अतुल गुप्ता,ग्राम प्रधान मंजू पंवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता समारोह में समाज से भेदभाव खत्म करने का आह्वान

कटिहार। सदर अस्पताल परिसर में स्थित एएनएम स्कूल के सभागार में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग से होने वाली दिव्यांगता के कारण और निवारण के प्रति समाज को जागरूक करना और प्रभावित व्यक्तियों को सम्मान देना था। सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नारायण सिंह ने कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षणों पर प्रकाश डाला और समय पर पहचान और उपचार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि शरीर के किसी भी भाग पर ऐसे दाग या धब्बे, जिनमें दर्द या खुजली महसूस न होती हो, कुष्ठ रोग के प्रारंभिक संकेत हो सकते हैं। विशिष्ट अतिथियों में प्रांत सेवा प्रमुख (राज्य स्वयंसेवक संघ, उत्तर बिहार) राजा राम और बिहार राज्य सलाहकार बोर्ड सदस्य (समाज कल्याण विभाग) शिव शंकर रमानी ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने समाज में कुष्ठ रोगियों के प्रति भेदभाव खत्म करने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने पर बल दिया। रामानी ने बताया कि बिहार सरकार के निर्देश पर 11 फरवरी को कुष्ठ रोगियों के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनाया जाएगा।

## लोकार्पण के बाद मिटाया पार्क से स्व. जुवांठा का नाम, उठे सवाल

उत्तरकाशी। पुरोला नगर में हफ्तेभर पहले नगर पालिका अध्यक्ष बिहारी लाल शाह द्वारा विधिवत लोकार्पित किए गए पार्क को लेकर अब विवाद खड़ा होत दिख रहा है। इस पार्क का नाम 'रवांई घाटी के गौरव एवं पूर्व पर्वतीय विकास के प्रतीक स्वर्गीय बर्फिया लाल जुवांठा' के नाम पर रखा गया था, लेकिन लोकार्पण के महज एक सप्ताह के भीतर ही पार्क के बोर्ड से उनका नाम मिटा दिया गया। यह घटना सामने आने के बाद नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर किस उद्देश्य से और किसके निर्देश पर एक स्थापित नाम को इतनी जल्दी हटाया गया। यह कदम न केवल राजनीतिक दुर्भावना की ओर इशारा करता है, बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग और जनभावनाओं से खिलवाड़ का भी गंभीर मामला बनता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पार्क के नामकरण के लिए सरकारी प्रक्रिया के तहत बोर्ड लगाया गया था। ऐसे में लोकार्पण के तुरंत बाद नाम हटाया जाना कई सवाल खड़े करता है। लोगों का कहना है कि यदि नाम पर आपत्ति थी, तो वह लोकार्पण से पहले उठाई जानी चाहिए थी। आज सुबह जब नगरवासी पार्क में टहलने पहुंचे, तो उन्होंने बोर्ड से नाम मिटा हुआ देखा। इस पर लोगों ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए पहाड़ संदेश न्यूज नेटवर्क को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह रवांई घाटी के एक सम्मानित व्यक्तित्व की स्मृति के साथ सीधा खिलवाड़ है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर स्वर्गीय बर्फिया लाल जुवांठा के नाम से किसे और क्यों समस्या थी? क्या यह मामला आपसी राजनीति का है, या फिर इसके पीछे कोई और कारण छिपा है? फिलहाल इस संबंध में नगर पालिका या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063